इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

शुक्ला मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
- डायलिसिस सुविधा उपलब्ध
- प्रोस्टेट एवं पथरी का इलाज दूरबिन पद्धति द्वारा
- आयुष्मान कार्ड द्वारा निः शुल्क ईलाज
बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.) मो.नं.- 9301033013

वर्ष- 43 अंक -289 राजनांदगांव, शनिवार 07 सितंबर 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## जम्मू-कश्मीर चुनाव, बीजेपी का घोषणा पत्र जारी 5 लाख रोजगार, हर साल 2 फ्री सिलेंडर देने का वादा

श्रीनगर। भाजपा ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कॉलेज छात्रों को हर साल 3 हजार रुपए यातायात भत्ता दिया जाएगा। 10वीं क्लास में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को टेबलेट और लैपटॉप मिलेगा। उन्होंने कहा, 5 लाख रोजगार दिए जाएंगे। उज्जवला योजना के लाभार्थियों को हर साल 2 फ्री एलपीजी सिलेंडर दिया जाएगा।

अटल आवास योजना के जरिए भूमिहीन लोगों को 5 मरला (एक बीघा) जमीन मुफ्त दी जाएगी। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा की 90 सीटें हैं, जिनमें से 47 घाटी में और 43 जम्मू संभाग में हैं। प्रदेश में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को तीन फेज में चुनाव होने हैं। नतीजे 8 अक्टूबर को आएंगे।

### गृह मंत्री ने कहा- 370 हटने नहीं देंगे

शाह ने कहा, जम्मू-कश्मीर भारत का है, था और रहेगा। 10 साल में राज्य का विकास हुआ है और रहा है। आज धारा 370 और 35 (ए) बीते दौरे की बात बन गई है। अब ये हमारे संविधान का हिस्सा नहीं है। ये सब पीएम नरेंद्र मोदी के ताकतवर फैसले से हुआ। धारा 370 इतिहास




### शाह बोले- 370 की वापसी कभी नहीं होगी

बन गई है। हम इसे कभी आने नहीं देंगे।

### बीजेपी के संकल्प पत्र की 9 बड़ी बातें

महिलाओं के लिए- उज्जवला योजना के लाभार्थियों को हर साल 2 फ्री एलपीजी सिलेंडर। मां सम्मान योजना के जरिए हर एक परिवार की सबसे सीनियर महिला को 18 हजार रुपए सालाना की आर्थिक सहायता। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### 2014 में हुए थे आखिरी विधानसभा चुनाव

जम्मू-कश्मीर में आखिरी बार 2014 में विधानसभा चुनाव हुए थे। तब बीजेपी और पीडीपी ने गठबंधन सरकार बनाई थी। 2018 में गठबंधन टूटने के बाद सरकार गिर गई थी। इसके बाद राज्य में 6 महीने तक राज्यपाल शासन (उस समय जम्मू-कश्मीर संविधान के अनुसार) रहा। इसके बाद राष्ट्रपति शासन लागू हो गया। राष्ट्रपति शासन के बीच ही 2019 के लोकसभा चुनाव हुए, जिसमें बीजेपी भारी बहुमत के साथ केंद्र में लौटी। इसके बाद 5 अगस्त 2019 को बीजेपी सरकार ने आर्टिकल-370 खत्म करके राज्य को दो केंद्र-शासित प्रदेशों (जम्मू-कश्मीर और लद्दाख) में बांट दिया था। इस तरह जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने सोमवार को कैंडिडेट्स की 3 लिस्ट जारी की। पहली लिस्ट सुबह 10 बजे आई। इसमें 3 फेज के 44 कैंडिडेट्स के नाम थे, लेकिन इसे थोड़ी ही देर में डिलीट कर दिया गया। पहली लिस्ट के आते ही जम्मू भाजपा दफ्तर में कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन शुरू हो गया।

## हरियाणा में आप-कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग पर सहमति नहीं: 50 सीटों पर अकेले लड़ेगी आप

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन पर विचार कर रही थी। हालांकि, सूत्रों की माने तो आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन को लेकर बात नहीं बन पाई है। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन पर बात नहीं बनने के पीछे दो बड़े



### सपा का विधानसभा चुनाव लड़ने से इनकार

पटेल इलेक्ट्रिकल्स एंड सोलर
PATEL ELECTRICALS & SOLAR
हमारी सेवाएं
रेजिडेंशियल
कमर्शियल
होटल, हॉस्पिटल
पेट्रोल पम्प
सभी जगहों में सोलर रूफटॉप लगाया जाता है
सब्सिडी एवं फाइनेंस सुविधाएं उपलब्ध
अब दिल नहीं बिजली बिल छोटा कीजिये
8889999485, 9201681616
मोतीनाथ मंदिर भरकापारा
राजनांदगांव 491441

कारण बताए जा रहे हैं। पहला ये कि आप ने कांग्रेस से सात सीटें मांगी थी, लेकिन कांग्रेस सिर्फ तीन-चार सीट देने की बात कह रही थी। वहीं, दूसरा सबसे बड़ा कारण ये बताया जा रहा है कि कांग्रेस आप को शहरी क्षेत्रों में सीटे ऑफर कर रही थी और आप यह नहीं चाहती थी। हालांकि, अभी तक आधिकारिक तौर पर इसको लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

### आप में शामिल हो सकते हैं कांग्रेस-भाजपा के कई नेता

कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के कई नाराज नेता आम आदमी पार्टी में शामिल हो सकते हैं। रविवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 के लिए आप अपनी पहली लिस्ट जारी कर सकती है। बता दें कि हरियाणा में आप ने चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है।

पंजाब के मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को कलायत में पार्टी के बदलाव जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर हमला किया।

### भाजपा में जारी है भागदौड़

भाजपा की टिकट लिस्ट जारी होने के बाद से पार्टी के अंदर भगदड़ मच गई है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राज्यपाल बोस ने राष्ट्रपति के पास भेजा अपराजिता विधेयक, ममता ने मंजूरी न दिए जाने पर दी थी धमकी



कोलकाता। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ दरिंदगी के बाद पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार की तरफ से लाए गए अपराजिता विधेयक को राज्यपाल की तरफ से राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेज दिया है। मामले में राजभवन के मीडिया सेल की तरफ से सोशल मीडिया एक्स पर किए गए एक पोस्ट में लिखा गया है कि पश्चिम बंगाल सरकार से अनिवार्य तकनीकी रिपोर्ट प्राप्त होने पर राज्यपाल ने अपराजिता विधेयक को भारत के राष्ट्रपति के विचारार्थ भेजा है।

### राजभवन ने विधानसभा सचिवालय से जताई नाराजगी

इसके साथ ही राजभवन ने राज्य विधानसभा सचिवालय की तरफ से नियमों के तहत बहस का पाठ और उसका अनुवाद उपलब्ध कराने में विफलता पर अपनी नाराजगी भी जताई है। बता दें कि तीखी बहस, आपसी आरोप-प्रत्यारोप, राजनीतिक धमकियों और अल्टीमेटम के अंत में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्यपाल की तरफ से विधेयक को मंजूरी न दिए जाने पर राजभवन के बाहर धरना देने की धमकी दी थी।

जिस पर राज्यपाल ने मुख्यमंत्री के धमकाने वाले रुख पर नाराजगी जताई और सरकार को कानूनी और संवैधानिक मर्यादाओं का पालन करने में विफल रहने के लिए फटकार लगाई है।

### मुख्य सचिव ने दिन में राज्यपाल से की थी मुलाकात

राजभवन मीडिया सेल के पोस्ट के अनुसार, आज मुख्य सचिव ने दिन में राज्यपाल से मुलाकात की। दोपहर में सरकार की तरफ से अनिवार्य तकनीकी रिपोर्ट राज्यपाल को उपलब्ध कराई गई। राज्यपाल ने विधेयक को भारत के राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रख लिया है। अब पश्चिम बंगाल विधेयक महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और अरुणाचल प्रदेश से राष्ट्रपति के पास लंबित इसी तरह के अन्य विधेयकों की कतार में शामिल हो जाएगा।

### जल्दबाजी में काम न करें और आराम से पछताएं

वहीं राज्यपाल ने जल्दबाजी में पारित विधेयक में चूक और कमियों की ओर इशारा किया। उन्होंने सरकार को चेतावनी दी, जल्दबाजी में काम न करें और आराम से पछताएं। राज्यपाल ने कहा कि लोग विधेयक के लागू होने तक इंतजार नहीं कर सकते। वे न्याय चाहते हैं और उन्हें मौजूदा कानून के दायरे में न्याय मिलना चाहिए। सरकार को प्रभावी तरीके से काम करना चाहिए, लोगों को न्याय मिलना चाहिए। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## चीन-पाकिस्तान खबरदार! भारत की तीनों सेनाओं की ताकत का होगा मिलन, देश में बनेगा सुरक्षा का चक्रव्यूह

नई दिल्ली। देश में तीनों सेनाओं के बीच तालमेल को और बेहतर बनाने के लिए मोदी सरकार 'इंटीग्रेटेड थिएटर कमांड' बनाने पर जोर दे रही है। थिएटर कमांड का मतलब है कि किसी भी सीमा पर जमीन से लेकर आसमान तक सारे फैसले एक ही कमांडर लेंगे, यानी थल, वायु और नौसेना के लिए एक ही कमांडर होगा।



### जवानों को जंग के लिए तैयार रहने की जरूरत : रक्षा मंत्री

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना के तीनों अंगों थलसेना, नौसेना और वायु सेना के शीर्ष कमांडरों को संबोधित करते हुए कहा कि शांति बनाए रखने के वास्ते सेना के जवानों को जंग के लिए तैयार रहने की जरूरत है। उन्होंने रूस-यूक्रेन और युद्ध बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि सेना को किसी भी विकट परिस्थिति से लड़ने के लिए तैयार रहने की जरूरत है।

बता दें कि थिएटर कमांड का मसौदा पूरी तरह तैयार है, बस सरकार की मंजूरी का इंतजार है। हर कमांड की लीडरशिप आर्मी, एयर फोर्स या नेवी के थ्री स्टार अफसर करेंगे और सभी थिएटर कमांड की अगुवाई चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ करेंगे।

सेना प्रमुख जनरल अनिल चौहान ने चीन, पाकिस्तान और हिंद महासागर क्षेत्र के लिए अलग-अलग कमांड और कंट्रोल सिस्टम के साथ एक खाका तैयार किया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### बनेंगे देश में तीन कमान

कुल 3 इंटीग्रेटेड थियेटर कमान यानि आईटीसी बनेंगी। वहीं, हर कमान को एक सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी जाएगी।

0 एक कमान पाकिस्तान के लिए, एक चीन की सीमा के लिए और एक समुद्र की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी जाएगी।

0 पहली कमान दक्षिण-पश्चिम आईटीसी होगी जो पाकिस्तान की सीमा की जिम्मेदारी लेगी।

0 कच्छ के रण से लेकर लद्दाख तक की पाकिस्तानी सीमा की जिम्मेदारी इसी कमान की होगी।

0 चीन की सीमा के लिए एक उत्तरी इंटीग्रेटेड थियेटर कमान बनेगी, जिसका मुख्यालय लखनऊ होगा।

0 लखनऊ इस समय भारतीय सेना की सेंट्रल कमान का मुख्यालय है, जिसे बदलकर थियेटर कमान बना दिया जाएगा।

0 लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक की पूरी चीनी सीमा की जिम्मेदारी इसी कमान की होगी।

0 तीसरी कमान समुद्री सुरक्षा के लिए बनाई जाएगी, जिसका मुख्यालय तिरुवनंतपुरम में होगा।

## पत्रकारों से सूत्र पूछने का अधिकार नहीं है-सीजेआई




नई दिल्ली। देश के सर्वोच्च न्यायालय ने एक बार फिर पुलिस प्रशासन एवं प्रशासनिक अधिकारियों को जमकर निशाना साधा और चेतावनी भी दी। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूर्ण की बेंच ने कहा कि संविधान के आर्टिकल 19 और 22 के तहत पत्रकारों के मूल अधिकारों की स्वतंत्रता के खिलाफ पुलिस किसी भी पत्रकार के सूत्र नहीं पूछ सकती है और न ही न्यायालय तब तक, जब तक कि पत्रकारों के खिलाफ बिना जांच और पुख्ता सबूत के दर्ज मुकदमे और गवाही की जांच नहीं हो जाती है।

आजकल देखा जा रहा है कि पुलिस पत्रकारों की स्वतंत्रता हनन कर रही है, क्योंकि अधिकतर मामले में पुलिस खुद को श्रेष्ठ बनाने के लिए ऐसा करती है, जिस संबंध में उच्च न्यायालय ने अब अपने कड़े रुख दिखाने पर कहा है अगर पुलिस ऐसा करती पाई जाती है तो फिर कोर्ट की अवमानना का मुकदमा दर्ज किया जा सकता है।

## नई आबकारी नीति पर हाईकोर्ट का फैसला : चुनौती देने वाली याचिका खारिज, कहा राज्य शासन को आबकारी नीति बनाने का पूरा अधिकार

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने राज्य की आबकारी नीति को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। डिवीजन बेंच ने अपने फैसले में कहा है कि, राज्य सरकार को अपनी आबकारी नीति बनाने का पूर्ण अधिकार है। इसे चुनौती नहीं दी जा सकती।



दरअसल प्रदेश में शराब की दुकानों का संचालन और वितरण पहले 10 कंपनियों को दिया गया था। जिसे राज्य सरकार ने अपनी आबकारी नीति में बदलाव करते हुए स्वयं के नियंत्रण में ले लिया। जिसके बाद राज्य सरकार ने कंपनियों से जमा की गई राशि वापस लौटा दी है। साथ ही कंपनियों के लाइसेंस रद्द कर दिया है। जिसे चुनौती देते हुए नार्थ ईस्ट फीड एंड एग्रो एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

### राज्य शासन को आबकारी नीति बनाने का अधिकार

मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच में हुई। राज्य शासन की ओर से महाधिवक्ता के जवाब सुनने के बाद हाई कोर्ट ने राज्य शासन की नई आबकारी नीति को सही ठहराते हुए कंपनी की याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया है कि राज्य शासन को अपनी आबकारी नीति बनाने का पूरा अधिकार है।

### बेवरेज कॉरपोरेशन को मिली शराब खरीदी की जिम्मेदारी

पहले विदेशी शराब की खरीदी लाइसेंसधारियों के माध्यम से की होती थी। इस व्यवस्था को समाप्त करने के साथ ही सरकार ने छत्तीसगढ़ बेवरेज कॉरपोरेशन को विदेशी शराब की खरीद की जिम्मेदारी सौंपी है। साथ ही विदेशी शराब के थोक बिक्री और रखरखाव के लिए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## माइनिंग घोटाला: एपी त्रिपाठी की जमानत खारिज, आरोपियों की रिमांड तीन माह के लिए बढ़ाई

रायपुर। शराब घोटाला तथा माइनिंग घोटाला को लेकर गुरुवार को स्पेशल कोर्ट में सुनवाई की गई। शराब घोटाला मामले में आबकारी विभाग के विशेष सचिव रहे एपी त्रिपाठी की ईडी की स्पेशल कोर्ट ने जमानत खारिज कर दी। शराब घोटाला मामले में ईओडब्लू द्वारा गिरफ्तार किए गए पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा की स्पेशल कोर्ट ने न्यायिक रिमांड अवधि 13 दिनों तक बढ़ाने का आदेश जारी किया है।

एपी त्रिपाठी ने शराब घोटाला मामले में अपनी संलिप्तता से इनकार करते हुए घोटाला में किसी भी तरह की भूमिका होने से इनकार करने के साथ अपनी बीमारी का हवाला देकर कोर्ट में जमानत



आवेदन पेश किया था। अभियोजन पक्ष ने इसका विरोध करते हुए कोर्ट को बताया कि प्रकरण की जांच के दौरान शराब घोटाले में महत्वपूर्ण भूमिका मिली है। संलिप्ता के इनपुट मिलने पर गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जमानत नहीं दिए जाने का अनुरोध किया। विशेष न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद जमानत को खारिज कर दिया।

### इनकी रिमांड तीन माह तक बढ़ाई गई

माइनिंग घोटाला के आरोप में निलंबित आईएएस रानू साहू, समीर विश्नोई, राज्य सेवा के प्रशासनिक अधिकारी रही सौम्या चौरसिया, कारोबारी सूर्यकांत तिवारी, मनीष उपाध्याय सहित अन्य लोगों की न्यायिक रिमांड अवधि 3 महीने के लिए कोर्ट ने बढ़ा दी है। अब इस प्रकरण की सुनवाई 5 दिसंबर को होगी। ईओडब्ल्यू ने माइनिंग घोटाले में 17 लोगों को आरोपी बनाया है। इसमें से 16 को न्यायिक रिमांड पर जेल और रजनीकांत तिवारी को पूछताछ के लिए 12 सितंबर तक रिमांड पर लिया है।

## विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने कांग्रेस ज्वांइन की

## बुरे वक्त में भाजपा छोड़ सभी दूसरी पार्टियों ने साथ दिया; जुलाना से चुनाव लड़ेंगी

नयी दिल्ली। पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया के कांग्रेस के टिकट पर हरियाणा विधानसभा चुनाव में उतरने की अटकलों के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से उनके आवास पर मुलाकात की है।



दोनों पहलवानों ने इसी सप्ताह कांग्रेस अध्यक्ष से दूसरी बार मुलाकात की है। इस दौरान कांग्रेस महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल भी श्री खड़गे के आवास पर मौजूद थे। इस मुलाकात से अब अटकलों का दौर तेज हो गया है कि दोनों पहलवानों को कांग्रेस हरियाणा विधानसभा चुनाव में उतार रही है।

श्री खड़गे ने इस मुलाकात की जानकारी देते हुए खुद ट्वीट करके कहा, 'चक दे इंडिया, चक दे हरियाणा। दुनिया में भारत का नाम रौशन करने वाले हमारे प्रतिभाशाली चैंपियन विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया से 10 राजाजी मार्ग पर मुलाक़ात। हमें आप दोनों पर गर्व है।

दोनों पहलवानों ने इससे पहले श्री खड़गे के साथ ही पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से भी मुलाकात की थी। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस की हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी करने में देरी की वजह यही है।

## आबकारी विभाग का एक्शन : शराब दुकानों में ओवररेटिंग पर सख्ती 70 कर्मचारी बर्खास्त, ब्लैक लिस्टेड

रायपुर। रायपुर जिले की शासकीय शराब दुकानों में ओवर रेटिंग पर लगाम कसने के लिए आबकारी विभाग अब एक्शन मोड पर आ चुका है। इसके तहत विभाग में ओवर रेट पर शराब बेचने वाले कर्मचारियों को बर्खास्त करने की कार्रवाई की जा रही है। पिछले कुछ दिनों के दौरान विभाग ने जिले की विभिन्न शराब दुकानों में ओवर रेट पर शराब बेचने की जांच की। इस दौरान 70 कर्मचारियों को ओवर रेट पर शराब बेचते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया।

इन सभी कर्मचारियों को बर्खास्त करते हुए ब्लैक लिस्टेड किया गया है। गौरतलब है, पूर्ववर्ती सरकार के दौरान शराब दुकानों में थोक में ओवर रेटिंग की शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद भी दुकानों के कर्मचारियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। इससे खरीदारों को निर्धारित रेट से अधिक पैसे देकर शराब खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा था, लेकिन वर्तमान सरकार ने ओवर रेटिंग पर लगाम कसने के लिए सख्त कदम उठाया है। इसके तहत अब शराब दुकानों में बैठने वाले कर्मचारियों को तय दर पर ही



शराब बेचना होगा।

### ओवर रेट पर शराब बेच रहे कर्मचारियों को ग्राहक की मदद से पकड़ा गया

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक तारीख से शराब की दरों में वृद्धि की गई है। इस वृद्धि के बाद शराब दुकानों में कहीं-कहीं पर कर्मचारियों द्वारा ओवर रेट पर शराब बेचने की सूचनाएं विभाग तक पहुंच रही थीं। इसे गंभीरता से लेते हुए विभाग ने ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया हुआ है। इसके तहत जिले में विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों की अलग-अलग टीम गठित की गई है। यह टीम दुकानों में ग्राहकों के माध्यम से विभिन्न ब्रांड की शराब की खरीदी करवा रही है। इस दौरान जिस दुकान में किसी भी कर्मचारी द्वारा ओवर रेट पर शराब बेची जा रही है, उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जा रही है। कर्मचारी को बर्खास्त करने के साथ ब्लैक लिस्टेड किया जा रहा है।

### 70 कर्मचारियों को किया गया बर्खास्त

कलेक्टर के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान के तहत विभाग ने देशी-विदेशी शराब दुकानों में कार्य करने वाले 70 कर्मचारियों को ओवर रेटिंग के मामले में बर्खास्त किया है। इन सभी कर्मचारियों को ब्लैक लिस्टेड भी किया है (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# मौसम में आए उतार-चढ़ाव के चलते बीमार हो रहे लोग, बारिश के बाद उमस ने बढ़ाई परेशानी, चिपचिपी गर्मी से लोग हलाकान

राजनांदगांव (दावा)। मानसून की बिदाई लगभग हो चुकी है इसके बाद भी छूट-पुट रूप से बारिश-पानी का माहौल बना हुआ है। मौसम में आए इस उतार-चढ़ाव का सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है और लोग बीमार हो रहे है। इन दिनों लोग ज्यादातर सर्दी-खांसी, वायरल बुखार, पेट मे मरोड़, सिरदर्द आदि की शिकायत से परेशान है। वही वातावरण में नमी होने के कारण संक्रामक रोग तेजी से पैर फैला रहा है। इससे शहर के जिला अस्पताल सहित पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज हास्पिटल व निजी चिकित्सालयों में मरीजों की भीड़ देखी जा रही है।



## उमस ने बढ़ाई परेशानी

बता दे कि तीन-दिनों से आसमान में बादलों के हट जाने से तेज धूप का आलम बना हुआ है। इस बीच कभी-कभार बारिश हो जाने से वातावरण नरम-गरम हो जा रहा है जिससे लोग परेशानियां बढ़ गई है और लोग शारीरिक व्याधियां के शिकार होने लगे है। सुबह 7 बजे से ही पड़ रही तेज धूप से गर्मी और उमस का माहौल बन उठ रहा है। इससे तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज हो रही है। इसके चलते रात में भी गर्मी से राहत पाने पंखे, एसी, कूलर का सहारा लेना पड़ है। तापमान 33 डिग्री सेल्सियस से उपर तक पहुंचा है। बताते चले कि दो-दिन पहले बारिश होने से काफी राहत मिली थी। भादो के महिने में मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। मौसम में आए बदलाव के साथ इस माहअच्छी बारिश होने की संभावना जताई जा रही है।

गुरूवार शिक्षक दिवस के दिन आधे घंटे तक तेज बारिश हुई। इससे जन-जीवन प्रभावित हुआ। जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में भी बारिश हुई। सुबह जहां बारिश के छीटे पड़े वही शाम के भी यही हालात बने रहे। एक-डेढ़ बजे तो अचानक आसमान में बादल छाते ही देखते ही देखते अच्छी बारिश हुई। आधे घंटे की बारिश के चलते शहर आए लोगों को भीगने से बचने किसी दुकान के प्लेटफार्म व ओसारे का सहारा लेना पड़ा। इसी तरह निगम क्षेत्र व बाजार इलाके में आए लोग बारिश से बचने के लिए फ्लाई ओवर के नीचे दुबके रहे। हालांकि आसमान में बादलों की उपस्थिति से थोड़ी देर के लिए गर्मी व उमस से राहत मिली लेकिन दिन में तेज धूप निकल जाने से फिर से वही चिपचिपी गर्मी व उमस का माहौल पैदा हो गया। जिससे लोगों को फिर वही परेशानियां से जूझना पड़ रहा है।

## राजनांदगांव सबसे ज्यादा गर्म

मौसम विज्ञानियों की माने तो इस माह बारिश के आसार बने हुए है। कहा जा रहा है कि प्रदेश में मानसून की सामान्य गतिविधियां बनी रहेगी। इससे प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई है। प्रदेश में सर्वाधिक तापमान 33.5 डिग्री सेल्सियस राजनांदगांव में दर्ज किया गया है वही सबसे कम तापमान 21.1 डिग्री सेल्सियस नारायणपुर, बस्तर क्षेत्र का है। आज शनिवार को एक-दो स्थानों में गरज-चमक के साथ वर्षा व वज्रपात होने की संभावना व्यक्त की गई है। इसकी वजह एक कम दबाव का क्षेत्र मध्य व निकटवर्ती उतरी बंगाल की खाड़ी के उपर स्थित होना बताया जा रहा है। उक्त हिसाब से देखा जाए तो भादो मास में बारिश-पानी का मौसम बने रहने से ग्यारह दिनों का गणेशोत्सव में पानी पड़ जाने की संभावना दिख रही है।

# मानदेय वृद्धि नहीं होने के कारण स्वच्छ भारत मिशन के कर्मचारियों ने दिया सामूहिक त्यागपत्र



राजनांदगांव (दावा)। केंद्र सरकार की अत्यंत महत्वकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन मे 14 वर्षो से लगातार कार्य कर रहे संविदा कर्मचारियों ने 14 वर्षो मे एक बार भी मानदेय में वृद्धि नही होने के कारण सरकार से रुष्ट होकर सामूहिक त्याग पत्र दे दिया है। विदित हो कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 अक्टुबर 2014 को स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत की। जिसके सफल संचालन के लिए जिला स्तर एवं जनपद स्तर पर कर्मचारियों की नियुक्ति की गई थी। कर्मचारियों के मेहनत से पूरे छत्तीसगढ़ को वर्ष 2017 मे ही ओडीएफ घोषित भी कर लिया गया। परंतु उनकी मेहनत को नौकर शाही और सरकार ने नजरअंदाज किया।

सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं जैसे एनआरएलएम, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा इत्यादि की तुलना मे स्वच्छ भारत मिशन के कर्मचारियों की सैलरी अत्यंत कम है। इस योजना के कर्मचारियों ने बताया कि हम लोगों को कार्य करने हेतु अत्यंत दुरस्त पंचायतों तक जाना पड़ता है जिसके कारण उनके वेतन का अधिकांश भाग पेट्रोल के रूप में ही खर्च हो जाता है जिससे उनके परिवार का पालन करने मे उन्हे बहुत मुश्किल होता है।

## मार्गदर्शिका मे दिये गए निर्देशों का पालन नहीं

कर्मचारियों ने बताया की योजना के मार्गदर्शिका में स्पष्ट निर्देश है कि योजना के जिला स्तर और जनपद स्तर मे कार्यरत कर्मचारियों का वेतन एनआरएलएम योजना में कार्यरत के कर्मचारियों के वेतन के बराबर होना चाहिए परंतु एनआरएलएम योजना के कर्मचारियों का वेतन एसबीएम के कर्मचारियों के वेतन से लगभग चार गुना अधिक है।

## उपमुख्यमंत्री से मिले थे सकारात्मक आश्वासन

कर्मचारियों ने बताया कि उनके संघ के पदाधिकारी उपमुख्यमंत्री से मिलकर अपने समस्याओं से अवगत कराते हुए मार्गदर्शिका अनुरूप एनआरएलएम के बराबर वेतन करने की मांग की गई थी। जिसमें उप मुख्यमंत्री ने सकारात्मक पहल करते हुए उच्च अधिकारियों को एनआर एलएम के अनुरूप वेतन देने हेतु निर्देश दिये थे। परंतु अधिकारियों पर उनके निर्देशों का कोई फर्क नही पड़ा और वेतन की फाइल कछुआ चाल से इस टेबल से उस टेबल पर धूम रही है। जिससे नाराज होकर कर्मचारी सामूहिक त्यागपत्र देने को मजबूर हुए।

## पहला कॉलम...

# अजजा शासकीय सेवक संघ के अध्यक्ष बने भीषम ठाकुर सचिव प्रवीण मंडावी



डोंगरगढ़/कलकसा (दावा)। अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ ब्लाक तहसील इकाई डोंगरगढ़ का आज कंवर धर्मशाला डोंगरगढ़ का निर्वाचन संपन्न हुआ। जिला अजजा शासकीय सेवक संघ के निर्देशानुसार डोंगरगढ़ निर्वाचन कराने के लिए चुनाव अधिकारी मदन मंडावी को जिला संघ से भेजा गया। जिनके मार्गदर्शन व निर्वाचन नियमावली को उपस्थित कर्मचारियों को अवगत करवाया किया गया। तत्पश्चात सभी सदस्यों की आम सहमति से भीषम ठाकुर को सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर मनोनित किया गया तथा उपाध्यक्ष शिवकुमार कंवर, रविशंकर मरकाम, रामप्रसाद पड़ोती, सचिव प्रवीण ठाकुर, कोषाध्यक्ष हितेश चद्रवंशी, सह सचिव धर्मेंद्र कुंजाम, चंद्रशेखर कंवर, संगठन मंत्री प्रमोद सिरदार, लाला राम कंवर, महेंद्र कंवर, लोकेश मंडावी, संरक्षक महेश सुधाकर, डी.आर. रावते, दिनेश कुमार खांडे, कार्यकारणी गोपाल चंद्रवंशी, धनुष कंवर, आत्माराम कंवर, रमेश गावड़े, संजीव चंद्रवंशी, रवि कंवर, हरिकिशन कंवर, सतीश नाग का निर्वाचन कार्यकारणी का गठन किया गया। इस बीच पूर्व कार्यकारणी सदस्यों जो संघ हित में उत्कृष्ट कार्य किए उनका सम्मान भी किया गया। भीषम ठाकुर को पुनः अध्यक्ष एवं सचिव प्रवीण मंडावी सहित सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को तहसील गोंड समाज डोंगरगढ़ के अध्यक्ष संतोष पड़ोती, उपाध्यक्ष नरोत्तम सिंह कुंजाम, संरक्षक तीजऊ मंडावी, सदाराम नेताम, राजेन्द्र नेताम, महेंद्र नेताम, बलराम ध्रुव, राजेश नेताम, मदन खुरश्याम, मायाराम मंडलोई, नंदलाल, भुवन मंडावी, प्रेमलाल मंडावी, किशोर नेताम ने बधाई दी।

# डीईओ का हटाया जाना छात्रों की जीत- राजा यादव



राजनांदगांव (दावा)। एनएसयूआई के प्रदेश संयुक्त महासचिव राजा यादव ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) को पद से हटाए जाने को छात्रों की एक बड़ी जीत करार दिया है। उन्होंने कहा, डीईओ का हटाया जाना छात्रों की जीत है। यह घटना साबित करती है कि जब छात्र एकजुट होकर अपनी आवाज उठाते हैं, तो प्रशासन को उनकी बात सुननी पड़ती है। राजा यादव ने आगे कहा, डीईओ द्वारा छात्राओं के साथ किए गए दुर्व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता था। एनएसयूआई ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया और छात्रों के अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा खड़ी रहेगी। यह कार्रवाई इस बात का संकेत है कि छात्रों के साथ अन्याय अब नहीं सहा जाएगा। राजा यादव ने यह भी स्पष्ट किया कि एनएसयूआई भविष्य में भी छात्रों के हितों के लिए ऐसी ही मजबूती से लड़ाई लड़ती रहेगी।

# ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा शिक्षक स्नेह मिलन का गरिमामय आयोजन संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजनांदगांव के स्थानीय सेवा केंद्र वरदान भवन लालबाग में शिक्षक दिवस के अवसर पर 'शिक्षक समृद्ध एवं सशक्त राष्ट्र के मार्गदर्शक' विषय पर गरिमामय स्नेह मिलन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन जी ने उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय शिक्षकों को आध्यात्मिक एवं नैतिक मूल्य शिक्षा को स्वयं धारण कर बच्चों को विद्यालय में बताना चाहिए जिससे बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ नैतिक मूल्य भी सीखे। शिक्षक ही समृद्ध एवं सशक्त राष्ट्र के मार्गदर्शक हैं।



उन्होंने राजयोग मेडिटेशन के द्वारा परम शिक्षक परमात्मा शिव की अनुभूति कराई। इस अवसर पर सेवा निवृत प्रोफेसर कृष्ण कुमार द्विवेदी, दिग्विजय महाविद्यालय के भूगोल विभाग के प्रमुख शुभेंदु जेनामणि एवं प्रोफेसर चंद्रशेखर शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किये और कहा कि समाज में आज भी सबका शिक्षकों पर बहुत विश्वास है एवं शिक्षक अपने दायित्व कर्तव्य को भली भांति निभाएं तो समृद्ध एवं सशक्त राष्ट्र के लिए मार्गदर्शक साबित होंगे।

नन्हीं बालिका कुमारी रूही भोजवानी ने स्वागत नृत्य एवं सोनल बहन ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया तथा झालम भाई, मनीष भाई एवं राज कुमार भाई ने लघु नाटिका के द्वारा बताया कि दिव्य संस्कारों के दाता परम शिक्षक परमात्मा हैं। हाईस्कूल पलांदुर की प्राचार्य विभा द्विवेदी ने कविता पाठ किया।

इस अवसर पर उपस्थित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को ईश्वरीय सौगात देकर सम्मानित किया गया। महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल के प्राचार्य ब्रह्मा कुमार चैतराम वर्मा भाई ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रीमा नायर, नोहरदास लिल्हारे, नाग कुमार लिल्हारिया, सुधीर कुमार जैन, दीपक देशमुख, रामू लाल प्रजापति, श्यामलाल सिन्हा, जीतू हिरवानी, योगेन्द्र सिंह राजपूत, अनिल कुमार साहू, सुनीता सिन्हा, महेश्वरी सिन्हा, डॉ. युगेश्वरी साहू, सुषमा चौधरी, अनिता भोईर, मनीषा भिमटे, सुरेश पाल, दीपक शर्मा, रूपेश नागपुरे, हरीश द्विवेदी, नीलू परसराम झाड़े, मीनू माहेश्वरी सहित अनेक शिक्षकगण उपस्थित थे.

# श्रीमती मनोरमा देवी डाकलिया का निधन



राजनांदगांव (दावा)। शहर के प्रतिष्ठित डाकलिया परिवार की श्रीमती मनोरमा देवी डाकलिया का कल शुक्रवार दोपहर 3 बजे आकस्मिक निधन हो गया। गौतमचंद डाकलिया की धर्मपत्नी श्रीमती मनोरमा का अंतिम संस्कार शाम 5:30 बजे लखोली नाका स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान सौम्य व्यवहार की धनी धर्ममयी महिला श्रीमती मनोरमा की अंतिम यात्रा में उनके देवर गणों में सुरेश (राजा) डाकलिया, रमेश डाकलिया, नरेश डाकलिया (पूर्व महापौर) व पुत्रगण निलेश डाकलिया अमित डाकलिया एवं समस्त डाकलिया परिवार सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोगों की उपस्थिति रही। जहां अग्नि संस्कार के पश्चात उपस्थित जनों ने मुक्तिधाम में उन्हें शोक श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# कल अंडर-23 व सीनियर वर्ग का क्रिकेट ट्रॉयल

राजनांदगाँव (दावा)। जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगाँव द्वारा आगामी 8 सितम्बर दिन रविवार को दिग्विजय स्टेडियम में अंडर-23 आयु वर्ग व सीनियर वर्ग की जिले की टीम के गठन हेतु चयन प्रक्रिया का आयोजन किया गया है। चयन प्रक्रिया सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगी।

अंडर-23 आयु वर्ग के लिए कट ऑफ डेट 01/09/2002 से 31/08/2006 अथात् जिन खिलाड़ियों का जन्म 1 सितम्बर 2002 व 31 अगस्त 2006 के बीच हुआ हो वे ही इस चयन प्रक्रिया में शामिल हो सकते है तथा सीनियर आयु वर्ग के लिए कोई आयु सीमा नही है। जिन खिलाड़ियों का ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन हुआ है, वे ही इस चयन प्रकिया में शामिल हो सकते है व जिन खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन नही हुआ है वे ट्रॉयल दिनांक को आवश्यक दस्तावेज (पिछले 6 वर्षो की अंकसूची, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, सभी की मूल प्रति व एक पासपोर्ट साईज फोटो) के साथ उपस्थित होकर आपना पंजीयन कराकर चयन प्रक्रिया में शामिल हो सकते है। उक्त चयन प्रक्रिया में खिलाड़ियों का चयन एसोसिएशन द्वारा नियुक्त चयनकत्ताओं द्वारा किया जावेगा।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगाँव के सचिव योगेश बागड़ी ने बताया कि जिन खिलाड़ियों के अभिभावक (माता-पिता, स्वयं खिलाड़ी) यदि सरकारी नौकरी में कार्यरत् है, तो कम से कम उनका कार्यकाल 6 माह का पूर्ण होना आवश्यक है। उक्त दोनों वर्गो (अंडर-23 व सीनियर वर्ग) के लिए आयोजित चयन प्रक्रिया से खिलाड़ियों का चयन कर सघन प्रशिक्षण शिविर लगाया जायेगा। शिविर में प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन कर जिले की टीम (अंडर-23 व सीनियर) का गठन किया जायेगा। खिलाड़ियों का स्वयं की क्रिकेट कीट व सफेद ड्रेस के साथ आना होगा। आवश्यक दस्तावेजों के साथ न आने पर चयन प्रक्रिया में शामिल नही किया जावेगा। ट्रॉयल दिनांक को मौसम खराब होने की स्थिति में चयन प्रक्रिया संबंधित जानकारी मोबाईल नं. 9399645345 पर ली जा सकती है ताकि खिलाड़ियों को असुविधा का सामना न करना पड़े। उक्त जानकारी जिला क्रिकेट एसो. के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

# अशोका में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया

राजनांदगांव (दावा)। नगर के अग्रणी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र अशोका आई.टी.आई. में गत 5 सितम्बर को देश के प्रथम उपराष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जंयती के अवसर पर शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में अशोका आई.टी.आई. के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं समस्त स्टाफ मेंबर का तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।



तत्पश्चात् प्राध्यापकों द्वारा माँ सरस्वती एवं डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अचर्ना की गयी। कार्यक्रम की अगली कड़ी में वरिष्ठ प्राध्यापकों ने अपने उद्बोधन में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया की कैसे अपने जीवन में मेहनत और लगन के बल पर उन्होंने एक शिक्षक से लेकर भारत के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर पहुंचकर उसे सुशोभित किया। उन्होंने बताया राधाकृष्णन जी के जीवन से हमे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। उनके उच्च मूल्यों एवं आदर्शो को आत्मसात करके हम अपने जीवन को सफल बना सकते है। कार्यक्रम की अगली कड़ी में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा काव्यपाठ एवं भाषण आदि की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित प्राध्यापकों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
रोमांटिक, एक्शन, कामेडी एवं गीत संगीत से भरपूर
तहि मोर आशिकी
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - लक्षित झांझी, एल्सा घोष, मनीषा वर्मा, रजनीश झांझी, उपासना वैष्णव, विवेक चन्द्रा, पप्पू चन्द्राकर, जीत शर्मा आदि



आगामी
कॉलेज लाइफ (छत्तीसगढ़ी)
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
06th SEP to 12th SEP 2024
silver SCREEN



Thalapathy is the G.O.A.T. (Hindi) - 12:00, 03:00, 06:00 & 09:00pm
Taihi Mor Aashiki (C.G) - 12:30 & 03:30 pm
Stree 2 - 12:15, 03:15, 06:15, 06:30, 09:15 & 09:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# तेंदूपत्ता परिवहन कर्मियों की बैठक, कटेनर में नहीं होगा तेंदूपत्ता की ढुलाई

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त तेंदूपत्ता परिवहन कर्मी वेलफेयर सोसाइटी का निर्माण राजनांदगांव में मंगलवार को किया गया है। जिसमें सर्वसम्मति से कार्यकारणी का गठन किया गया। सरंक्षक राजू झा, राम सिंह, राजबीर सिंह, जिलाध्यक्ष विक्की बग्गा, उपाध्यक्ष विक्की खान, सचिव एसडी वर्मा को बनाया गया है।

बैठक में अहम् निर्णय लिए गए और यह सुनिश्चित किया गया कि 10 सितंबर 2024 तक कोई भी गाड़ी तेंदूपत्ता लोडिंग कर सकता है, किंतु 10.9.2024 के बाद राजनांदगांव जिले के अतिरिक्त अर्थात बाहर की गाड़ी बिना तेंदूपत्ता परिवहन कर्मी वेलफेयर सोसाइटी अर्थात यूनियन के बिना अनुमति के लोडिंग नहीं होगी एवं कंटेनर गाड़ियों की लोडिंग भी पूर्णतः बंद कर दी जाएगी। राजनांदगांव में समस्त गाड़ी मालिक एवं कर्मियों को इसकी सूचित किया गया है।

परिवहन कर्मी की सुरक्षा व्यवस्था के लिए राजनांदगांव में ऐसी यूनियन की स्थापना की गई, जिसमें वाहन मालिक एवं काम करने वाले मजदूर को शामिल किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त संस्था में हम सभी परिवहन कर्मियों को शामिल करने जा रहे है, जिसके लिए 10 सितंबर 2024 को बैठक का आयोजन किया गया है, जिसमें मजदूरों की कार्यशैली सुरक्षा व्यवस्था, वेतनमान, कायदा नियमानुसार किया जाएगा।

## शुभांक

अनुमानित

बी. के
4-6-9
340-7 679-2
राजधानी
3-5-7
158-4 570-2

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# युगान्तर में शिक्षक सम्मान समारोह का शानदार आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। भारत में शिक्षा के क्षेत्र अग्रणी संस्था युगान्तर पब्लिक स्कूल में विगत 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन संस्था के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) नरेंद्र कोटड़िया, अजय सिंगी, अखराज कोटड़िया की उपस्थिति में आयोजित हुआ।



इस अवसर पर निदेशक (अकेडमिक्स) नरेंद्र कोटड़िया ने कहा कि शिक्षक दिवस का यह दिन अपने गुरूओं के प्रति आभार प्रकट करने के लिए होता है। विद्यार्थी अपने गुरूजनों के सदैव आभार व्यक्त करते रहे। उन्होंने आगे कहा कि विद्यार्थी अपनी असफलता से भयभीत ना होवे, अपने गुरूजनों के मार्गदर्शन में सदैव आगे बढ़ते रहे। इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ मधु पी चौधरी ने कहा कि विद्यार्थी अपने जीवन में आनेवाली असफलताओं से बहुत कुछ सीखते हैं। उन्होंने सेटेलाइट चन्द्रयान का जिक्र करते हुए बताया कि बड़े लक्ष्य में बाधाएँ आती है। हमें उस लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करते रहना चाहिए।

समारोह की शुरूआत माँ सरस्वती की पूजा अर्चना और पूर्व राष्टपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण द्वारा हुई। बारहवीं के विद्यार्थियों ने शिक्षक-शिक्षिकाओं का खूब आदर व सम्मान किया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गीतों व नृत्यों ने सबका मन मोह लिया। समारोह में संस्था के प्रबन्ध समिति के द्वारा शिक्षक-शिक्षिकाओ का उपहार प्रदान कर सम्मान किया गया। समारोह का संचालन अंग्रेजी विभागाध्यक्ष कंचन सोहल, वाणिज्य शिक्षिका भावारानी रमेश, रिंकी भारद्वाज, रसायन शिक्षक मदनमोहन कालबाँधे, फिजिक्स शिक्षक प्रवीण साहू के मार्गदर्शन में मारिया, विपुल, प्रियांशी, जिया, अंग्रेजी शिक्षिका शालिनी नायर ने किया।

समारोह में पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह तथा बड़ी तादाद में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। शिक्षक दिवस को सफल बनाने में स्टूडेंट कौन्सिल के पदाधिकारियों ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# महाराष्ट्र से पकड़ाया नाबालिग बालिका से अनाचार का आरोपी: भेजा गया जेल

## नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया था आरोपी

राजनांदगांव (दावा)। चिचोला चौकी पुलिस ने अपने थाने क्षेत्र की एक नाबालिग को बहला फुसलाकर महाराष्ट्र भगा ले जाने व वहां उसके साथ अनाचार करने वाले आरोपी को धर दबोचा है। और उसे सतारा महाराष्ट्र से पकड़कर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जल भेजा गया है

बता दें कि जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग व अति. पुलिस राहूल देव शर्मा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आशीष कुंजाम के दिशा निर्देशन में जिले में चलाये जा रहे 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत बालक/बालिकाओं की दस्तयाब के तहत पुलिस चौकी प्रभारी भूषण चंद्राकर द्वारा पुलिस चौकी चिचोला थाना छुरिया के अपराध क्रमांक 199/2024 धारा-137(2), 87, 64(2)(ड) बी.एन.एस., 4,6 पाक्सो एक्ट में अपहता नाबालिग बालिका के पता तलाश हेतु पुलिस चौकी चिचोला से टीम गठित कर दिनांक 20 जुलाई की सुबह 9:00 बजे अपने घर से बिना किसी को बताये निकली नाबालिक अपहता के पता तलाश क्रम में रवाना होकर ग्राम कोरेगांव थाना कोरेगांव जिला सतारा महाराष्ट्र से आरोपी भूपेन्द्र कर्ष पिता शीतल कर्ष उम्र 21वर्ष निवासी मलदी थाना कसडोल जिला बलौदा बाजार के कब्जे से नाबालिग अपहता को बरामद किया गया एवं नाबालिग अपहत को आरोपी द्वारा बहला-फुसलाकर भगाकर महाराष्ट्र ले जाकर लगातार जबरन शारीरिक संबंध बनाने से आरोपी को 05 सितंबर को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है।

उपरोक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी चिचोला के सउनि विनोद कुमार वर्मा, सउनि ए.पी.शीला, आरक्षक प्रदीप सोनी का विशेष योगदान रहा।




# डॉ. जेबी सिंह मेमोरियल स्कूल में शिक्षक दिवस उत्साहपूर्वक मना



राजनांदगांव (दावा)। गुणवत्तायुक्त शिक्षण संस्था डॉ. जेबी सिंह मेमोरियल स्कूल में शिक्षक दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया। और उनके योगदान को स्वीकार किया गया। समारोह का शुभारंभ एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल सर के द्वारा किया गया। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहां की शिक्षक ही समाज का निर्माण करते हैं।

### शिक्षकों ने दिया संदेश

विद्यालय के शिक्षकों ने इस अवसर पर अपने अनुभव का आदान-प्रदान किया। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरणा दी। संस्था की अध्यक्ष डॉ. सविता जे.बी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निर्देशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, आई.के. वैष्णव, सी.बी.एस.ई. प्राचार्य एकता खंडेलवाल, सी.जी. प्राचार्य सुषमा शुक्ला ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

# डॉ. अम्बेडकर ज्ञान केंद्र कर रहा बच्चों का बेहतर भविष्य निर्माण - कमिश्नर कावरे



बिलासपुर (दावा)। बिलासपुर संभाग के कमिश्नर महादेव कावरे ने कहा है कि अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ अजाक्स के सौजन्य से तथा अधिकारी कर्मचारियों के विशेष सहयोग से संचालित अम्बेडकर ज्ञान केन्द्र में बच्चों के बेहतर भविष्य का निर्माण हो रहा है। एक मोटिवेशनल कार्यक्रम में श्री कावरे शामिल हुए थे।

बता दें कि अम्बेडकर ज्ञान केन्द्र में जरूरतमंद प्रतिभावान बच्चों को राज्य सेवा आयोग और व्यापम द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा हेतु निःशुल्क कोचिंग दी जा रही है इसी प्रकार गौरेला पेण्ड्रा मरवाही में भी लगभग 250 बच्चों को अजाक्स द्वारा निःशुल्क कोचिंग दी जा रही है। जिसका दूसरा बैच चल रहा है। इस परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण संस्थान अम्बेडकर ज्ञान केन्द्र बिलासपुर के में कमिश्नर कावरे के स्वागत में उद्बोधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। निःशुल्क कोचिंग सेंटर की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए श्री कावरे ने अपने छात्र जीवन की बहुमूल्य अनुभव साझा किए।

श्री कांवरे ने अपने उद्बोधन के दौरान अजाक्स द्वारा संचालित सभी वर्गो के जरुरतमंद प्रतिभावान बच्चो को दिए जा रहे निशुल्क कोचिंग सेंटर की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए अपने छात्र जीवन की बहुमूल्य अनुभव साझा किए उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया की वे सुदूर वन क्षेत्र बीजापुर के एक छोटे से गांव जहाँ तत्कालीन समय में बिजली नहीं होने से लालटेन आदि से पढाई करने के बाद दिल्ली आई आई टी में चायनीय हुए और इंजीनियरिंग की पढ़ाई प्रारंभ की और वहीं से उन्हें यूपीएससी तैयारी करने का विचार आया और अपने कठिन प्रयास और मेहनत से तमाम अभावो से जूझते हुए भी प्रशासनिक सेवा परीक्षा के माध्यम से आज रायपुर तथा बिलासपुर जैसे प्रदेश के बड़े संभाग के कमिश्नर के पद तक का सफर पूर्ण किए है। उनके आगमन पर डॉक्टर अंबेडकर ज्ञान केंद्र में रखे गए एक संक्षिप्त कार्यक्रम में बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि इंसान की जिंदगी में अभाव कोई मायने नहीं रखता बल्कि उसे सफल होने में उसकी मेहनत उसकी लगन और जुनून महत्वपूर्ण साथी बनाकर उसे उसके मुकाम तक पहुंचना है।आज मुख्य रूप से कमिश्नर कावरे उक्त कोचिंग संस्थान में अध्ययनत बच्चों के बीच जाकर उन्हें उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए अजाक्स द्वारा संचालित बिलासपुर में निशुल्क कोचिंग सेंटर में बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान किए उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि गौरेला पेण्ड्रा मरवाही एवं बिलासपुर के इन इन दोनों संस्थानों में अध्ययन अध्यापन के लिए किसी भी चीज की जरूरत होने पर उसकी पूर्ति के लिये प्रयास किया जायगा संसाधन का अभाव किसी भी बच्चों के करियर में बाधक नहीं बनने दिया जाएगा प्रांतीय संगठन सचिव जितेंद्र पाटले ने अंबेडकर ज्ञान केंद्र के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला, अजाक्स के प्रदेश महामंत्री पी एल महिपाल ने जन सहयोग से और विस्तार कर विभिन्न जिलों में प्रारंभ करने प्रतिबद्धता जाहिर किए,प्रदेश सचिव डॉ अमित मिरी ने बच्चो को सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ पढ़ाई करने व लक्ष्य प्राप्ति तक मेहनत करने प्रेरित किए,श्री गिरिश कुर्रे ने मुख्य अतिथि महोदय के आगमन पर विद्यार्थियों के चेहरे पर सकारात्मक ऊर्जा मिलना व लक्ष्य प्राप्ति में सहायक बताया प्रदेश सचिव, श्री आर पी गंधर्व प्रांतीय संयुक्त सचिव ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत और अनुशासन का पाठ पढ़ाया कोचिंग सेंटर के छात्र छात्राओं में लक्ष्मी पात्रे ,श्वेता सूर्यवंशी ,सुकृता टेकाम ने भी इस निःशुल्क कोचिंग सेंटर को अपने सपनो को साकार करने का एक सशक्त माध्यम बताया इस कार्यक्रम में इंजी संतोष भारती, बिलासपुर जिला कार्यकारी अध्यक्ष केदार अनंत, कमलेश खांडे, कुलदीप जांगड़े , शिव साहू, दिनेश लहरे, रीता भारती मैडम, प्रेस राय, विभाष दास, टीकाराम खांडे, सी आर निराला, डॉ. यशपाल निराला कोचिंग के शिक्षक सुमन खरे, ओमप्रकाश बघेल, प्रकाश मनहर, सुभाष चतुर्वेदी, जितेंद्र खूंटे, रेलवे कर्मचारी संगठन से बिभास दास एवं बड़ी संख्या में अम्बेडकर ज्ञान केन्द्र के विद्यार्थी और छात्रावास के छात्र छात्राएं उपस्थिति रहे कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमित मिरी ने तथा आभार प्रदर्शन प्रदेश मीडिया प्रभारी शिव सारथी ने किया।

# चक्रधर समारोह : आज से शुरू होगा सांस्कृतिक महाकुंभ



रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 07 सितंबर को शाम 5.30 बजे रायगढ़ के रामलीला मैदान में आयोजित 39वें चक्रधर समारोह-2024 का शुभारंभ करेंगे। यह समारोह अगले 10 दिनों तक कला और संस्कृति की नगरी रायगढ़ सांस्कृतिक रस में सराबोर रहेगी। देश के ख्यातिनाम कलाकार कार्यक्रम देने रायगढ़ पहुंचेंगे। पहले दिन प्रख्यात अभिनेत्री और शास्त्रीय नृत्यांगना पद्मश्री हेमा मालिनी प्रसिद्ध राधा रास बिहारी का मंचन करेंगी।

- पद्मश्री हेमा मालिनी 'राधा रास बिहारी नृत्य नाटिका' पर देंगी प्रस्तुति,
- सीएम विष्णु देव साय होंगे शामिल

समारोह का शुभारंभ गणेश पूजन, दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना से होगा। जिसके पश्चात रायगढ़ कथक घराने के वरिष्ठ कलाकार तथा इस वर्ष पद्मश्री से नवाजे गए रामलाल जी को कथक घुंघरू सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। जिसके बाद भूपेंद्र बरेठ और साथी कलाकारों द्वारा कथक समूह नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके पश्चात दर्शकों को छत्तीसगढ़ की माटी के लोक विधा करमा नृत्य का आनंद लेने का अवसर मिलेगा। जशपुर के मनियर भगत एवं साथी के द्वारा करमा नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम के अंत में पद्मश्री हेमा मालिनी राधा रास बिहारी नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देंगी।

चक्रधर समारोह के 10 दिवसीय आयोजन में स्थानीय कलाकारों से लेकर राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों के कुल 62 इवेंट आयोजित हैं। जिसमें नृत्य और वादन की विभिन्न विधाओं के साथ गायन और कवि सम्मेलन के कार्यक्रम शामिल हैं।

### चक्रधर समारोह के लिए मंच और पंडाल तैयार

चक्रधर समारोह के लिए मंच और पंडाल तैयार है, यहां करीब 29 हजार स्क्वायर फीट की बैठक व्यवस्था बनाई गई है। मुख्य डोम पहले की तुलना में बडा बनाया गया है।

# पुल निर्माण की स्वीकृति के लिए फाइल केंद्र सरकार के सबंधित विभाग के पास



**नये टेंडर होने के बाद चालू होगा पुल का निर्माण**

गंडई (दावा)। गंडई-धमधा मुख्य मार्ग स्थित दनिया पुल निर्माण की स्वीकृति सेतु निगम दुर्ग कार्यालय के माध्यम से केंद्र सरकार से प्राप्त हुआ था, जिसकी स्वीकृति राशि 3.53 करोड़ था, जिसमें निर्माण के पूर्व तकनीकी त्रुटि सामने आने की वजह से पुल निर्माण के प्राक्कलन में आवश्यक सुधार हेतु नए प्राक्कलन तैयार कर स्वीकृति हेतु फाइल केंद्र सरकार के संबंधित विभाग के पास भेजा गया है, जिसमें हरिजन मुक्तिधाम जाने के लिए मार्ग निर्माण हेतु 43 लाख का प्रावधान किया गया है। दनिया पुल निर्माण के लिए पूर्व में जारी टेंडर में किसानों के खेतिहर मार्ग के अवरुद्ध होने और हरिजन समाज के मुक्तिधाम मार्ग का प्रावधान नहीं होने के कारण निरस्त करना पड़ा।

पूर्व स्वीकृत टेंडर के प्राक्कलन के अनुसार पुल निर्माण से ग्राम दनिया स्थित अनुसूचित समाज के मुक्तिधाम जाने का मार्ग पूर्ण रूप से बंद होने के साथ ही एक खेतिहर मार्ग का रास्ता बंद हो रहा था। तत्संबंध में दनिया अनुसूचित समाज एवं किसानों की ओर से लिखित आपत्ति कलेक्टर खैरागढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। आपत्ति के जांच उपरांत दनिया अनुसूचित समाज और किसानों की आपत्ति सही पाया गया, इसके बाद पुल निर्माण तकनीकी शाखा के अधिकारियों के द्वारा मौका मुआयना कर परीक्षण किया गया, जिसमें पुल निर्माण में तकनीकी खामी पाए जाने के बाद पुल निर्माण के प्राक्कलन में आवश्यक सुधार की प्रक्रिया के लिए विभागीय पत्राचार कर लिया गया है। स्वीकृति मिलते ही पुल निर्माण के लिए टेंडर जारी किया जाएगा, तब तक नदी का जलस्तर भी कम हो जाएगा।

इस संबंध में संबंधित विभाग के इंजीनियर रंगारी का कहना है कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार से रोक नहीं लगा है, बल्कि तकनीकी खामी और हरिजन समाज के मुक्तिधाम के मार्ग के विकल्प के अभाव तथा खेतिहर मार्ग के आवाजाही बंद होने के कारण प्राक्कलन में बदलाव करना आवश्यक हो गया था।

इस संबंध में सेतु निगम दुर्ग के एसडीओ फारूखी का कहना है कि प्राप्त आपत्तियों पर जिलाधीश द्वारा परीक्षण पश्चात दिए गए निर्देशानुसार पूर्व इस्टीमेट में आवश्यक तकनीकी सुधार कर नए प्राक्कलन स्वीकृति के बाद पुल निर्माण के लिए नए टेंडर जारी किया जाएगा।

# छुईखदान मण्डल में भाजपा सदस्यता अभियान का जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने किया शुभारंभ



खैरागढ़ (दावा)। केसीजी जिला भाजपा के निर्देशानुसार छुईखदान मण्डल में भाजपा सदस्यता अभियान का शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह प्रभारी के रूप में उपस्थित हुए। खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में जोर शोर से सदस्यता अभियान चलाया रहा हैं। जिसके तहत पुराने कार्यकर्ताओं के साथ साथ नये लोगों को भाजपा की मेम्बरशिप दी जा रही है। ऑनलाइन प्रकिया से लोगों को जोडने का कार्य किया जा रहा है, इसी कडी में सदस्यता महापर्व का छुईखदान में भाजपा मंडल स्तरीय शुभारंभ किया गया। जिसमें सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र में माल्यार्पण कर विधिवित शुरुआत किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए, जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि सशक्त भारत के निर्माण में भाजपा कार्यकर्ता का महत्वपूर्ण योगदान है, हम सबको मिलकर प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में अधिक से अधिक सदस्य बनाकर भारत को विश्व गुरु बनाना है। उन्होंने आगे कहा कि कार्यकर्ता ही भाजपा का नींव है, जो जमीन स्तर पर काम करके जडों को सींचता है।। इसी कड़ी में पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने कहा कि केंद्र में तीसरी बार व छत्तीसगढ़ में पुनः भाजपा सरकार बनी उसमें कार्यकर्ता का योगदान है। इस दौरान जिला भाजपा उपाध्यक्ष गिरिराज किशोर दास वैष्णव, पूरण जंघेल, प्रेमनारायण चन्द्राकर, नेतराम जंघेल, आनंद सिन्हा, कृष्णकांत महोबिया, प्रकाश जंघेल, जैनेन्द्र जंघेल, नरेश वर्मा, राजकुमार जंघेल, धनऊराम जंघेल, अवध जंघेल, विक्रांत चन्द्राकर, भावेश कोचर, रेखचन्द जंघेल, दिलीप वैष्णव, शैव्या वैष्णव, सन्दीप वैष्णव, पन्ना मंडावी, संजू जैन, प्रकाश सहारे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**नागपुर मंडल में विभिन्न सामान्य विद्युत कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

**1. निविदा सूचना संख्या:** ईएल-जी-ई-ओटी-24-25-11 दिनांक: 03.09.2024
**कार्य का नाम:** (ए) द.पु.म. रेलवे के नागपुर मंडल के लामटा व चारेगांव स्टेशनों पर FOB का प्रावधान। (बी) नागपुर में ट्रेन एस्कॉर्टिंग महिला स्टाफ के लिए 10 बेड का लेडीज एस्कॉर्ट रेस्ट शेल्टर / बैरक। (सी) नागभीड में 10 बेड्स वाले RPF बैरक (पुरुष) का निर्माण। (डी) एडीईएन/ट्रैक्स/एनजीपी के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत समपार पर शौचालय सुविधा और पंप के साथ गहरे ट्यूबवेल व ओएच टैंक आदि के साथ समपार 554 की पुनः सतह का प्रावधान। (ई) DRM कॉम्प्लेक्स में साइकिल स्टैंड में सुधार। (एफ) नागपुर मंडल के अंतर्गत भंडारा रोड पर 8 बिस्तरों वाले RPF बैरक (पुरुष) का निर्माण। (जी) नागपुर मंडल के ITR और DGG C&W डिपो में बाउंड्री बाउंड्री वॉल का प्रावधान।
**निविदा मूल्य:** ₹ 46,09,588/-
**बिड सुरक्षा राशि:** ₹ 92,200/-

**2. निविदा सूचना संख्या:** ईएल-जी-ई-ओटी 24-25-12 दिनांक: 03.09.2024
**कार्य का नाम:** (ए) छिंदवाड़ा में आरपीएफ चौकी का निर्माण। (बी) सिवनी में आरपीएफ चौकी का निर्माण। (सी) सौंसर में आरपीएफ चौकी का निर्माण। (डी) सावनेर में आरपीएफ चौकी का निर्माण। (ई) राजनांदगांव में आरपीएफ चौकी का निर्माण। (एफ) डोंगरगढ़, गोंदिया, तुमसर रोड, कलमना और MIB वसाहत में आरपीएफ पोस्ट/आउट पोस्ट में शौचालय/स्नानघर (12'x12') के साथ महिला चेंजिंग रूम का निर्माण। (जी) कामठी में आरपीएफ चौकी का निर्माण। (एच) ITR में संलग्न शौचालय के साथ महिला कक्ष (फीडिंग और चेंजिंग रूम) की सुविधा का निर्माण।
**निविदा मूल्य:** ₹ 35,10,183/-
**बिड सुरक्षा राशि:** ₹ 70,200/-

**3. निविदा सूचना संख्या:** ईएल-जी-ई-ओटी-24-25-08आर1 दिनांक: 03.09.2024
**कार्य का नाम:** कोचिंग डिपो गोंदिया में EOG / HOG परीक्षण के लिए 750 वोल्ट्स, 3 फेस आपूर्ति प्रणाली का विस्तार।
**निविदा मूल्य:** ₹ 1,41,88,498/-
**बिड सुरक्षा राशि:** ₹ 2,21,000/-

**उपरोक्त सभी निविदाएं प्रस्तुत करने की तिथि:** दिनांक **20.09.2024** से **04.10.2024** के **15:00** बजे तक।
**उपरोक्त सभी निविदाएं खोलना:** दिनांक **04.10.2024** को।
अधिक जानकारी के लिए कृपया वरिष्ठ डीईई (आरएसएंडजी)/नागपुर के कार्यालय से संपर्क करें या वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज देखें/डाउनलोड करें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (RS&G), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**
FL/24-99

स्वच्छ भारत अभियान — एक कदम स्वच्छता की ओर


# 205 प्रशिक्षणार्थियों का मलेरिया, डेंगू एवं सिकलसेल जांच परीक्षण एवं स्वास्थ्य जांच शिविर संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में 31 अगस्त दिन शुक्रवार को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में लगभग 350 प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षणरत है। जिनमें से 205 प्रशिक्षणार्थियों का मलेरिया, डेंगू एवं सिकलसेल जांच किया गया जिसमें जांच के दौरान सिकलसेल के संभावित 19, मलेरिया एवं डेंगू के जांच के दौरान किसी भी प्रशिक्षणार्थी में डेंगू के वायरस नही पाया गया है। सीएमएचओ डॉ. नेतराम नवरत्न, ने बताया कि मलेरिया एवं डेंगू से बचाव हेतु मच्छरदानी का उपयोग करें एवं बरसात के दिनों में अपने आस-पास पानी जमा न होने देने को कहा चूंकि डेंगू के लार्वा स्वच्छ पानी में पनपते है। डेंगू की शुरूवाती विशेषता तीव्र बुखार, सिरदर्द और उल्टी 04 से 10 दिनों तक बुखार आने पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य संस्थान में डेंगू व मलेरिया की जांच अवश्य करावें। सिकल सेल एनीमिया यह एक अनुवांशिक रोग है इसलिये जब तक खून की जांच न करवाई जाए तब तक इस रोग की जानकारी नहीं मिलती है। इसलिए 0 से 40 वर्ष आयु वर्ग के महिला एवं पुरूष सिकलसेल जांच कराई जाये। सिकलसेल रोगी या परिवारजन को अपने नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य संस्थान में निःशुल्क परामर्श एवं उपचार उपलब्ध है। स्वास्थ्य जांच शिविर एसपी गजेन्द्र सिंह ठाकुर, श्रीमती अंजली एरेवार, डॉ. पूजा मेश्राम, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत सहयोगी कार्यरत कौशल किशोर शर्मा, दिलीप साहू, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, अखिलेश महेश्वरी, श्रीमती अनुसूईया बोगा, श्रीमती छबी साहू, श्रीमती रूपाली कुंजाम, श्रीमती सीमा सोरी, सुश्री चीना कंवर के द्वारा मलेरिया, डेंगू एवं सिकलसेल जांच किया गया।

# दलित शोषित वर्ग को आगे लायें, यह समाज की बड़ी जिम्मेदारी- मधुसूदन यादव

डोंगरगढ़(दावा)। स्थानीय नागसेन बुद्ध विहार में लिफ्ट के भूमि पूजन समारोह में पहुंचे पूर्व सांसद व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने सामाजिक लोगों से विशेष चर्चा की। उन्होंने कहा कि विकास कार्य तो शासन की जिम्मेदारी है।समाज के लोगों का कार्य है कि वे गरीब तबके के कमजोर लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का कार्य करें।

उन्होंने कहा कि आपके पास एक साल का वक्त है मैं अगले साल पूछ लूंगा कि आपने कितने लोगों का राशन कार्ड बनाया कितने लोगों को महतारी वंदन से जोड़ा कितने आयुष्मान कार्ड बनाएं कितने को प्रधानमंत्री आवास दिलाया एवं कितने टैलेंटेड बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं में कामयाबी दिलाई। उन्होंने कहा कि समाज के सबसे कमजोर व्यक्ति के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए कार्य करें वे आत्मनिर्भर हों यह समाज की जिम्मेदारी है इस तरह की कार्य योजना बनाकर कार्य करें तभी सरकार का उद्देश्य पूरा होगा।

भूमिपूजन के पश्चात उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भवन छात्रावास व अन्य विकास कार्य के लिए सरकार तैयार है किंतु समाज के उन जरूरतमंदों को जो टैलेंटेड है चाहे वह खेल के क्षेत्र में हो या शिक्षा के क्षेत्र में और आर्थिक कमजोरी के कारण आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं उनके पास संसाधन नहीं है उन्हें आगे बढ़ाने के लिए समाज के संसाधन का उपयोग करें । उन्होंने कहा कि भवन के विकास के लिए जितनी भी राशि की जरूरत होगी एक बार नहीं कई बार उसे जरूर को पूरा करने में मदद करेंगे। समाज के अंतिम छोर के टैलेंटेड युवाओं को संसाधन उपलब्ध कराकर उन्हें मुख्य धारा में लाकर खड़ा करें तभी हमारा समाज से जुड़ना सार्थक होगा विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी विशेष जरूरत भी उन्होंने बताई।

### डोंगरगढ़ को मां बमलेश्वरी के साथ-साथ चंद्रगिरी व प्रज्ञा गिरी के कारण भी पहचान मिली है

सामाजिकगणों को संबोधित करते हुए श्री यादव ने आगे कहा कि जिस तरह आज डोंगरगढ़ को मां बमलेश्वरी देवी के कारण पहचान मिली है प्रज्ञागिरी व चंद्रगिरी के कारण पहचान मिली है उसी प्रकार बौद्ध विहार के नाम से भी यह जाना जाएगा यह आपकी उपलब्धि है किंतु वास्तविक उपलब्धि तभी है जब समाज का कमजोर व्यक्ति मुख्य धारा पर आ खड़ा हो उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है आप लोगों ने प्रयास किया और भवन का रुका हुआ काम आगे बढ़ा इसमें जिसका भी सहयोग रहा डॉक्टर साहब इसमें विशेष सहयोगी हैं काम की शुरुआत हुई है तो उसे लक्ष्य तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हम सब की है। प्रदेश बनने के बाद डॉक्टर रमन सिंह ने प्रत्येक समाज को बहुत सहयोग किया पूर्व सरकार ने भी सहयोग किया और जो कार्य पूरे नहीं हुए हैं उसे वर्तमान सरकार के माध्यम से हम पूर्ण करेंगे। उसके लिए चिंता ना करें समाज के हर वर्ग के विकास के लिए डॉक्टर रमन ने पहली बार प्राधिकरण का निर्माण किया जिससे सतनामी समाज रविदास समाज बौद्ध समाज सहित अन्य पिछड़े समाजों के काम अलग बजट मिलने के कारण द्रुत गति से पूरे हुए। इसके लिए उन्होंने डॉक्टर रमन सिंह के प्रति आभार भी व्यक्त किया।




**कमजोर व गरीब के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का कार्य करें**

### पं. नेहरू ने प्रधानमंत्री रहते डॉ. आंबेडकर के स्थान पर स्वयं को भारत रत्न से सम्मानित किया

पूर्व सांसद ने कहा यदि देश के परिपेक्ष में बात करें तो नेहरू जी ने प्रधानमंत्री रहते हुए स्वयं को भारतरत्न से सम्मानित कर दिया था किंतु तब उन्हें डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर की याद नहीं आई उनकी याद तब आई जब 1989 में भाजपा के सहयोग से प्रधानमंत्री बने विश्वनाथ प्रताप सिंह ने उन्हें भारत रत्न दिया। तब केंद्र में भाजपा के सहयोग से उनकी सरकार थी और अब मोदी जी की सरकार ने बाबा साहब के प्रतीकों को तीर्थस्थल के रूप में विकसित कर उनके संस्मरण को पुनर्स्थापित किया है उन्होंने कहा कि देश में एक ऐसा परिवार है जिसमें किसी की भी मृत्यु होती है तो उसके लिए दिल्ली में कई एकड़ जमीन समाधि के लिए आवंटित हो जाती है किंतु बाबा साहब की समाधि के लिए उन्हें याद तक नहीं आई याद तो मोदी जी ने किया।

### संविधान व आरक्षण को खतरा नहीं

संविधान के बारे में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यदि संविधान को ठोकर पहुंचाई है तो कांग्रेस सरकार ने सबसे अधिक ठोकर दी है आज तक 125 संशोधनों में 100 से अधिक संशोधन कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में आए हैं। 1977 की इमरजेंसी को याद करते हुए उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को इमरजेंसी लगानी पड़ी क्योंकि वे सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश को नहीं मान रही थी यह आदेश भी संविधान के निर्माता बाबा साहब अंबेडकर के द्वारा बनाए गए संविधान के चलते ही उनके खिलाफ आया था और उन्होंने पूरे देश में इमरजेंसी लगाकर कानून का मजाक उड़ाया। गुलामी के बाद वापस गुलामी में लोगों को लाने का काम इंदिरा गांधी ने किया विरोधियों को मीडिया को जेल भेज दिया नागरिकों के अधिकार छीन लिए न्यायालय के निर्णय से रूस्ट होकर यह सब किया न्यायालय संविधान के चलते से चलते हैं जिसका निर्माण डॉ बाबासाहेब ने किया था एक प्रकार से इंदिरा गांधी ने उनका अपमान किया जब वे संविधान के निर्णय को मानने बाध्य नहीं थे तो आप संविधान की किताब लेकर क्यों संसद में घूम रहे हैं यह वही कांग्रेस है जिसने संविधान के अब तक हुए 125 संशोधन में 100 से अधिक संशोधन कांग्रेस ने ही किए हैं वह किस मुंह से संविधान को बचाने की बात करते हैं । आप ही बताएं इस 70 साल पहले मकान बना क्या वह आज भी वैसा ही रहेगा आज व्यक्ति मकान बनाएगा तो आज के युग के हिसाब से बनाएगा अपनी आवश्यकताओं के हिसाब से बनाएगा आधुनिक मकान बनाएगा यही बात संविधान में भी लागू होती है। उन्होंने कहा ना तो संविधान बदलेगा और ना ही आरक्षण खत्म होगा इससे दिगभ्रमित करने वालों से सावधान हो जाने की आवश्यकता बताते हुए उन्होंने कहा कि बरगलाने वाले की बात की मैं निंदा करता हूं और आप भी उसकी निंदा कीजिए। हमारे मुखिया प्रधानमंत्री डॉ नरेंद्र मोदी ने जब कह दिया है तो उनकी बात पर जरूर ध्यान दीजिए। समाज को शिक्षा एवं जागरूकता से जोडिए।

कार्यक्रम को पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने संबोधित करते हुए कहां कि उनकी सहमति से ही विकास कार्यों की स्वीकृति दिलाई है चाहे बुद्ध बिहार हो या प्रज्ञागिरी डॉक्टर साहब का बड़ा सहयोग मिला है डॉ रमन ने 7 करोड़ की स्वीकृति प्रज्ञागिरी में रोड निर्माण की दी है अब रोड से भी लोग प्रज्ञागिरी के दर्शन कर सकेंगे उन्होंने बताया कि आजाद भारत में नागपुर के बाद हावड़ा तक डोंगरगढ़ का बुद्ध बिहार ही पहले था जिसके कार्यकलापों को देखकर बौद्ध समाज के लोग अनुसरण करते थे उन्होंने प्रदेश सरकार से भी हर संभव सहयोग दिलाने का आश्वासन दिया और समिति के लोगों को बधाइयां दी। स्वागत भाषण व मंच संचालन बौद्ध समाज के अध्यक्ष डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर ने किया व आभार प्रदर्शन सिद्धार्थ नागदेवे ने किया। इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष अमित जैन पालिका में नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा महामंत्री राकेश अग्रवाल भी मंचासीन थे कार्यक्रम में मोनू भंडारी अलका जयेश सहारे मीणा धरडे प्रीति चमन समुंद्रे अनिल लांजेवर अनीता लोकेश इंदुरकर सविता दरगड रमन डोंगरे लक्ष्मी यादव कन्हैया वर्मा शिक्षाविद राजकुमार नंदेश्वर योगेष सरजारे, निर्भयदास चैखांद्रे, अनिल सहारे, परविंदर सिंग मोन्टी, सविता दरगढ,मुकेश रामटेके, देवेन्द्र साखरे, ओमप्रकाश बागडे, कन्हैया वर्मा, सिद्धार्थ नागदेवे, योगेश सरजारे सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## अनमोल दावा

> **जिस प्रकार अग्नि स्वर्ण को परखती है, उसी प्रकार संकट वीर पुरुषों को परखते हैं**

# मनमानी के विरुद्ध, दागी अफसरों के खिलाफ सरकार की खामोशी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

इस तरह का रवैया किसी ऐसी व्यवस्था में ही आम हो सकता है, जहां एक व्यक्ति की मर्जी से सरकार और समूचा तंत्र चलता है। ऐसे मामले देश के अलग-अलग राज्यों से अक्सर आते रहते हैं। इस तरह के मामले अक्सर उठते रहे हैं कि सरकारें दागी अफसरों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने के बजाय इसकी अनदेखी करती है। कई बार आरोपी अधिकारी की तैनाती उसके पसंद के पद पर भी कर दी जाती है। यह प्रकारांतर से उसे बचाने या पुरस्कृत करने जैसा ही है, जिसे सरकार अपने अधिकार क्षेत्र में मानती है। जबकि इस तरह के रुख को न केवल नियमों के विरुद्ध माना जाता है, बल्कि यह मनमानी भी है, जिससे सबसे ज्यादा लोकतांत्रिक व्यवस्था और मूल्यों को नुकसान पहुंचता है।उत्तराखंड के एक मामले की सुनवाई करते हुए बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे ही मनमानी रवैये के खिलाफ तीखी टिप्पणी की है और इसे एक तरह से लोकतंत्र के विरुद्ध बताया है। गौरतलब है कि भारतीय वन सेवा यानी आइएफएस के एक अधिकारी को उत्तराखंड के राजाजी टाइगर रिजर्व का निदेशक बनाए जाने पर सर्वोच्च न्यायालय ने तीखी नाराजगी जताई और राज्य के मुख्यमंत्री को सख्त फटकार लगाई। अदालत ने साफ कहा कि जिस अफसर को पेड़ों की गैरकानूनी तरीके से कटाई के मामले में जिम कार्बेट टाइगर रिजर्व से हटाया गया था, उसे रिजर्व का निदेशक क्यों बना दिया गया!

हैरानी की बात यह है कि जिस अधिकारी पर किसी भी रूप में कानून के विरुद्ध आचरण का आरोप लगा हो, उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के बजाय प्रक्रिया के तहत आरोपमुक्त होने से पहले ही फिर से उसे निदेशक जैसे पद पर तैनात कर दी जाती है। क्या उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के लिए लोकतांत्रिक दायित्वों और मर्यादा के यही मायने हैं?

दरअसल, इस नियुक्ति में नियम-कायदों, नैतिकता और लोकतांत्रिक परंपराओं को जिस तरह ताक पर रख दिया गया, शायद उसी के मद्देनजर शीर्ष अदालत को यह टिप्पणी करने की जरूरत पड़ी कि च्हम सामंती युग में नहीं हैं कि जैसा राजा बोले वैसा ही होगा।ज् हालांकि इस मसले पर विवाद के बाद राज्य सरकार ने इस नियुक्ति के आदेश को वापस ले लिया, लेकिन इस संबंध में एक तथ्य यह सामने आया कि विभागीय मंत्री, मुख्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी इस नियुक्ति के पक्ष में नहीं थे, इसके बावजूद इस असहमति पर विचार करने के बजाय उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने दागी अफसर को निदेशक बना दिया।

जाहिर है, यह अपने दायित्व और अधिकार की सीमा पर गौर नहीं करने का ही एक उदाहरण है। भ्रष्टाचार या अन्य अनियमितता के आरोपों की वजह से कार्रवाई के दायरे में आने के बाद भी दागी अफसरों की ओर से आंखें मूंदे रखना या प्रकारांतर से उसे राहत पहुंचाने या पुरस्कृत करने को सरकारों और खासतौर पर शीर्ष पद पर बैठे व्यक्ति ने मानो अपना अधिकार मान लिया है। कम से कम इस बात का इंतजार भी नहीं किया जाता है कि अगर किसी अधिकारी पर अनियमितता के आरोप लगे हैं, तो उसके खिलाफ विभागीय जांच या कानूनी प्रक्रिया पूरी हो जाए।

इस तरह का रवैया किसी ऐसी व्यवस्था में ही आम हो सकता है, जहां एक व्यक्ति की मर्जी से सरकार और समूचा तंत्र चलता है। ऐसे मामले देश के अलग-अलग राज्यों से अक्सर आते रहते हैं, जिसमें भ्रष्टाचार या किसी अन्य गंभीर आरोप से घिरे व्यक्ति के मामले में उचित कार्रवाई करने के बजाय उसे राहत या किसी अहम जगह पर तैनाती दी जाती है। सुप्रीम कोर्ट के आकलन के मुताबिक देखें तो इसे सामंती युग के आचरण के तौर पर ही देखा जाएगा। ऐसी प्रवृत्ति से निश्चित तौर पर लोकतंत्र बाधित होता है।

# दैवीय संस्कृति में प्रथम वंदना श्रीगणेश जी की



टीकेश्वर सिन्हा 'गब्दीवाला'



भारतवर्ष की दैवीय संस्कृति विश्ववंदनीय है। पौराणिक प्रसंगों में हमारी अनूठी संस्कृति वर्णित है। वैदिक कथाएँ तक भारतीय संस्कृति का गुणगान करती हैं। हमारी यह अनुपम सांस्कृतिक धारा जिस माध्यम से अनवरत प्रवाहमान है; वह है परम्परा। इसी परम्परा में दैवीय पूजन की सांस्कृतिक निराली छाप है; और यह दैवीयपूजन श्रीगणेश-पूजा से श्रीगणेश होता है।

'वक्रतुंड महाकाय सुर्यकोटि समप्रभ।
निर्विघ्न कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा।।'

### श्रीगणेश का जन्मवृतांत :

श्रीगणेश जी के जन्म से सम्बंधित कई वैदिक प्रसंग हैं। एक पौराणिक प्रसंगानुसार भादो मास के शुक्ल पक्ष के चतुर्थी तिथि को जगजननी माता पार्वती स्नान कर रही थीं। तभी उन्होंने अपनी देह के मैल से एक पुतले का निर्माण किया, जिसमें देवाधिदेव महादेव ने प्राण का संचार किया। इस तरह श्रीगणेश जी भगवान शिव और माता पार्वती का पुत्र कहलाये।

### श्रीगणेश का प्रथम देवपूजन

हमारे हिंदू दैवीय पूजा-पाठ में सर्वप्रथम श्रीगणेश जी का आह्वान किया जाता है। एक कथा के मुताबिक श्रीशिव-पार्वती जी ने अपने दोनों पुत्र बालक गणेश व कार्तिकेय से प्रश्न किया कि उन दोनों में धरती का चक्कर पहले कौन लगा सकता है। कार्तिकेय तुरंत अपने मोर सवार होकर धरा-परिक्रमा हेतु निकल पड़ा। फिर बालक गणेश अपनी जगह से उठा। शिव व पार्वती जी को प्रणाम किया; और माता पार्वती जी का ÷माता तु स्वयं वसुधा...÷ कहते हुए परिक्रमा की। फिर भगवान शिवजी बोले- ÷पुत्र ! तुम धन्य हो। तुमने माता को धरती से बड़ा माना। तुम्हारे इस चातुर्य से मैं अति प्रसन्न हूँ। इस संसार में सर्वप्रथम तुम्हारी पूजा होने का मैं आशीष प्रदान करता हूँ। फिर श्रीशिव-पार्वती जी ने प्रसन्नतापूर्वक पुत्र गणेश को अपने समक्ष बिठा लिया।

'सदा भवानी दाहिनी,
सन्मुख गौरी गणेश।
पाँच देव मिलके रक्षा करें,
ब्रह्म विष्णु महेश।।'

### छत्तीसगढ़ी लोकमानस में श्रीगणेश

छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति की भव्यता हमारे तीज-त्यौहारों में दिखती है। तीज-त्यौहारों में दैवीय पूजन का विशेष महत्व होता है। अतः तीज-त्यौहार हो , चाहे कोई भी मांगलिक कार्य हो, सर्वप्रथम श्रीगणेश पूजन के लिए हमारे गाँव-देहात में गाय का थोड़ा सा गोबर लेकर उस पर हल्दी लगी रुई रख कर श्रीगणेश का प्रतिकात्मक रूप बनाया जाता है, जिसे 'गौरी-गणेश' के नाम से जाना जाता है; और सर्वप्रथम पूजा की जाती है।

हमारे छत्तीसगढ़ में भादो महीने के शुक्ल पक्ष के चतुर्थी से चतुर्दशी तिथि तक विशेष पूजापाठ होता है। इसे गणेशपक्ष के रूप में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। हमारे छत्तीसगढ़ में राजनांदगाँव को श्रीगणेश पूजा के लिए जाना जाता है। ग्यारह दिनों तक मोदकप्रिय श्रीगणेश के पूजा-पाठ में बच्चों की बड़ी दिलचस्पी होती है। इस दरम्यान सुबह-शाम श्रीगणेश जी की आरती सुनने को मिलती है।

'जय गणेश जय गणेश
जय गणेश देवा....
माता जाकी पारवती
पिता महादेवा....
लडुवन का भोग लगे,
संत करे सेवा...जय गणेश देवा...'

छत्तीसगढ़ी लोकगीतों में श्रीगणेशजी विद्यमान होते हैं; चाहे वह अनुष्ठानगीत, संस्कार गीत, पर्वगीत, बारहमासी गीत हो या चाहे खेलगीत हो। पर्वगीत के अंतर्गत फागगीत में श्रीगणेश जी का जिक्र होता है।

'गणपति को मनावव
प्रथम चरण गणपति को....
काकर पुत्र गणपति भये
काकर पुत्र हनुमान
काकर पुत्र भैरव भये
काकर पुत्र राम.... प्रथम चरण....
गौरी के पुत्र गणपति भये
अंजनी के हनुमान
कालि के पुत्र भैरव भये
कौशल्या के राम.... प्रथम चरण...'

### श्रीगणेश जी का शौर्य-पराक्रम

एक बार माता पार्वती ने स्नान करते समय बालक गणेश को गृह-प्रवेशद्वार पर बिठा दिया। उसी समय भगवान शिवजी आये। बालक गणेश ने उन्हें अंदर आने से मना किया। दोनों एक-दूसरे से अनजान थे। अंततः दोनों में युद्ध छिड़ गया। वह भीषण युद्ध था। तीनों लोक में हाहाकार मच गया। अंततः शिवजी ने गणेश का सिर धड़ से अलग कर दिया। फिर शिवजी को अवगत हुआ कि बालक गणेश उन्हीं का पुत्र है, फिर उन्होंने एक हाथी के बच्चे का सिर लगाकर गणेश को जीवित किया; और गणेश को गजानन नाम मिला। एक प्रसंग के मुताबिक एक बार महर्षि परशुराम जी महेंद्र पर्वत से शिवजी का दर्शन करने कैलाश आये। बालक गणेश ने परशुराम जी को शिवजी के पास जाने से मना किया। फिर दोनों में युद्ध ठन गया। इस दरम्यान महर्षि परशुराम जी के फरसे के प्रहार से बालक गणेश का एक दाँत टूट गया। फिर बालक गणेश एकदंत कहलाये।

श्रीगणेश जी ने जग हित के लिए लोभासुर,सुंदर प्रिय, विषयप्रिय, मदासुर, क्रोधासुर, अहंतासुर जैसे दानवों का वध किया। वे बड़े वीर व पराक्रमी थे।

### परस्पर पारिवारिक सम्बन्ध और श्रीगणेश जी

महादेव शिव जी और भगवती पार्वती का एक अनूठा परिवार है। उनका परिवार बड़ा निराला है; सबका वाहन भी। शिव जी का नंदी बैल, पार्वती का सिंह, कार्तिकेय का मयूर और गणेश का मूषक। इन सभी प्राणियों में आपसी वैमनस्यता का कहीं भी जिक्र नहीं होता। यह एक बेहतर सामंजस्यपूर्ण परिवार होने का सांसारिक संदेश है।

घोटिया-बालोद (छत्तीसगढ़)
सम्पर्क : 9753269282.

## विचार-सरिता

# मन में बसे हैं राम - 251 : लक्ष्मण जी ने कहा, मेरा जीवन श्री राम के बिना अधूरा, मुझे भी वन जाने दिया जाए

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय



श्री राम ने समझाने का प्रयत्न किया, 'यह अपरिहार्य निर्णय है अनुज और इसके लिए पिता महाराज विवश थे क्योंकि उन्हें छोटी माता की इच्छा का सम्मान करना है। यह उनका वचन है और उनके वचन का पालन मेरा सर्वोपरि कर्तव्य है। अयोध्या के सूर्यवंशी राजाओं के इतिहास में पिता महाराज का नाम अत्यंत सम्मान के साथ लिया जाता है और भावी इतिहास इस बात को सदैव स्मरण रखेगा कि उन्होंने पुत्र मोह को तिलांजलि देकर एक राजा द्वारा किसी पूर्व समय में दिए गए अपने वचन का भी पालन किया। इसके लिए भले ही उन्हें अपने प्रिय पुत्र को अपने से दूर ही क्यों न भेज देना पड़ा। एक राजा के कर्तव्य पालन का जो आदर्श पिता महाराज ने प्रस्तुत किया है,वह भावी पीढ़ियों के लिए एक राजा के कर्तव्य के रूप में सदा स्मरण रखा जाएगा।'

इसके बाद श्री लक्ष्मण जी ने श्री राम के साथ वन जाने की इच्छा प्रकट की। उन्होंने माता कौशल्या से कहा, 'हे माता आपको विदित ही है कि मैं भैया राम के बिना एक क्षण भी नहीं रह पाता हूं। बचपन से हम चारों भाई एक साथ खेलते- कूदते रहे हैं। हमने भोजन,शयन, शिक्षा, शस्त्र विद्या, शास्त्रों का अध्ययन आदि कार्य या तो राजप्रासाद में या गुरु के आश्रम में साथ ही किया है। विशेष रूप से मेरे जीवन में अब तक ऐसा कभी नहीं हुआ है,जब मैं भ्राता राम के बिना रहा हूं। मुझे भी उनके साथ वन जाने की अनुमति दी जाए।'

'राम और सीता तो वन जा ही रहे हैं पुत्र! अब तुमने यह कैसी विचित्र मांग कर दी है? अपने घर के दो- दो सदस्यों को वन जाते हुए देखना पहले ही पीड़ादायक है और अब तुम भी इस कष्ट में वृद्धि करने वाला कार्य कर रहे हो।' माता सुमित्रा ने कहा।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)



## कविता

### ॥ घरौंदा हो रहा छोटा ॥

नित हो रहे मकान ब, पर घरौंदा हो रहा छोटा।
बात-बात पर अहं खड़े, पर मन हो रहा छोटा।।
वह पाना क्या पाना, जब कोई अपने पास नहीं।
बरगद भी तो सूख रहे, आशीष का हो रहा टोटा।।
घर में जब भी लोग रहे, निजता की भी चाह रही।
जब कभी घरौंदा खाली, साथ रहने की चाह रही।।
जीवन कितना छोटा है, जरा बात करें वटवृक्षों से।
रिश्तों में जीवन बसता, पर किश्तों में परवाह रही।।
मुड़ने लगीं शाख लताएँ, हरियाली ड्राइंग कोने में।
हासिल धन यश कीर्ति, खुशियाँ भी रोतीं कोने में।।
आँखे ढूँढे हँसती आँखें, लब्धियों पे मुस्काए अधर।
सिर पे हाथ जब फिरे, ना होता खुद के होने में।।
चेहरे हो रहे गौण तभी तो, गल परिचय टाँगा जाता।
अपनी-अपनी राह किसी से,
सम्बन्ध न कोई नाता।।
तिस पर भी जीवन गौरव, आत्मगौरव
का भान रहे। अक्सर मुस्कुरा
देता जब, स्थायी पता
मांगा जाता।।



रोशन साहू
''मोखला''(राजनांदगांव)

## सू- दोकू क्र.170

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.169 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## सुप्तक कथा

### गणेश जी का उपदेश

खूब आकर्षक आसन सजाकर
विध्नहरण भगवान श्री गणेश जी को,
उस पर, भक्तिभाव से बिठाकर,
बड़ी श्रद्धा से हाथ जोड़कर,
जनताराम ने मन ही मन प्रार्थना की
'हे प्रथम पूज्य भगवन् ! हे लम्बोदर !
हमारे सब दुःख दूर करें !
हमारे सारे कष्टों को हरें !!'
अन्तर्यामी श्रीगणेश भगवान
मन्द-मन्द मुस्कराए, बोले - हे वत्स !
हमारी बातों को ध्यान से सुनो!
और सदा यह याद रखो
कि हमारा भाग्य,
हमारा भविष्य बनाता है,
परन्तु हमारा कर्म,
हमारा भाग्य बनाता है।
अतः सत्कर्म करते रहो !
परोपकार की राह चलते रहो !



- गिरीश बख्शी

## स्मृतियां - 7

### मूल्यांकन अनुभव

बात 1986 की है। तब मैं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायपुर में अंग्रेजी भाषा पढ़ाता था। मुझे संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण जबलपुर के आदेश के तहत वार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकामओं के मूल्यांकन के लिए जबलपुर बुलाया गया। तब मप्र राज्य में गिनती के औद्येगिक प्रशिक्षण संस्थान हुआ करते थे। मै नियत समय पर अंग्रेजी भाषा की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन करता। धीरे-धीरे सभी केन्द्रों की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन करता गया।

फिर मेरे सामने मेरी अपनी संस्था औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायपुर की कापियां आई मूल्यांकन के लिए। जिसे देखते ही मैने मूल्यांकन करने से मना कर दिया। मैंने कहा ये तो मेरी संस्था का पेपर है। मैं मूल्यांकन नही करूंगा। जवाब में संबंधित ने कहा हम तो एक ही व्यक्ति को बुलाते है, पूरे राज्य के मूल्यांकन के लिए। मैंने कहा मैंने इन बच्चों को साल भर पढ़ाया हूं। एक एक बच्चे की हैण्ड राइटिंग पहचानता हूं। मेरी संवेदना उनसे जुड़ी हैं। मैं किसी को फेल नही कर पाउंगा। मै चाहता हूं कि निष्पक्ष मुल्यांकन हो। मेरी जिद के चलते वे पेपर का वह बंडल वापस ले गए। और, अगला बंडल माना औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था का था। मैं एक तो मना कर दिया था, दूसरा कैसे मना करता? मजबूरन उसे मुझे ही जांचना पड़ा। पूरी कापी जांचने के बाद पता चला कि सभी पास हो गए। मैंने वहाँ भी मात्र 15 दिन कक्षांए लेने गया था।

यदि व्यक्ति शिद्दत से पढ़ाये तो प्रत्येक बच्चे की लिखावट साल भर में पहचान सकता है। यही एक सफल शिक्षक की पहचान और काम के तरीके का मूल्यांकन होता है/होना चाहिए। जिन बच्चों को आप पढ़ाते हैं उनके साथ संवेदना जुड़ जाती है। बशर्ते, आप पूरी शिद्दत से तो पढ़ायें। कक्षा के प्रत्येक बच्चे को केवल उसकी लिखावट से पहचानना शिक्षक के बूते की ही बात हो सकती है।

आज ऐसे कितने शिक्षक/शिक्षिकाएं है जो पूरे गर्व से कह सकें वे अपने बच्चों की लिखावट पहचानते है ?



युगल किशोर तिवारी

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आज बुजुर्गों का धार्मिक कार्यों में मन लगेगा। दोस्तों के साथ आज रेस्टोरेंट जायेंगे, जहां ख़ुशी का माहौल बना रहेगा। ऑफिस में किसी बात को लेकर मूड अपसेट हो सकता है, जहाँ तक हो सके नार्मल रहे। लॉ कर रहे छात्रों को नए टॉपिक में काफी इंटरेस्ट आएगा।

**वृषभ** — आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। दांपत्य रिश्ते में चल रही अनबन से छुटकारा मिलेगा। आज का दिन आपके रिश्ते में मिठास घोलेगा। कंस्ट्रक्शन के कारोबारियों का चल रहा काम आज पूरा हो जायेगा। आज फ़ास्ट फ़ूड को अवॉयड करें, स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। इस राशि के राजनीतिज्ञ कोई समारोह करने की योजना बना सकते हैं।

**मिथुन** — आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज भाई बहनों के साथ खूब मनोरंजन करेंगे। आस-पड़ोस के लोगों से मधुरता बनाये रखें। प्रोफेसर्स के लिए दिन लाभदायक रहेगा। हाल ही में डांस अकेडमी ज्वाइन किया लोग मन लगा कर सीखें। आगे बढ़ने का मौका आपको जल्द ही मिलेगा।

**कर्क** — आज आपका दिन नार्मल रहने वाला है। ऑफिस आज आपके किसी काम की तारीफ़ होगी। कम्पटीशन की तैयारी में आपको सफलता मिलेगी। अपने अभ्यास को जारी रखें। इस राशि की जो महिलायें अपना बिजनेस स्टार्ट करना चाहती हैं उनके लिए आज अच्छे योग बन रहे हैं।

**सिंह** — आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। कारोबार में थोडा सोंच समझकर आगे बढ़ना आज उचित रहेगा। ठाने हुए कार्यों में आपको सफलता जरुर मिलेगी। इस राशि के लोगो को जरुरत से ज्यादा किसी पर भरोसा नहीं करना चाहिए। आज आपका स्वास्थ फिट रहेगा। प्रतियोगी परिक्षा के आपको अच्छे रिजल्ट मिलेंगे ।

**कन्या** — आज आपका दिन खुशहाल रहेगा द्य आज कोई खुशखबरी मिलेगी जिससे आप पूरा दिन उत्साहित रहेंगेद्य ऑफिस में दोस्तों के साथ पार्टी कर सकते हैंद्य दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगाद्य आज आपके विचारों में उग्रता आयेगी द्य हार्डवेयर के करोबारियों का दिन लाभदायक साबित होगा। लवमेट से आपको सरप्राइज मिलेगा।

**तुला** — आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। प्रतियोगी परिक्षा की तैयारी में लगे छात्रों को अपनी मंजिल तक पहुँचने में सफलता मिलेगी। आप सामाजिक क्षेत्र से जुड़े है आज आपको सम्मानित किया जाएगा। आंख की समस्या से परेशान लोग अच्छे डॉक्टर को दिखायेंगे। संतान पक्ष से आपको कोई खुशखबरी मिल सकती है।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। धार्मिक कार्यों की तरफ आपका झुकाव रहेगा। दूसरों की मदद आदि के कार्य में रूचि बढ़ेगी। अगर आपने किसी से रुपए उधार लिए हैं, तो आप जल्द उसे चुकता कर देंगे। वैवाहिक जीवन में सुख संतोष में वृद्धि होगी। आपके व्यक्तिगत जीवन की जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**धनु** — आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज कोई भी निर्णय लेने से पहले परिवारजन की राय अवश्य लें। किसी काम को करने की उत्सुकता बढ़ेगी। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, आपके अन्दर एनर्जी भरपूर रहेगी। सरकारी जॉब वाले लोगों के प्रमोशन से जुडी अच्छी खबर जल्द मिलेगी।

**मकर** — आज आपका दिन शानदार रहेगा। बेरोजगारों को रोजगार का मौका मिलेगा। आपको सभी रुके कार्यों में सफलता मिलेगी। छात्र पढ़ाई में रूचि लेंगे.. अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी समझेंगे। नए बिजनेस की शुरुआत आपके लिए फलदायी होगी। इस राशि के लोगों की आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी।

**कुंभ** — आज आपका दिन शानदार रहेगा। काम पर निकलते समय अचानक किसी फ्रेंड की काल आयेगी, उनसे आपको महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी। अपने जीवन को बेहतर ढंग से जीने का प्रयास करेंगे। काफी समय पहले कोई देखी गई प्रॉपर्टी लेने के लिए फाइनल डिसिशन करेंगे, घर वालों से विचार विमर्श कर लें।

**मीन** — आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। अगर आप टेक्निकल कोर्स कर रहे हैं, तो आपको अच्छी जॉब मिल सकती है। ऑफिस के काम में आज व्यस्त रहेंगे, कोशिश करके घरवालों को भी समय दें। किसी मित्र से उसका काम पूरा कराने का वादा किया है, तो आज आप उसे पूरा करायेंगे। दाम्पत्य जीवन में खुशियों की बौछार होगी।

# युक्तियुक्तकरण नहीं हुआ तो बड़े आंदोलन की तैयारी

डोंगरगढ़(दावा)। छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ पंजीयन क्रमांक 64 72 की संभागीय बैठक बालोद में होगी। ज्ञात हो कि दुर्ग संभाग स्तरीय बैठक जिला बालोद पेंशन भवन शिकारीपारा में रविवार को 11 बजे संघ की बैठक आहूत की गई है। जिसमें दुर्ग संभाग के समस्त सातों जिलों के जिला पदाधिकारी एवं बालोद जिला के समस्त विभागों के कर्मचारी शामिल होंगे ज्ञात हो की लंबे समय से संघ नियमित कारण की मांग करते आ रहा है कुछ विभागों में नियमितकरण के संबंध में शासन स्तर पर उचित जानकारी तक नहीं भेजी जा रही है।

**रविवार की दुर्ग संभाग स्तरीय बैठक में बनेंगी रणनीति**



वहीं शासन के समस्त विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करण किया जाए बैठक का मुख्य मुद्दा होगा हाल ही में राज्य सरकार ने 3 अक्टुबर 2023 को आयुक्त आदिम जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास विभाग को निर्देश जारी कर कहा गया है कि प्रदेश के सभी जिलों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को जो रिक्त पदों के विरुद्ध कार्यभारित एवं आकस्मिक निधि में 3 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके हैं ऐसे कर्मचारियों को युक्तयुक्ति करण करते हुए तत्काल नियमितीकरण की कारवाई किया जाए इस संबंध में दुर्ग संभाग के लगभग सभी जिला प्रमुख सहायक आयुक्तो से जिला अध्यक्ष के द्वारा मुलाकात कर ज्ञापन दिया लेकिन आदिम जाति अनुसूचित जाति विकास विभाग के जिला स्तर कार्यालय द्वारा युक्तिकरण करने की कार्यवाही में जानबूझकर विलंब किया जा रहा है।

### दुर्ग संभाग की आयोजित बैठक में बनेगी रणनीति

योगेश चौरे प्रांतीय महामंत्री एवं अध्यक्ष दुर्ग संभाग ने बताया की, विलंब की स्थिति को देखते हुए संभाग स्तरीय बैठक बुलाई गई है जिसमें सर्वप्रथम बालोद जिला में कार्यरत आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति जनजाति विकास विभाग के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी का युक्तियुक्तकरण किए जाने के संबंध में छानबीन समिति का गठन किया गया था। छानबीन समिति के गठन के पश्चात की अनुशंसा के बाद भी आज दिनांक तक युक्तयुक्ति करण की कार्रवाई आगे नहीं बढ़ाई गई है जिससे कर्मचारियों में काफी रोष है वहीं दुर्ग संभाग में कार्यरत सभीजिलों के शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी नियमित कर्मचारी कार्यभारित एवं आकस्मिक निधि कर्मचारी की समस्याओं के बारे में विस्तृत चर्चा की जाएगी बैठक में निर्णय लिया जाएगा। आदिवासी विकास विभाग में संभाग के सभी जिलों में सहायक आयुक्त के द्वारा अभिलंब कार्रवाई नहीं की गई तो एक-एक जिला वार जिला कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा संभाग की बैठक में विभाग में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित किए जाने के संबंध में बैठक प्रस्ताव तैयार कर आगे की रणनीति तैयार की जाएगी।बैठक में नियमित व दैनिक वेतन भोगी आकस्मिक निधि कर्मचारी शामिल होंगे। अतः समस्त संभाग के साथियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में उक्त बैठक में सम्मिलित सभी जिला के जिला अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष संभागीय पदाधिकारी अनिवार्य रूप से बैठक में उपस्थित होने का कष्ट करेंगे।

# वन चेतना केंद्र से सटे मनगटा, झुराडबरी के जंगल में अवैध कब्जा की भरमार

## सरकारी जगह का भी बंदरबाट कर दिया- अधिकारी मौन



टेड़ेसरा (दावा)। जिले से महज 25 किलोमीटर दूरी पर स्थित मनगटा वन चेतना केंद्र जंगल के समीप ग्राम पंचायत मुढ़ीपार के आश्रित ग्राम झुराडबरी पटवारी हल्का नंबर 18 स्थित शासकीय भूमि पर दिए गए अतिक्रमण को अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार राजनांदगांव तथा ग्राम पंचायत मुढ़ीपार की संयुक्त टीम के द्वारा अवैध कब्जाधारियों जिसमें राघवेंद्र सिंह, प्रमोद चौधरी एवं हेमंत सिंग के द्वारा पंचायती राज अधिनियम धारा 56 के तहत अवैध कब्जा को हटाने की कार्रवाई की पूर्व में गई थी। जिसमें अवैध कब्जाधारियों के द्वारा पुनः अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। इसकी शिकायत भाजपा के उपाध्यक्ष लीलाधर साहू ने 7 जून 2024 को ग्राम पंचायत मुढ़ीपार ग्राम सचिवालय शिकायत किया गया। जिसमें राजस्व विभाग के द्वारा संज्ञान लेते हुए पटवारी को मौका निरीक्षण करने के लिए भेजा गया था। जिसमें उक्त हल्का पटवारी के द्वारा 25 जून 2024 को ग्राम झुराडबरी पटवारी हल्का नंबर 18 राज्य निगम मंडल खैरझिटी जिला राजनांदगांव में उपस्थित होकर शासकीय भूमि जिसका खसरा नंबर 554, 558, 508, 672 में उक्त भूमाफियाओं के द्वारा अतिक्रमण किया गया है।

भूमि का पंचनामा ग्रामवासियों, ग्राम प्रमुख पंच के उपस्थिति में मौका निरीक्षण एवं माप किया गया। उक्त ग्रामीणों ने यह भी बताया कि भू-माफिया राघवेंद्र सिंह, प्रमोद चौधरी एवं हेमंत सिंह द्वारा खसरा नंबर 554 रकबा 2.314 हेक्टर में से (10 मी. एवं 5 मी.) नाला में पुल पानी निकासी हेतु पुल निर्माण किया गया है। खसरा नंबर 508 रकबा 0.134 हेक्टर भूमि पर दो जगह में पहले 8.75 एवं 7.50 मी., दूसरा 12.50 एवं 9.50 मीटर में पुल निर्माण किया गया है। खसरा नंबर 672 रकबा 13.354 हेक्टर में से 7 एवं 6 मी. का शौचालय व कब्जा रास्ता 10 एवं 70 मी. बनाया गया है तथा खसरा नंबर 558 रकबा 6.365 हेक्टेयर में से 12 एवं 99मी. का कब्जा रास्ता व प्रवेश द्वार बनाया गया है। जिसका मौका में हल्का पटवारी के द्वारा पंचनामा बनाया गया। जिसमें ग्राम पंचायत मुढ़ीपार सचिव, प्राची द्विवेदी सरपंच, सुभाष द्विवेदी पंच, त्रिभुवन वैष्णव, रमा वैष्णव, मोहनचंद पटेल, रवि कुकरेजा, पवन निर्मलकर, उमेंद्र विश्वकर्मा की उपस्थिति में हल्का पटवारी के द्वारा लाभ जो किया गया। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि कहीं ना कहीं जिला प्रशासन के राजस्व अधिकारियों के द्वारा संरक्षण के चलते इतनी बड़ी सरकारी जमीनों का वह माफिया के द्वारा बंदरबाट किया जा रहा है। जिसमें शासन को तुरंत थी कार्रवाई किया जाना चाहिए।

# पहला कॉलम...

## कलडबरी, खुर्सीपार, कांपा एवं बड़भूम में तीज पर्व पर दो दिवसीय राम सप्ताह यज्ञ

डोंगरगाँव (दावा)। अंचल के ग्राम कलडबरी सहित ग्राम खुर्सीपार, कांपा एवं बड़भूम में 6 व 7 सितंबर को तीज पर्व के पावन अवसर पर दो दिवसीय रामसत्ता का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग किया जा रहा है. जिसमें ख्याति प्राप्त 8 मंडलियां प्रस्तुति दे रही हैं. वहीं इस धार्मिक आयोजन में विभिन्न प्रकार की झांकियों की प्रस्तुति होगी. इस आयोजन में प्रतिभागी मंडलियों के लिए विभिन्न पुरस्कारों की घोषणा भी की गई है.

## कृष्णा पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया



खैरागढ़ (दावा)। आज श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती रश्मि सिंह जिला परियोजना अधिकारी, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती अर्चना दास अध्यक्ष ओ कान्हा महिला मंडल, समाजसेवी श्रीमती सबीहा गाजी उपस्थिति रही। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई तत्पश्चात अतिथि स्वागत अतिथि उद्बोधन कार्यक्रम के बाद संस्था द्वारा सेवा नृत्य शिक्षिकाओं का सम्मान सर्वप्रथम किया गया। यह सम्मान प्रतिवर्ष संस्था द्वारा किया जाता है जिसमें सेवा नृत्य वाइडनर स्कूल से शिक्षिका श्रीमती अर्पिता मैडम रही। सेवा नृत्य शिक्षिका श्रीमती पांडे मैडम रही। तत्पश्चात संस्था द्वारा श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल की सभी शिक्षिकाओं का सम्मान अतिथियों द्वारा किया गया।

## अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ का बैठक कंवर समाज भवन रायपुर में संपन्न



गंडई पडरिया (दावा)। गत 1 सितंबर को अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ का बैठक कंवर समाज भवन रायपुर में हुआ, जिसमें प्रांत स्तरीय सभी पदाधिकारी उपस्थित हुए।

खैरागढ़-छुईखदान, गंडई जिला से जिला अध्यक्ष बहादुर सिंह खुशरो, जिला महासचिव संतोष कुमार नेताम, सल्हेवारा से पंचकपाट, छुईखदान अध्यक्ष संजीव धुर्वे, गंडई तहसील अध्यक्ष से संतोष कुमार नेताम, कार्यकारिणी संगठन से लच्छू मेरावी, लालाराम मेरावी, प्रिंकेश कश्यप, शिवचरण सिंह खुशरो और अन्य शासकीय सेवक भी शामिल हुए, कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अधिकार एकता और संगठन निर्माण का हुआ।

## अंग्रेजी विभाग में परिषद गठन संपन्न



डोंगरगढ़(दावा)। शा. नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ. ई.वी. रेवती के दिशा-निर्देशन एवं अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष गुलशन सिन्हा के मार्गदर्शन में 5 सितंबर शिक्षक दिवस के अवसर शिक्षक दिवस मनाने के साथ-साथ अंग्रेजी परिषद का गठन किया गया।

प्राचार्य डॉ. रेवती एवं सहा.प्राध्यापक, डॉ. आशा चौधरी का स्वागत विभाग की अ.व्या., डॉ.सपना परिहार एवं छात्र-छात्राओं द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर किया गया। अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष गुलशन सिन्हा द्वारा परिषद के पदाधिकारी के नाम की घोषणा की गई, जिसमें अध्यक्ष आइरीना, उपाध्यक्ष फरीन, सचिव योमेश, सहसचिव विद्या, कोषाध्यक्ष आकांक्षा, सांस्कृतिक सचिव विधि पांडे और मीडिया प्रभारी राजेश्वरी को मनोनित किया गया। प्राचार्य डॉ. रेवती ने शिक्षक दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए परिषद के पदाधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए कहा। कार्यक्रम के अंत में अंग्रेजी विभाग के विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय के पुराने भवन में पौधा लगाकर पौधों का संरक्षण करने का संकल्प लिया गया।

# चिचदो की शिक्षिका को मिला मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण शिक्षा दूत पुरस्कार



डोंगरगांव (दावा)। शिक्षा जगत में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाली शिक्षिका कोनिका सोनी को शिक्षक दिवस पर 5 सितंबर को राजनांदगांव के ऑडिटोरियम में आयोजित मुख्यमंत्री गौरव अलंकार सम्मान समारोह में शिक्षा दूत पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। राजनांदगांव कलेक्टर संजय अग्रवाल, डीईओ अभय जयसवाल, डीएमसी सतीश ब्योहारे, एपीसी श्री मरकाम, श्री अंसारी, श्री झाड़े के दिशा निर्देश व बीइओ आर.एल. पात्रे, एबीइओ क्षितिज सोरी, जयंत साहू, रश्मि ठाकुर, बीआरसी अरविंद रत्नाकर, डाइट प्रभारी खैरागढ़ रचना दत्त, संकुल समन्वयक राहुल जैन के मार्गदर्शन तथा सहयोग से इस मुकाम तक पहुंची हैं। बता दें शिक्षिका श्रीमती सोनी डोंगरगांव ब्लॉक के ग्राम चिचदो के प्राथमिक शाला में सहायक शिक्षक एल.बी. के पद पर पदस्थ हैं. भाषाई कुशल, गणितीय प्रतिभा और कुशल वक्ता सहित बच्चों को खेले-खेल में पढ़ाने के अनेक खूबियों से ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर तक में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उन्हें पूरे शिक्षा विभाग में नवाचार व खेल आधारित शिक्षा की शिक्षिका के रूप में ऊंचे पायदान पर पहुंची, सेवानिवृत्त शिक्षक स्व.एम.आर.सोनी की पुत्रवधू कोनिका सोनी जिन्होंने बहुत ही कड़ी मेहनत और कम समय में ही अपनी शिक्षकीय कार्य से अपने उच्च अधिकारियों तक अपने अलग व्यक्तित्व को नींव रखी। इधर स्कूली शिक्षा के साथ-साथ अन्य ज्ञानवर्धक गतिविधियों से बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि उत्पन्न की और पूरे अनुशासन से नियमित स्कूल पहुंचने के लिए प्रेरित किया. इतना ही नहीं उनके माता पिता को भी स्कूल तक लाने और एफ.एल.एन. के तहत खेल-खेल में बच्चों को पढ़ाई कराने को सरल विधि बताई. ज्ञात हो कि उनके शिक्षकीय कार्यों सहित सामाजिक गतिविधियों पर अधिकारियों की नजर रही है और जैसे-जैसे मौका मिलता गया, उन्होंने अपने बेहतरीन कौशल का प्रदर्शन किया। उनकी पहली पोस्टिंग डौंडी लोहारा ब्लॉक के चे.ब. नवागांव में हुई थी, उन्होंने उस क्षेत्र में करीब 9 वर्ष अपनी सेवाएं दी। वहीं विवाह उपरांत उनका स्थानांतरण डोंगरगांव ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला चिचदो में हुआ। जिसके बाद से उन्होंने ग्रामीण बच्चों के शिक्षा के स्तर में सुधार लाने के अनेक युक्ति अपनाई और सफल रही, वहीं ग्रामीण व पालक भी बच्चों के शैक्षणिक विकास को देखते हुए श्रीमती सोनी के प्रति सद्भावना रखते हैं।

बता दें कि उन्हें 2021 से 2023 तक में जिला स्तर व राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया गया है. उनके द्वारा हाल ही में डाइट खैरागढ़ में ट्रेनिंग दिया गया, जहां उपस्थित अनुभवी शिक्षकों ने जमकर तारीफ की है, उन्होंने अपना प्रेरणा स्त्रोत अपने ससुर श्री सोनी को बताती हैं और वे अपने विभागीय ग्रुप में बच्चों की गतिविधियों को शासकीय प्राथमिक शाला चिचदो के यही चिन्हारी-खेल-खेल में शिक्षा देबो संगवारी टैग लाइन के साथ पोस्ट करती हैं. उनकी सफलता पर परिजनों, इष्ट बंधुओं, विभाग के अधिकारियों व शिक्षक साथियों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.

# केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में मनाया गया शिक्षक दिवस



खैरागढ़ (दावा)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में शिक्षक दिवस के अवसर पर विभिन्न आयोजन हुए एवं शिक्षकों का सम्मान किया गया इस अवसर पर कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों की ओर से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विद्यालय की प्रार्थना सभा में प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार ने दीप प्रज्वलन कर एवं महान शिक्षाविद एवं देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने शिक्षक दिवस पर विद्यालय के सभी शिक्षकों-शिक्षिकाओं को बधाई दी। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला और विद्यार्थियों से अपने शिक्षकों के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। आज विद्यार्थियों के स्थान पर शिक्षकों ने प्रार्थना सभा की विभिन्न प्रस्तुतियों को कमांड, प्रार्थना, समाचार, विचार, छात्र प्रतिज्ञा, नवीन शब्द, विशेष कार्यक्रम, जन्मदिवस उद्घोषणा आदि रूप में प्रस्तुत किया। आज कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने विभिन्न शिक्षकों की भूमिका निभाते हुए कक्षाओं में जाकर अध्यापन किया। शिक्षकों के लिए संगीत कुर्सी दौड़, बैलून समेत विविध मनोरंजक खेल आयोजित किए गए। विद्यार्थियों की ओर से एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

इसमें शिक्षकों और विद्यार्थियों दोनों ने अपनी सहभागिता दी। विद्यालय की ओर से प्राथमिक और माध्यमिक वर्ग में छात्र अध्यापकों की भूमिका निभाने वाले श्रेष्ठ तीन-तीन विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यार्थियों ने भी खेलों के विजयी शिक्षक प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न भेंट किया।

# टप्पा स्कूल में शिक्षकों का किया सम्मान



टप्पा (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला टप्पा में महान दार्शनिक व शिक्षाविद् महामहिम पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा सर्वप्रथम माँ सरस्वती व डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। छात्राओं ने पुष्प वर्षा कर शिक्षक शिक्षिकाओं को मंच में आमंत्रित कर गुलदस्ता व उपहार भेंट कर सम्मानित किया। समस्त शिक्षक शिक्षकों ने शिक्षा एवं शिक्षक के महत्व एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के योगदान पर प्रकाश डाला गया, छात्रों के द्वारा बहुत ही सुंदर ढंग से गीत व कविता के माध्यम से कार्यक्रम को चार चांद लगा दिए कार्यक्रम का सफल संचालन कक्षा 12 वी के छात्र डलेश्वर वर्मा व कुमारी दीक्षा वर्मा के द्वारा किया गया इस मौके पर शिक्षक गण रामेश्वर साहू, हेमंत साहू, हीरालाल साहू, वीरेंद्र रंगारी, डैनी वर्मा, श्रीमती अन्नपूर्णा कोटांग्ले, श्रीमती मोनिका नायक, श्रीमती निशा मिश्रा, श्रीमती स्वलेहा खानम शेख, श्रीमती नम्रता बावनकर सुश्री चंद्रिका भारद्वाज, सुश्री सुनीता यादव, श्रीमती रेखा कड़वे, श्रीमती भगवती यारदा, श्रीमती ज्योति बख्श, श्रीमती मालती ठाकुर, त्रिभुवन वर्मा, भेखज साहू व हुमन जोशी आदि उपस्थित थे।

# अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही



डोंगरगढ़(दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग व अति. पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आशीष कुंजाम के दिशा निर्देशन में जिले में चलाये जा रहे अवैध शराब के उपर कार्यवाही के तहत पुलिस चौकी प्रभारी भूषण चंद्राकर के नेतृत्व में चौकी स्टाफ द्वारा पुलिस चौकी चिचोला जिला राजनांदगांव को जरिये मुखबीर सूचना मिला कि ग्राम पिनकापार का गोवर्धन साहू नाम का व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री कर धन अर्जित कर रहा कि सूचना पर हमराह स्टाप एव गवाहन के विधिवत् कार्यवाही करते हुऐ आरोपी गोवर्धन साहू पिता बालक दास साहू उम्र 59 वर्ष ग्राम पिनकापार पुलिस चौकी चिचोला जिला राजनांदगांव के कब्जे से एवं उसके मोटर सायकल क्रमांक सी.जी-12/ एटी- 6241 से 52 पौवा देशी प्लेन मदिर, 4 पौवा सिंडिकेट अंग्रेजी शराब, कुल 56 पौवा शराब किमती 5160/रू को जप्त कर अपराध क्रमांक 232/2024 धारा- 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफतार जेल दाखिल किया गया।

उपरोंक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी चिचोला के उनि. सुमेन्द्र खरे , प्र.आर. 585 धर्मेन्द्र साहू ,रामसहाय मंडावी, आरक्षक 171 गजेन्द्र भारद्वाज, 1187 नितेष ध्रुव, म.आर. 934 कुसुम एक्का, 728 रोजलीन सामीयल का विशेष योगदान रहा।

# पंचायत सचिव को जान से मारने की धमकी शिकायत दर्ज पर कार्रवाई नहीं

*(राजेश मेश्राम)*




जोंधरा (दावा)। तीन सितंबर दिन मंगलवार को छुरिया विकासखंड के आश्रित ग्राम पंचायत चिरचारी खुर्द में जहां सचिव को ग्रामीण बैठक में बुलाकर कतिपय ग्रामीणों द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई वहीं ग्राम पंचायत की महिला सरपंच को सुबह 11 बजे से बुलाकर दोपहर 3 बजे तक मानसिक प्रताड़ना दी जाती रही। घटना की शिकायत सरपंच सचिव व पंचायत के पंचो द्वारा घटित घटना की तिथि में ही स्थानीय आरक्षी केंद्र डोंगरगांव में की गई। पर आज 4 दिन बाद भी दोषियों पर किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार पंचायती राज अधिनियम की धारा 77 की उप धारा (2एच के उपबंधों के अनुसार ग्राम पंचायतो में संपत्ति कर व प्रकाश कर को अनिवार्य टेक्स के रूप में शामिल कर लिया गया है। जिसकी वसूली के लिए ग्राम पंचायत के सचिव व सरपंच नोटिस के माध्यम से ग्रामीणों को सूचित करते हैं। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत चिरचारी खुर्द में सन 2020-21 से 2023-24 तक पूरे 4 साल तक नोटिस एवं विशेष शिविर आयोजन के बाद भी ज्यादातर ग्रामीण से टैक्स की वसूली नहीं हो पाई, जिसकी वसूली के लिए ग्राम पंचायत में समस्त पंचों की उपस्थिति में प्रस्ताव पास किया गया कि नए राशन कार्ड का वितरण उन्हें ही किया जाएगा जिन्होंने मकान टैक्स का भुगतान कर दिया है। पंचायत के इस निर्णय से ग्राम के कतिपय ग्रामीण खफा थे और वह चाहते थे कि बिना मकान टैक्स जमा किए उन्हें राशन कार्ड का वितरण किया जावे। तब ग्राम पंचायत के सचिव विमल बोरकर द्वारा टैक्स जमा नहीं किए जाने के बावजूद भी राशन कार्ड का वितरण ग्रामीणों को कर दिया गया।

### टैक्स वापस करने की मांग

ग्राम के निमेश कुमार पिता तोखूराम, डोमार पिता कृतिका, द्वारिका पिता प्रीतम, पारसमणी पिता युगल किशोर द्वारा ग्रामीण बैंठक में सरपंच व सचिव को बुलाकर लिए गए मकान टैक्स को वापस करने की मांग की जाती रही। सचिव विमल बोरकर व सरपंच चित्रलेखा साहू की समझाइस का इन ग्रामीणों पर कोई असर नहीं हुआ और तो और इन ग्रामीणों ने सचिव को जहां भरी बैठक में पुनः ग्राम चिरचारी खुर्द आने पर देख लेने और जान से मारने की धमकी दी वहीं पंचायत का संचालन भी उनकी मर्जी से चलाने की नसीहत दे डाली। इसका भी जिक्र सरपंच व सचिव द्वारा थाने में लिखित शिकायत में उल्लेखित किया गया है।

## सरपंच ने बताई आपबीती

ग्राम पंचायत की सरपंच चित्रलेखा साहू ने प्रतिनिधि को बताया कि मकान टैक्स पंचायत द्वारा लिया जाना शासन के बनाए नियमों के अनुसार ही है। हमने कोई गलत नहीं किया है बावजूद इसके मुझे ग्रामीण बैठक में सुबह 11 बजे से बुलाकर 3 बजे तक बिठाकर रखा गया। विदित हो ग्रामीण अंचल में ग्रामवासियों द्वारा रखे जाने वाले बैठकों में ग्राम के सिर्फ पुरुष ही होते हैं। बैठक में निमेश, डोमार, द्वारिका और पारसमणी द्वारा तुरंत ही मकान टैक्स का पैसा सबको वापस करने की मांग करने लगे उन्होंने और भी कई अशोभनीय शब्दों का प्रयोग किया है पर मैं चुपचाप सहती रही।

"पंचायत के सरपंच और सचिव नियमों के अनुसार ही पंचायत का संचालन कर रहे है। जिससे हम ग्रामवासी संतुष्ट हैं पर ग्राम बैठक में बुलाकर सरपंच व सचिव के साथ जो अभद्रता पूर्ण व्यवहार किया गया है, वह अत्यंत ही अशोभनीय है। सामाजिक हित में ऐसे व्यक्तियों पर कानूनी रूप से कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

**– कृष्ण कुमार साहू**
**ग्राम विकास समिति अध्यक्ष चिरचारीखुर्द**

# मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह में डॉ. रमन ने किया शिक्षकों का सम्मान

राजनांदगांव (दावा)। भारत के प्रथम उप राष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस 'शिक्षक दिवस' के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में आयोजित मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह में जिले के शिक्षकों को ज्ञानदीप पुरस्कार एवं शिक्षा दूत पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डे उपस्थित थे।

जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने बताया कि भारत के प्रथम उप-राष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस 'शिक्षक दिवस' के अवसर पर प्रतिवर्ष विकासखंड स्तर, जिला स्तर, संभाग स्तर पर मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण योजना के तहत शिक्षा श्री पुरस्कार, ज्ञानदीप पुरस्कार, शिक्षा दूत पुरस्कार कुल 3 श्रेणी में पुरस्कार दिया जाता है। शिक्षा श्री पुरस्कार अंतर्गत संभाग स्तर पर 3 शिक्षकों को पुरस्कार दिया जाता है। जिसके लिए कक्षा 9वीं से कक्षा 12वीं तक में अध्यापन कराने वाले शिक्षक पात्र होते है, चाहे वे किसी भी पद नाम से जाने जाते हो। ज्ञानदीप पुरस्कार अंतर्गत जिला स्तर पर 3 शिक्षकों को पुरस्कार दिया जाता है। जिसके लिए कक्षा 6वीं से कक्षा 8वीं तक में अध्यापन कराने वाले शिक्षक पात्र होते है, चाहे वे किसी भी पद नाम से जाने जाते हो। शिक्षा दूत पुरस्कार अंतर्गत विकासखण्ड स्तर पर 3 शिक्षकों को पुरस्कार दिया जाता है। जिसके लिए कक्षा 1ली से कक्षा 5वीं तक में अध्यापन कराने वाले शिक्षक पात्र होते है, चाहे वे किसी भी पद नाम से जाने जाते हो। मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह में ज्ञानदीप पुरस्कार के लिए जिला स्तर पर 3 शिक्षकों का चयन किया जाता है। गत वर्ष और इस वर्ष को मिलाकर कुल 6 शिक्षकों को ज्ञानदीप पुरस्कार दिया गया। इस प्रकार शिक्षादूत पुरस्कार के लिए विकासखंड स्तर पर 3 शिक्षकों का चयन किया जाता है। गत वर्ष और इस वर्ष को मिलाकर कुल 24 शिक्षकों को शिक्षा दूत पुरस्कार दिया गया। इस प्रकार वर्ष 2023 के लिए 15 शिक्षकों और वर्ष 2024 के लिए 15 शिक्षकों कुल 30 शिक्षकों को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण सम्मान से नवाजा गया। शिक्षादूत पुरस्कार अंतर्गत चयनित प्राथमिक स्तर के शिक्षक को प्रशस्ति पत्र व 5000 रूपए का चेक तथा ज्ञानदीप पुरस्कार अंतर्गत चयनित माध्यमिक स्तर के शिक्षक को प्रशस्ति पत्र व 7000 रूपए का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया।



मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह में वर्ष 2023 के 15 एवं वर्ष 2024 के 15 कुल 30 शिक्षक (प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के) को शिक्षादूत पुरस्कार एवं ज्ञानदीप पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिन शिक्षकों ने नवाचार, खेल-खेल में शिक्षा, नवोदय विद्यालय हेतु प्रवेश परीक्षा, अवकाश के दिनों में रेमेडियल कक्षाओं का संचालन, वृक्षारोपण, स्कूल की साफ-सफाई, टीचिंग एण्ड का प्रयोग, एफएलएन रूम टू रीड शिक्षा विभाग की मूलभूत व नवाचारी शैक्षणिक योजनाओं और गतिविधियों को अपने शाला स्तर पर लागू कर अध्ययनरत विद्यार्थियों के शैक्षणिक व सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपने अथक परिश्रम से समाज व शैक्षणिक जगत में अपनी पहचान स्थापित की। उन शिक्षकों का चयन, विकासखंड एवं जिला स्तर पर गठित चयन समिति के माध्यम से चयन किया गया। राजनांदगांव जिले के शैक्षणिक गुणवत्ता स्तर में वृद्धि करने हेतु वार्षिक परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों के अनुरूप छात्रों को किस प्रकार से सारगर्भित शिक्षा प्रदान की जाये। नियत समय में किस प्रकार पाठ्यक्रम पूरा किया जाए और अधिक से अधिक अंक परीक्षा में किस प्रकार प्राप्त किया जाए, इस उद्देश्य से जिले में अंग्रेजी व हिन्दी माध्यमों के विषयवार शिक्षकों का एक विशेषज्ञ समूह (पीयर ग्रुप) तैयार किया गया है। इस पीयर ग्रुप के 46 सदस्यों को जिन्होनें ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों के गृह कार्य, असाइनमेंट इत्यादि पर विशेष कार्य किया है, उन्हें भी कार्यकम में मुख्य अतिथि के द्वारा प्रशस्ति पत्र व प्रतीक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह में शिक्षक एलबी शासकीय माध्यमिक शाला फुलझर श्रीमती सविता ध्रुवे, शिक्षक एलबी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेजेस डोंगरगढ़ श्रीमती अनुराधा राव, शिक्षक एलबी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रातापायली डोंगरगांव संदुरलाल साहू को ज्ञानदीप पुरस्कार 2023 तथा शिक्षक एलबी शासकीय माध्यमिक शाला पारीखुर्द राजनांदगांव शिव कुमार सेवता, शिक्षक एलबी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला माडीतराई डोंगरगढ़ श्रीमती भारती तिवारी, शिक्षक एलबी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला आलीवारा छुरिया रामप्रकाश चंद्रवंशी को ज्ञानदीप पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया।राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत सहायक शिक्षक एलबी हरडुवा ओम प्रकाश वर्मा, सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला बसंतपुर ओगेश्वर प्रसाद साहू, सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला मलपूरी शत्रुहन सिंह भूआर्य को शिक्षा दूत पुरस्कार 2023 तथा सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला जुरलाखुर्द श्रीमती वीणा साहू, सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला बांकल श्रीमती मंजू बांधव, सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला पारीखुर्द ओम प्रकाश साहू को शिक्षा दूत पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया। डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला माड़ीतराई शिवराम वर्मा, सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला आलेदण्ड गन्नूराम सिन्हा, सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला सलोनी श्रीमती शीतल सिंह ठाकुर को शिक्षा दूत पुरस्कार 2023 तथा सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला कन्हारगांव कुलेश्वर सिन्हा, सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला ढारागांव लोमस वर्मा, सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला भानपुरी श्रीमती चंद्रकांता वर्मा को शिक्षा दूत पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया।छुरिया विकासखंड अंतर्गत सहायक शिक्षक एलबी प्राथमिक शाला कोलीयारी कल्पलता चंद्रवंशी, सहायक शिक्षक एलबी प्राथमिक शाला हालाडुला विनोद कुमार यदु, सहायक शिक्षक एलबी प्राथमिक शाला कल्लुटोला सुरेश कुमार साहू को शिक्षा दूत पुरस्कार 2023 तथा सहायक शिक्षक एलबी प्राथमिक शाला बिजेपार फगवा राम सिन्हा, सहायक शिक्षक एलबी प्राथमिक शाला कोरगुड़ा उमेश कुमार साहू, सहायक शिक्षक एलबी प्राथमिक शाला लालूटोला रूपलाल नायक को शिक्षा दूत पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया।डोंगरगांव विकासखंड अंतर्गत सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला गनेरी श्रीमती कविता शर्मा, सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला पैरी श्रीमती सुमनलता सहारे, सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला दीवानझिटीया यशवंत देवांगन को शिक्षा दूत पुरस्कार 2023 तथा सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला चिचदो, सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला सांगिनकछार घनाराम पटेल, सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला नाथूनवागांव नरेन कुमार साहू को शिक्षा दूत पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया।

# कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने जारी किया कृषक सलाह

राजनांदगांव। खेत में हरी काइयो का प्रकोप दिख रहा है तो पानी की निकासी करने की सलाह दी गई। खेत में जिस जगह से पानी जाता है वहां कॉपर सल्फेट को पोटली में बांधकर रखना चाहिए।

धान में 35-40 दिन की अवस्था में जहां धान की फसल, कंसे निकलने की अवस्था में हो वहां नाइट्रोजन की दूसरी मात्रा का छिड़काव (टॉप ड्रेसिंग) करना चाहिए। जिससे कंसे की स्थिति में सुधार आयेगा, फसल में कीट या खरपतवार होने की स्थिति में दोनों के नियंत्रण के बाद यूरिया 40 किलो ग्राम प्रति हेक्टेयर का छिड़काव करने की सलाह दी गई। धान के खेत में 5 सेमी. से अधिक पानी न भरने दें। सोयाबीन फसल किसानों को सलाह दी गई कि जिन स्थानों पर गर्डल बीटल का प्रकोप शुरू हो गया हो वहां पर थाइक्लोपीड 21.7 एससी 750 मिली/हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें। पत्ती खाने वाली इल्लियों तथा सफेद मक्खी के नियंत्रण के लिए पूर्व मिश्रित कीटनाशक बीटासायफ्लूथ्रीन इमिडाक्लोरोपिड 350 मिली व हेक्टेयर की दर से छिड़काव करने कहा गया। इस उपाय से तना मक्खी का भी नियंत्रण होगा। दलहनी फसल उड़द एवं मूंग फसल में शाखा बनने की अवस्था में अत्यधिक खरपतवार होने पर नियंत्रण करें। झुलसा ब्लास्ट रोग की प्रारंभिक अवस्था में निचली पत्तियों पर हल्के बैगनी रंग के छोटे-छोटे धब्बे बनते हैं, जो धीरे-धीरे बढ़कर आंख के समान बीच में चौड़े व किनारों पर संकरे हो जाते हैं। इसके लिए ट्राइसाइक्लाजोल कवकनाशी जैसे बीम या बान 0.05 प्रतिशत का छिड़काव 12-15 दिन के अंतर से करना चाहिए। समय पर बुआई सन्तुलित उर्वरकों का उपयोग इस रोग को सीमित करने में मदद करते हैं। जीवाणु जनित झुलसा रोग के प्रारंभिक लक्षण पत्तियों पर रोपाई व बुआई 20-25 दिनों बाद दिखाई देते हैं। सबसे पहले पत्तियों के किनारे वाला उपरी भाग हल्का पनीला सा हो जाता है तथा फिर मटमैला हरापन लिये हुए पीला सा होने लगता है। इस रोग के नियंत्रण के लिए संतुलित उर्वरकों का उपयोग करना चाहिए।

# एनबीआईएस में मना शिक्षक दिवस




राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, बोरी में डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के अवसर पर शिक्षक दिवस का समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में बच्चों द्वारा विशेष रुप से शिक्षकों के सम्मान में आकर्षक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। समारोह की शुरुआत, संस्था के संचालक नीरज बाजपेयी द्वारा की गई। इस समारोह में शिक्षकों को विशेष परिधान में आमंत्रित किया गया था, जिसमें सभी शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभाई। समारोह के अंत में संस्था के संचालक नीरज बाजपेयी द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक राष्ट्र के ऐसे प्रहरी है जो सदैव राष्ट्र हित में कार्य करते हैं, एक शिक्षक ही है जो हमेशा अपने बच्चों से यही अपेक्षा करता है कि उसका छात्र उससे भी आगे जाये और हमेशा एक उच्च स्थान पर रहे। शिक्षक भविष्य निर्माता होते है इसलिए हमेशा हमें अपने शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। इस गरिमामयी समारोह में शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, सुश्री कुंतल बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक, कार्यालय कर्मचारी तथा बच्चे उपस्थित रहे।

# न्योता भोज के माध्यम से शिक्षकों द्वारा छात्रों का सर्वांगीण विकास

डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य शासन की मिशन मोड पर संचालित बाल विकास योजना के तहत शालाओं में बच्चों को सभी अति आवश्यक पोषक भोज्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु न्योता भोज कराने की सामुदायिक पहल के तहत ग्राम टप्पा में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में स्थित प्राथमिक एवम माध्यमिक तीनों विद्यालय के छात्र छात्राओं को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के व्याख्याता विरेंद्र कुमार रंगारी द्वारा अपने सुपुत्र अभ्युदय दर्शिल रंगारी, सुपुत्री आव्या रंगारी सहित सपरिवार अपने दिवंगत पिताश्री भदरु रंगारी के जन्मदिवस के पुण्य अवसर पर न्योता भोज कराया गया। जिसमें पौष्टिक भोजन के मीनू में पुड़ी, वेज पुलाव, कढ़ी, पापड़ और सूजी का हलवा शामिल कराया गया। इसमें प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के एमडीएम स्व सहायता समूह कि दीदीयों द्वारा श्रीमती भगवती यारदा और श्रीमती अन्नपूर्णा कोटंगले के मार्गदर्शन में स्वादिष्ट भोजन तैयार कराया गया। साथ ही समस्त शिक्षकद्वय एवं छात्रों के अप्रतिम सहयोग से छात्रों और शिक्षकों ने भी ने न्योता भोज का रसास्वादन आनंदपूर्वक ग्रहण किया।



यहां पर यह उल्लेखनीय है कि विद्यालय और छात्रों के हितों लिए के सदा समर्पित, कर्मठ और अनुशासित व्याख्याता विरेंद्र कुमार रंगारी द्वारा विगत कई वर्षों से छात्रों की महत्वपूर्ण करियर काउंसलिंग के साथ ही छात्रों के विशेष प्रोत्साहन हेतु विभिन्न प्रेरणास्पद एवं सराहनीय पहल और मार्गदर्शन भी किए जा रहे हैं। जिसमें अपने दिवंगत पिताश्री भदरू रंगारी एवम दिवंगत माताश्री दुखिया बाई रंगारी की पुण्य स्मृति में उनके द्वारा छात्रों के लिए विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवम तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को विशेष आर्थिक सहायता और पाठ्य सामग्री पुरस्कार स्वरूप स्वतः ही निरंतर प्रदान किया जाता रहा है और यह सिलसिला अनवरत जारी रखने को वे प्रतिबद्ध हैं। उनके इस सामाजिक उत्थान के कार्यों के लिए टप्पा विद्यालय के शाला विकास समिति अध्यक्ष भुनेश्वर साहू , किशोर जैन, सुखदेव सिन्हा आदि अन्य सदस्यगण एवम प्राचार्य जितेंद्र कुमार सिंह, वरिष्ठ व्याख्याता रामेश्वर लाल साहू, हेमन्त दास साहू, हीरालाल साहू, डैनी राम वर्मा, श्रीमती अन्नापूर्णा कोटंगले, निशा मिश्रा, मोनिका नायक, स्वालेहा खानम शेख, नम्रता बावनकर, सुश्री चंद्रिका भारद्वाज, रेखा कड़वे, भगवती यारदा, ज्योति प्रसाद बख्श, त्रिभुवन वर्मा सहित ग्राम के प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा उनके इन कार्यों कि सराहना की जाती रही है । और जिसके लिए विद्यालय परिवार द्वारा उनका साधुवाद ज्ञापित किया गया है।

# पदोन्नति प्रक्रिया पुनः शुरु करने की मांग को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव (दावा)। नवीन शिक्षक संघ जिला इकाई राजनांदगाँव के प्रतिनिधि मंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी अभय जयसवाल के हाथों ज्ञापन सौंपकर सहायक शिक्षक (एल.बी.) संवर्ग कर्मचारियों की प्राथमिक प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया वेटिंग सूची से पुनः प्रारंभ किये जाने की मांग किया है। नवीन शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष छन्नूलाल साहू एवं सचिव अजय कड़व ने संयुक्त रूप से बताया कि अभी हाल ही में सहायक शिक्षको का प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति काउंसलिंग के माध्यम से हुआ है जिसमें कई पदोन्नति प्राप्त सहायक शिक्षकों ने पदभार ग्रहण नही किये है।



अतः उन रिक्त पदों पर वरिष्ठता सूची के वेटिंग वाले सहायक शिक्षको को प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति देने, प्रधान पाठक के रिक्त पदों को सार्वजनिक करने के साथ ही वरिष्ठता सूची में जिन स्थानांतरण एवं पदोन्नति से शिक्षक अलग-अलग जिला से आये है, उनका नाम जोड़ने के लिए मांग किया गया है। विदित हो कि विकासखण्ड कार्यालय एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शिक्षकों ने वरिष्ठता सूची में नाम जोड़ने के लिए पूर्व में आवेदन दिया है किन्तु बाबुओं की लेटलतीफी और आपसी सामन्जस्य की कमी के चलते शिक्षको का नाम दावा/ आपत्ति देने के बाद भी नही जुड़ा है। इसमें विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी राजनांदगाँव कार्यालय के ढुलमुल रवैया में परेशान शिक्षकों ने जिला शिक्षा अधिकारी समक्ष अपनी मांग रखी है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांग किया गया है कि पूर्व में विकल्प पत्र के माध्यम से कला विषय के शिक्षकों का गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी विषय के रिक्त पर पदोन्नति दिया गया है। संघ ने मांग किया है, कि इन विषयों के पद को रिक्त पद माना जाये जिससे सहायक शिक्षक से उच्च वर्ग शिक्षक पदोन्नति में सहायक शिक्षक (एल.बी.) संवर्ग कर्मचारियों को इसका लाभ मिल सके। इसी तरह सर्विस बुक संधारण समय समय पर पूर्ण करने, सर्विस बुक की द्वितीय प्रति इन्द्राज करने, संविलियन पूर्व समयमान वेतनमान व परिवीक्षा अवधि के समस्त देय राशि का शीघ्र भुगतान किये जाने, जी.पी.एफ. पासबुक प्रदान किये जाने, ऑनलाइन आकस्मिक, अर्धदिवसीय अवकाश एवं एच्छिक अवकाश को पूर्व की भाँति ऑफलाईन किये जाने की मांग किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने संघ के प्रतिनिधियों के द्वारा दिये गये ज्ञापन में प्रत्येक बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा किया एवं संघ के प्रतिनिधि मंडल को को आश्वासन दिया है कि इन सभी मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार किया जायेगा एवं प्राथमिक प्रधान पाठक पदोन्नति प्रक्रिया पुनः प्रारंभ कर सहायक शिक्षकों को पदोन्नति दिया जायेगा । प्रतिनिधि मंडल में जिलाध्यक्ष छन्नूलाल साहू, जिलासचिव अजय कड़व, गुरूदत्त सिन्हा, महेश कुमार ठाकरे, प्रमोद कुमार साहू, अर्जुन कुमार सेन, धनेश नेताम, कन्हैया लाल कुंजाम, राजीव यादव, लोकेश साहू, अचल वैष्णव, भेष कुमार साहू, जनकदास, साहू, अशोक पिस्दा, चैनदास डहरे सहित कई अन्य शिक्षकगण शामिल थे।

# नवनियुक्त प्रधान पाठक सीमा शर्मा हुई सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। छुईखदान ब्लाक के हाई स्कूल, मिडिल स्कूल,और प्राथमिक शाला खैरबना मे हर्षोल्लास के साथ आज बच्चों के द्वारा शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा शिक्षक, शिक्षिकाओं का स्वागत किया गया और शिक्षक-शिक्षिकाओं को कई प्रकार के खेल मे भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ. जहाँ हाईस्कूल के प्रभारी प्राचार्य मधुसूदन देशलहरे द्वारा शा.प्रा. शाला खैरबना के नवनियुक्त प्रधान पाठक सीमा शर्मा को साड़ी और श्री फल देकर स्वागत (वेलकम) किया गया। इस अवसर पर ग्राम के हाई स्कूल शाला विकास समिति के अध्यक्ष धनसाय साहू, मिडिल स्कूल के शाला विकास समिति के अध्यक्ष रमेश सरद्वारी, प्राथमिक शाला के अध्यक्ष नयन सिंह जंघेल, उपाध्यक्ष डिलेश्वर अचीन और हाई स्कूल के शिक्षक लोकेश साहू ग्राम के गणमान्य नागरिक गण मे सेवानिवृत शिक्षक मनहरण जघेल और मिडिल स्कूल के प्रभारी प्रधान पाठक पुखराज खुशरो, शत्रुहन कुमार साहू, कन्हैया राम जंघेल प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक श्रीमती सीमा शर्मा, सहायक शिक्षिका यशोदा ठाकुर, ग्राम के अतिथि शिक्षक सचिन जंघेल, टाकेश्वर जंघेल आदि लोग उपस्थित थे।ग्राम के सरपंच ललित जंघेल ने समस्त शिक्षक शिक्षिकाओ को अपनी शुभकामनाये दी।

# योगेश बने शाला विकास समिति के अध्यक्ष



डोंगरगढ़ (दावा)। स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन एवं प्रभारी मंत्री राजनांदगांव द्वारा जिले के सभी शासकीय स्कूलों में नए अध्यक्षों की सूची जारी की गई। जिसमें डोंगरगढ़ विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बेलगांव में योगेश साहू को नए अध्यक्ष बनाया गया। अध्यक्ष का दायित्व मिलने पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए श्री साहू ने कहा है कि स्कूल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को भरपूर सुविधा दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। श्री साहू के अध्यक्ष बनने पर मंडल अध्यक्ष जैन कुमार मेश्राम, सरपंच छबील राम साहू, प्रमोद अग्रवाल शैलेश नेतराम कंवर प्रेम शंकर साहू, एवेंद्र चंद्रवंशी बसंत वर्मा, पन्ना साहू, चीनू अग्रवाल आदि सभी ईस्ट मित्र गणों ने बधाई दी एवं श्री साहू के उज्जवल भविष्य की कामना की।

*जम्मू-कश्मीर चुनाव...*

महिला सेल्फ-हेल्प ग्रुप का लोन माफ की घोषणा। स्टूडेंट्स के लिए, युवाओं के लिए- पंडित प्रेम नाथ डोगरा रोजगार योजना के जरिए 5 लाख रोजगार के अवसर पैदा करना। प्रगति शिक्षा योजना के तहत कॉलेज स्टूडेंट्स को हर साल 3 हजार रुपए यातायात भत्ता। छ्व्यक्क्रष्ट और क्क्रष्ट की तैयारी के लिए 2 साल तक 10 हजार रुपए कोचिंग फीस की आर्थिक सहायता। 10वीं क्लास में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को टेबलेट और लैपटॉप मिलेगा।

राज्य के डेवलपमेंट के लिए- श्रीनगर की डल झील को वर्ल्ड क्लास टूरिस्ट बनाया जाएगा। श्रीनगर के टैटू ग्राउंड में एम्यूजमेंट पार्क बनाया जाएगा। डोडा, किश्तवाड़, रामबन, राजौरी, पुंछ, उधमपुर और कठुआ के ऊपरी एरिया टूरिस्ट इंडस्ट्री के तौर पर अपडेट होंगे। कश्मीर घाटी में गुलमर्ग और पहलगाम को मॉडर्न टूरिस्ट सिटी बनाया जाएगा। श्रीनगर में तवी रिवरफ्रंट बनाया जाएगा। रणजीत सागर बांध बसोहली के लिए अलग झील विकास प्राधिकरण बनाया जाएगा। जम्मू में स्पेशल इकोनॉमिक जोन के तौर पर आईटी हब बनाया जाएगा।

पानी और सोलर के लिए-बिजली-पानी के बकाया बिलों की समस्या के लिए योजना लाई जाएगी। हर घर नल से जल (जल जीवन मिशन) के तहत जम्मू-कश्मीर के सभी घरों में पीने का पानी पहुंचाया जाएगा। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के जरिए परिवारों को मुफ्त बिजली, सोलर उपकरण लगाने के लिए 10 हजार की सब्सिडी की घोषणा। संविदा, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए- एडहॉक, संविदा, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए नई नीति लाई जा सकती है। आंगनवाड़ी, आशा, एनएचएम, रहबर-ए-खेल कर्मचारियों, सामुदायिक सूचना केंद्र संचालकों, होम गार्ड और राष्ट्रीय युवा कोर जैसे कम्युनिटी वर्करों को अतिरिक्त सहायता दी जाएगी। किसानों के लिए- पीएम किसान सम्मान निधि में 10 हजार दिए जाएंगे, 6 हजार रुपए में अतिरिक्त 4 हजार शामिल होंगे। खेती के कामों के लिए बिजली दरों को 50 फीसदी कम किया जाएगा। अटल आवास योजना के जरिए भूमिहीन लोगों को 5 मरला (करीब एक बीघा) जमीन मुफ्त दी जाएगी। डेवलपमेंट बोर्ड और आईटी हब के लिए- जम्मू-कश्मीर में सरकारी योजनाओं की निगरानी के लिए तीन क्षेत्रीय विकास बोर्ड स्थापित किए जाएंगे। जम्मू में स्पेशल इकोनॉमिक जोन के तौर पर आईटी हब बनाया जाएगा। उधमपुर में फार्मास्युटिकल पार्क और किश्तवाड़ में आयुष हर्बल पार्क की स्थापना। विस्थापित समाज पुनर्वास योजना के लिए- टीका लाल टपलू विस्थापित समाज पुनर्वास योजना शुरू होगी। कश्मीरी पंडितों, वाल्मीकि, गोरखाओं सहित अन्य विस्थापितों की सुरक्षित वापसी और पुनर्वास में तेजी लाई जाएगी। 100 खंडहर मंदिरों के लिए- ऋषि कश्यप तीर्थ पुनरुद्धार अभियान के अंतर्गत हिंदू मंदिरों और धार्मिक स्थलों का पुनर्निर्माण किया जाएगा। 100 खंडहर मंदिरों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। धार्मिक और आध्यात्मिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से शंकराचार्य मंदिर (ज्येष्ठेश्वर मंदिर), रघुनाथ मंदिर व मार्तंड सूर्य मंदिर सहित अन्य मौजूदा मंदिरों का और अधिक विकास किया जाएगा। 0 मोदी-शाह समेत 40 स्टार प्रचारक बनाए- भाजपा ने जम्मू-कश्मीर में चुनाव प्रचार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की है। लिस्ट में शिवराज चौहान, योगी आदित्यनाथ और स्मृति ईरानी का भी नाम है। 0 कश्मीर में कुछ सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवारों का समर्थन कर सकती है भाजपा- जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना ने कहा कि घाटी के कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में जमीनी हालात को देखते हुए भाजपा कुछ निर्दलीय उम्मीदवारों का समर्थन कर सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि पूरे जम्मू-कश्मीर में इस समय भाजपा की जबरदस्त लहर है। मैं विश्वास के साथ कहता हूं कि जम्मू-कश्मीर में भाजपा की सरकार बनेगी। प्रचंड बहुमत के साथ जम्मू-कश्मीर में भाजपा अपनी सरकार बनाएगी। 0 कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस ने चुनाव पूर्व गठबंधन किया- कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने चुनाव पूर्व गठबंधन किया है। एनसी 52 सीटों पर और कांग्रेस 31 सीटों पर उम्मीदवार उतार रही है। दोनों पार्टियों ने दो सीटें छोड़ी हैं, एक घाटी में सीपीआई (एम) के लिए और दूसरी जम्मू संभाग में पैंथर्स पार्टी के लिए। जम्मू संभाग में नगरोटा, बनिहाल, डोडा और भद्रवाह और घाटी में सोपोर की पांच सीटों पर एनसी और कांग्रेस दोनों ही अपने उम्मीदवार उतारेंगे, जिसे गठबंधन 'दोस्ताना मुकाबला' कह रहा है।

## प्रथम पेज का शेष

*हरियाणा में आप-कांग्रेस के*

अब तक 250 से अधिक नेता और कार्यकर्ता पार्टी छोड़ चुके हैं। भाजपा नाराज नेताओं को मनाने में लगी है। टिकट नहीं मिलने से नाराज कई नेता और कार्यकर्ता भाजपा का दामन छोड़ कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। जानकारी के अनुसार कुछ नेता आप से भी संपर्क साध रहे हैं।

*राज्यपाल बोस ने राष्ट्रपति ...*

अपनी प्यारी बेटी को खोने वाली शोक संतप्त मां के आंसू पोंछना सरकार का कर्तव्य है। राज्यपाल ने विधेयक में स्पष्ट खामियों और कमियों की ओर इशारा किया और सरकार को जल्दबाजी में जवाब देने के बजाय अपना होमवर्क करने की सलाह दी। टीएमसी नेता ने राज्यपाल से की थी अपील- वहीं इस मामले में टीएमसी नेता कुणाल घोष ने कहा कि राज्यपाल को अपराजिता बिल को तुरंत पास कर देना चाहिए क्योंकि यह महिलाओं की सुरक्षा और महिलाओं के खिलाफ अपराध के खिलाफ सबसे सख्त कदम उठाने के लिए एक आदर्श बिल है। जब भी पश्चिम बंगाल की विधानसभा बिल पास करती है, राज्यपाल को तुरंत इसे पास कर देना चाहिए। लेकिन वह देरी करने की रणनीति अपना रहे हैं। तीन सितंबर को विधानसभा से पास हुआ अपराजिता बिल- बता दें कि तीन सितंबर को राज्य की ममता बनर्जी सरकार की तरफ से विधानसभा में पेश दुष्कर्म रोधी विधेयक सर्वसम्मति से पारित किया गया था। विधेयक में पीड़िता की मौत होने या उसके 'कोमा' जैसी स्थिति में जाने पर दोषियों के लिए मौत की सजा का प्रावधान किया गया है।

*चीन-पाकिस्तान खबरदार...*

यह कमांड एक सीमा-एक कमान के सिद्धांत पर काम करेंगी यानी हर कमांड के पास एक सीमा की पूरी जिम्मेदारी होगी। चीन ने साल 2016 में ही थियेटर कमान बना दिया है। ड्रैगन ने पांच थियेटर कमान बनाए हैं। हर कमान के पास एक देश की सीमा की जिम्मेदारी है। भारतीय सीमा की जिम्मेदारी चीनी सेना की पश्चिमी थियेटर कमान को दी गई है।

*नई आबकारी नीति पर हाईकोर्ट का फैसला ...*

वर्तमान में जारी एफएल 10 एबी लाइसेंस की व्यवस्था को समाप्त करते हुए सीधे विदेशी शराब की थोक खरीद को मंजूरी दे दी है। अनियमितता के कारण हुआ राज्य को वित्तीय नुकसान - पिछली नियमानुसार बड़े स्तर पर अनियमितताएं थी, जिससे राज्य को भारी वित्तीय नुकसान हुआ। सरकार का कहना है कि, नई आबकारी नीति के पीछे वितरण प्रक्रिया पर नियंत्रण करके, उद्देश्य प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना, बनाने वालों के लिए लागत कम करना है। नई नीति के लागू होने के बाद सरकार शराब के व्यापार में बिचौलियों की भूमिका को खत्म करते हुए सीधे निर्माताओं से शराब खरीदेगी।

*आबकारी विभाग का एक्शन..*

ताकि भविष्य में इनमें से ज़ किसी भी कर्मचारी को शराब दुकान में नौकरी नहीं मिल पाए। ओवर रेटिंग करने वालों की खैर नहीं रायपुर आबकारी विभाग उपायुक्त विकास गोस्वामी ने बताया कि, शराब दुकानों में काम करना है तो तय दर पर ही शराब बेचे कर्मचारी, नहीं तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। वर्ष 2023 में एक साल में ओवर रेटिंग मामले में उंगलियों की संख्या के बराबर कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई थी, लेकिन पिछले 4 महीने में 70 कर्मचारियों को बर्खास्त कर ब्लैक लिस्टेड किया है। ओवररेटिंग की जांच लगातार जारी रहेगी। शराब दुकानों के कर्मचारियों को किया गया बर्खास्त- विभाग ने कम्पोजिट टण्डवा के मिथलेश यदु, शान्तनु कुमार रात्रे, ठाकुर सिंह राय, विदेशी मदिरा दुकान स्टेशन रोड के दिलीप कुमार सिन्हा, कम्पोजिट नेवरा के योगेश्वर चतुर्वेदी, अजय कुमार लहरी, संतराम पात्रे, हेमंत कुमार कोसले, विदेशी मदिरा दुकान व्यास तालाब के पोषण साहू, गंगाधर खरे, विदेशी मदिरा दुकान मेटल पार्क के भूषण निषाद, विदेशी मदिरा दुकान कुर्रा के तमराज महिपाल, विदेशी मदिरा दुकान लालपुर के आयुष जायसवाल, भावेश भारती, विदेशी मदिरा दुकान लाभाण्डी के भांग चन्द्र धृतलहरे, देशी मदिरा अभनपुर के भुवन अभनपुर के लाल बांधे, विदेशी मदिरा दुकान योगेश कुमार, कम्पोजिट मदिरा दुकान उरला के संजय पाटिल, अविनाश कंदरा, देशी मदिरा दुकान खरोरा के विनोद कश्यप लोकेश टण्डन, लाकेश कुमार निर्मलकर, सूरज बांधे, विदेशी मदिरा दुकान खरोरा के सूरज विश्वास, विदेशी मदिरा दुकान पंडरी के टिकेन्द्र डिंडोरे, विदेशी मदिरा दुकान शंकर नगर (कचना) के अशोक कुमार कौशिक, सागर टंडन, अशोक कुमार कौशिक, विदेशी मदिरा दुकान खमतराई के छत्र प्रकाश माथुर, करण दास घृतलहरे, विदेशी मदिरा दुकान नवापारा के नोहर दास, वेकंटेश तिवारी, कम्पोजिट मदिरा दुकान भाठागांव के अजय सेन, अजय कश्यप, दुर्गेश सिन्हा अल्ताफ खान, देशी मदिरा दुकान नवापारा के सूरज सोनवानी, गोवर्धन सुरेन्द्र, कम्पोजिट मदिरा दुकान ट्रांसपोर्ट नगर खमतराई के लोकेश्वर साहू, विदेशी मदिरा दुकान भनपुरी के पंकज टण्डन, विदेशी मदिरा दुकान (कम्पोजिट) राजेन्द्र नगर के रंजीत कुमार गुप्ता, प्रीमियम विदेशी मदिरा पचपेड़ी नाका के दुर्गेश पटेल, विदेशी मदिरा दुकान भाठागांव के शैलेन्द्र वर्मन, देशी मदिरा दुकान (डुण्डा) डूमरतराई के रमेश निजाद, रगगर कुमार दाम्टे, अभिषेक बर्मन, वोमेश राय, गिरिजाशंकर गिल्ये, हरेन्द्र साव, विदेशी मदिरा दुकान डूमरतराई के मनीष निषाद, तुषार कुमार, विदेशी मदीरा दुकान सड्डू के मदन बाग, सतेंद्र सिंह, राहुल बंजारे, शत्रुहन त्रिपाठी, ऋषभ चेलक, घनाराम साहू शामिल है। इन सभी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 39 (ग) के तहत तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक कर ब्लैक लिस्टेड किया गया है।

# बुजुर्ग लोक कलाकारों ने डॉ. रमन को सौंपा स्मरण पत्र

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ अंचल के तमाम बुर्जुग लोक कलाकारों की मानदेय में वृद्धि किए जाने हेतु छत्तीसगढ़ साहित्य समिति द्वारा डॉ रमन सिंह सिंह को एक बार फिर स्मरण दिलाने हेतु उन्हें मेमोरेंडम पत्र सौंप गया है।

बता दें कि डॉ सिंह के शहर आगमन पर छै माह पूर्व साहित्य समिति द्वारा तत्संबंधित ज्ञापन पत्र सौंप गया था विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह द्वारा उक्त ज्ञापन पत्र की अनुशंसा करते हुए को तत्कालीन संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को फारवर्ड किया गया था किन्तु उक्त के सम्बंध में अब तक किसी तरह की कार्रवाई प्रकाश में नहीं आने व बुजुर्ग लोक कलाकारों की मानदेय वृद्धि किए जाने सम्बंधी कार्य नहीं होने से साहित्य समिति द्वारा एक बार फिर डॉ. सिंह को तत्सम्बंधित स्मरण पत्र सौंपा गया है। साहित्य समिति के अध्यक्ष आत्माराम कोशा 'अमात्य' द्वारा सौंपे गए उक्त मेमोरेण्डम पत्र के दौरान उनके नेतृत्व में लखोली नाका वार्डवासियों द्वारा चौक का नाम मुहल्ले की अधिष्ठात्री देवी मां चण्डी के नाम करने हेतु भी डॉ. सिंह को ज्ञापन सौंपा गया।



बताया जाता है कि लखोली नाका वासियों द्वारा डॉ सिंह से इस संबंध में पूर्व में चर्चा की गई थी। उस समय डॉ सिंह ने भाजपा के सत्ता में आने पर निगम द्वारा नाम परिवर्तन करवा दिए जाने की बात कही गई थी। पार्टी के भाजपा सदस्यता अभियान के दौरान माहेश्वरी भवन पधारे डॉ सिंह के हाथों लखोली नाका के प्रतिष्ठित नागरिक, वरिष्ठ लोक कला धर्मी, कवि साहित्यकार आत्मा राम कोशा 'अमात्य' के नेतृत्व में लखोली नाका के जागरूक युवक लेखेन्द्र साहू के द्वारा डॉ सिंह को उक्त ज्ञापन सौंपा गया। इस संबंध में लेखेन्द्र साहू ने बताया कि लखोली नाका व लखोली का नाम एक जैसे हो जाने के कारण लोगों में भ्रम की स्थिति बनी रहती है। इससे अनावश्यक रूप से लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। आवश्यक चिट्ठी-पत्रियां भी लखोली वार्ड में जाकर भटकते रहती है। इस भ्रम की स्थिति से उबरने के लिए लखोली नाका चौक समीप स्थित मुहल्ले की अधिष्ठात्री देवी मां चंडी मंदिर के नाम पर उक्त चौक व मुहल्ला का नाम करने की मांग की गई है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, समाज सेवी दामोदरदास मूंदड़ा, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नीलू शर्मा, प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल लखोली नाका क्षेत्र के वार्ड पार्षद (जनता कालोनी) गप्पु सोनकर, सेठी नगर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि आशीष डोंगरे, पूर्व पार्षद मिथलेश्वरी वैष्णव, पार्षद मधु बैद, समाजसेवी दामू भूतड़ा सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। डॉ सिंह को सौंपे गए हस्ताक्षरित ज्ञापन में वार्ड के प्रतिष्ठित नागरिक नंदकिशोर भूतड़ा (नंदू) दिनेश शर्मा, गौरव शर्मा, कन्हैया शर्मा, लोकेश यादव, विजय मरकाम, ईश्वर सोनकर रमेश सोनकर, धनराज, दिनेश सारथी, यशवंत साहू आदि बड़ी संख्या में लखोली नाकावासियों के नाम शामिल है।

# शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों का भविष्य अंधकारमय - महेंद्र यादव



राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत सदस्य व जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव ग्रामीण के महामंत्री महेंद्र यादव ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के ग्राम आलीवारा के स्कूल पढ़ने वाली बेटियों को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जेल भेजने की धमकी की जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव कड़े शब्दों में निंदा की है उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी की ऐसी कथित ओछी करतूत के लिए राज्य सरकार पर सवाल उठाए हैं कि बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ जैसी महत्वाकांक्षी योजना पर पलीता लगाने वाले ऐसे अधिकारी को आखिर क्या सजा देगी। विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार पर यह बड़ा सवाल है।

श्री यादव ने आगे कहा कि पालको के साथ मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन में अपनी समस्या लेकर पहुंचे बच्चों ने ग्राम आलीवारा स्थित शासकीय हायर सेकेंड्री स्कूल की 11-12वीं कक्षा में कुल 160 बच्चे हैं। नवमी और 10वीं में पर्याप्त शिक्षक हैं। लेकिन हायर सेकेंड्री कक्षाओं में शिक्षकों की कमी के कारण उनका भविष्य अंधकारमय नजर आ रहा है। जनदर्शन में बच्चों ने कलेक्टर को अपनी समस्या बताई, जिस पर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बच्चों को उनके स्कूल में शिक्षकों की कमी को शीघ्र दूर करने का आश्वासन देकर जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) से मिलने के लिए भेजा। लेकिन यहां बात बिगड़ गई। बच्चों ने जब अपने स्कूल में शिक्षकों की कमी का दुखड़ा रोया तो डीईओ बिफर गए और उनकी बातों को सहानुभूतिपूर्वक सुनने की बजाय बच्चों को ही धमकाने लगे। बच्चों से इस बात को लेकर मीडिया के समक्ष रोते हुए खुलकर बताया।

बच्चों के अनुसार डीईओ ने उन्हें साफ कह दिया कि तुम लोगों को यहां तक किसने बुलाया। क्या तुम्हें पता है स्कूल छोड़कर यहां तक आने का अंजाम तुम सबको जेल में डलवा दूंगा। डीईओ के इस तरह के वक्तव्य को लेकर बच्चों के साथ अमानवीयता के रूप में देखा जा रहा है। क्षेत्रीय जिला पंचायत श्री यादव ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि इस तरह की शिकायत को गंभीरता से संज्ञान में लेकर शासन को अवगत करवाये और डीईओ के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही करें नहीं तो विद्यार्थियों को साथ लेकर कलेक्ट्रेट के समक्ष धरना प्रदर्शन आंदोलन किया जाएगा।

# नरेन्द्र कुमार साहू शिक्षा दूत अलंकरण से सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय प्राथमिक शाला नाथूनवागांव, संकुल तुमड़ीबोड़, विकासखण्ड डोंगरगांव में पदस्थ सहायक शिक्षक नरेन्द्र कुमार साहू को शिक्षक दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण योजना अंतर्गत जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान सत्र 2024 का शिक्षादूत पुरुस्कार 05 सितंबर को गोविन्द राम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के कर कमलों से प्रसस्ति पत्र व पांच हजार रुपये की राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिक्षक श्री साहू शाला के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये अपनी पद स्थापना के समय से ही लगातार प्रयत्नशील रहे हैं। शिक्षा में नवाचार, खेल-खेल में शिक्षा जैसी रुचिकर गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि एवं सीखने की उत्सुकता उत्पन्न करने में सफल हुए हैं। इनके द्वारा शाला के चहुमुखी विकास के लिये सामुदायिक सहभागिता के द्वारा शाला में बच्चों के लिये डेस्क बैंच की व्यवस्था कराई गई है। शाला में कलात्मक पुस्तकालय का निर्माण कराया गया है। नवाचार के अंतर्गत छात्र दैनन्दिनी लेखन प्रारंभ कराया गया है।



शालेय पत्रिका का विमोचन खण्ड शिक्षा अधिकारी बी.एल.पात्रे द्वारा कराया गया है। शिक्षक श्री साहू समाज सेवा के क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका का निरन्तर निर्वहन कर रहे हैं। नरेन्द्र कुमार साहू ने पुरस्कार में प्राप्त पांच हजार रुपये की राशि 'नव चेतना लोक कल्याण संस्था' को प्रदान करते हुए इस संस्था के माध्यम से विद्यार्थियों के शैक्षिक उत्थान के लिये उपयोग किये जाने की सहर्ष घोषणा की है। उनकी इस उपलब्धि के लिये शाला परिवारकी ओर से बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके शैक्षिक कार्यों में उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की गई।

# पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने किया भाजपा सदस्यता अभियान की शुरुवात

**खैरागढ़ (दावा)। राष्ट्रीय स्तर पर सदस्यता अभियान महापर्व का शुभारंभ मंडल स्तर पर आज खैरागढ़ पूर्व विधायक कोमल जंघेल के द्वारा भाजपा ग्रामीण मंडल खैरागढ़ के आज बजार अतरिया में शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से कोमल जंघेल अपने उद्बोधन मे कहा की विश्व की सबसे बडी राजनैतिक दल हैं, जिसकी 18 करोड़ की सदस्य है।**

हमें इस वर्ष नया सदस्य बनने फिर से सदस्यता अभियान गांव-गांव व वार्डो एवं टोलो मे सदस्य बनाने का अभियान चला कर जो लक्ष्य पार्टी ने दिया हैं, उसे पूर्ण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा की प्रत्येक बूथों मे कम से कम 200 सदस्य बनाना हैं और सक्रिय सदस्य बनने के लिए स्वयं को 100 सदस्य बनाने हैं। इस अभियान को 15 अक्टूबर तक पूर्ण करना हैं। कोमल जंघेल ने शक्ति केंद्र अनुसार कार्य का विभाजन किया हैं, प्रत्येक शक्ति केन्द्रों में शिविर लगा कर सदस्य बनाने का अभियान चलना हैं। मंडल अध्यक्ष केशो चंदेल ने इस अभियान को शीघ्रता से पूर्ण करने का आश्वासन दिया हैं और अपने सभी पदाधिकारीयों को जिम्मेदारी सौपी हैं, मंडल अध्यक्ष ने सभी को सक्रियता से इस अभियान मे भीड़ने की अपील कि।

कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से हरप्रसाद वर्मा जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा, जनपद सदस्य गणेश वर्मा, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री भरत वर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोगरा वर्मा, देवकुमार सेन, जनपद सदस्य व महामंत्री अनूप वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार जोशी, फिरन वर्मा, जीवन साहू, राजकुमार वर्मा, लोकनाथ वर्मा, युवराज साहू, ध्रुव वर्मा, रोहिता वर्मा, प्रेम सागर गुप्ता, ओमकार नरेश कुर्रे, उमेश वर्मा, रामचंद्र वर्मा, हस्ता राम धनकर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

# भाजपा सरकार की छीन रही रोजगार, भटक रहे युवा - कमलजीत पिंटू

राजनांदगांव (दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कमलजीत पिंटू ने कहा है कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने के लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने समस्त विभागों में निर्माण कार्य के लिए ई-श्रेणी में पंजीकृत युवाओं को एक बार में 20 लाख और साल में 50 लाख तक के कार्य ब्लॉक स्तर पर प्रदान करने की योजना लागू की थी। इस योजना से बेरोजगारों को अपने ही विकासखंड के विकास कार्यों में सहभागिता का अवसर मिल रहा था, साथ ही सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में उद्यमशीलता का भाव विकसित होने के साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे थे।



युवाओं का जीवन संकट में, ई-श्रेणी का पंजीयन बंद

24 दिसंबर 2020 को शुरू किए गए इस योजना में लगभग 700 करोड़ रुपए हर साल का अतिरिक्त बजट आबंटन होता था, लेकिन छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आने के बाद दुर्भावना पूर्वक इस पूरी योजना को बंद कर दिया गया है, जिससे छत्तीसगढ़ के लाखों युवाओं के समक्ष जीवन यापन और परिवार के भरण पोषण की समस्या उत्पन्न हो गई है।

जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कमलजीत पिंटू ने कहा है कि भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली तत्कालीन कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवकों के लिए ई रजिस्ट्रेशन लागू कर उन्हें सालाना 50 लाख तक के कार्य किए जाने के लिए यह योजना लॉन्च की गई थी। वर्तमान की भाजपा सरकार ने इस रजिस्ट्रेशन योजना पर बजट में कोई प्रावधान नहीं रखा है।

रजिस्ट्रेशन के पात्र इंजीनियर, स्नातक और अनुसूचित क्षेत्र के हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण युवा कार्यों के लिए भटक रहे हैं। छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी मुख्यमंत्री निवास और उपमुख्यमंत्री निवास से अधिकारियों को भाजपाइयों को कार्य दिए जाने के लिए दबाव बना रहे हैं। पूर्ववर्ती सरकार के समय जारी वर्क आर्डर भी बडे पैमाने पर निरस्त कर दिए गए, कई निर्माण कार्य पूर्ण होने के बावजूद दुर्भावना पूर्वक उनका भुगतान रोक दिया गया है, साय सरकार की दुर्भावनापूर्ण नीतियों के चलते पीड़ित और प्रभावित बेरोजगार अब दर-दर भटकने बजबूर हैं।

# आईटीआई में 13 सितम्बर को प्लेसमेंट कैम्प

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 13 सितम्बर को सुबह 10 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्राचार्य शासकीय आईटीआई राजनांदगांव ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में कैरियर-ट्री द्वारा एजीआई ग्लासपैक हैदराबाद के लिए विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी।

किसी भी व्यवसाय में वर्ष 2020 से वर्ष 2023 तक आईटीआई उत्तीर्ण तथा अगस्त 2024 की परीक्षा में सम्मिलित प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकते हैं।

कैम्प में 18 से 28 वर्ष के केवल पुरूष उम्मीदवार एवं व्यवसाय फिटर को प्राथमिकता दी जाएगी।

# बिजेतला गांव बनेगा उद्योग नगर - राजेन्द्र गोलछा

राजनांदगांव (दावा)। जिले के जालबांधा से लगा हुआ गांव बिजेतला आदर्श औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित होने जा रहा है। यहां करीब 422 एकड़ में तरह-तरह के उद्योग विस्थापित होंगे। खुशी जाहिर करते हुए एवं अपने पार्टी सरकार को धन्यवाद देते हुए जिला भाजपा के महामंत्री राजेन्द्र गोलछा ने कहा बीजेतला के इंडस्ट्रियल एरिया बन जाने से क्षेत्र के दर्जनों गांव के लोगों को रोजगार मिलेगा। जिससे उनका जीवन स्तर ऊंचा उठेगा।



कहा - क्षेत्रवासियों को मिलेगा रोजगार राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मिलेगा प्रोत्साहन

उनके कार्य कुशलता बढ़ेगी और इसी के साथ छत्तीसगढ़ राज्य की अर्थव्यवस्था को सुधारने की कड़ी में इस औद्योगिक क्षेत्र का भी बड़ा योगदान रहेगा। इसके लिए उन्होंने क्षेत्र की जनता की ओर से छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का आभार जाता है। श्री गोलछा ने आगे कहा कि जालबांधा से लगे ग्राम बिजेतला को आदर्श औद्योगिक क्षेत्र के लिए विकसित किया जाएगा।

यह पूरा क्षेत्र आधुनिक सुविधाओं से लैस इंडस्ट्रियल एरिया बनेगा। जहां दो दर्जन से अधिक नए उद्योग लगेंगे। यहां मेडिकल, बैंकिंग से लेकर तमाम जरुरी सुविधाएं भी उपलब्ध रहेगी। स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कार्पोरेशन ने इसे लेकर मंजूरी दे दी है। बिजेतला इलाके के 421.9 एकड़ भूमि को इंडस्ट्रियल एरिया के लिए चयनित किया गया है। इसमें से ज्यादातर भूमि किसानों की है। जिसे अधिग्रहित किया जा चुका है। शेष व भूमि का अधिग्रहण भी प्रक्रियाधीन है। बीते दिनों रायपुर में इंडस्ट्रियल कॉर्पोरेशन की बैठक हुई। जिसमें संबंधित विभाग के मंत्री भी मौजूद थे। जिसमें आदर्श औद्योगिक क्षेत्र के लिए मंजूरी की मुहर लग गई है। अब इस का हिस्से में विकास से लेकर मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए खाका तैयार होगा। इसके लिए स्थानीय प्रशासन जल्द ही बि काम शुरु करने वाला है। बिजेतला में स उद्योग क्षेत्र बनने से स्थानीय लोगों को बड़ी मात्रा में रोजगार भी उपलब्ध होगा। यह पूरे क्षेत्र के विकास के लिए अहम साबित होने वाला है।

# डॉ. रमन सिंह ने शिक्षक ओमप्रकाश साहू को शिक्षा दूत के सम्मान से किया सम्मानित

**राजनांदगांव (दावा)। शिक्षक दिवस के अवसर पर पद्मश्री गोविंद राम निर्मलकर आडिटोरियम में आयोजित मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंरण समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के हाथों शासकीय प्राथमिक शाला भोथीपारकला के सहायक शिक्षक ओमप्रकाश साहू सम्मानित हुए।**



श्री साहू को उक्त सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारी गतिविधियां के माध्यम से बच्चों को शिक्षा प्रदान करने जिसमें बच्चों को लोकगीत की तर्ज में गीत-कविता के माध्यम से रोचक तरीके से पढ़ाई करने, खेल-खेल में शिक्षा प्रदान करने, बच्चों में जनरल नॉलेज को बढ़ावा देने हेतु सत्यम् शिवम् सुंदरम् ग्रुप में बांट कर क्वीज प्रतियोगिता आयोजित करने, घर में भी बच्चों को पढ़ाई का उचित माहौल बनाने हेतु अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के तहत माताओं का उन्मुखीकरण करने, जागरूकता अभियान के तहत स्वच्छता को बनाये रखने हेतु नारे लगाकर रैली निकालने, मतदाता जागरूकता रैली निकालने और चित्रकला के माध्यम से जागरूकता फैलाने, शिक्षा सप्ताह और स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने और बच्चों में जागरूकता फैलाने, राष्ट्रीय पर्व में सक्रिय भागीदारी निभाने, बच्चों में सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रति रूझान पैदा कर प्रस्तुति कराने, कहानी उत्सव, मातृ पितृ पूजन दिवस, गुरु पूर्णिमा, शिक्षक दिवस जैसे महती आयोजन के माध्यम से बच्चों में नैतिकता की भावना को विकसित करने, माता-पिता, गुरूओं सहित बड़े बुजुर्गो का सम्मान करने, बच्चों में सामूहिकता और सहयोग की भावना को बलवती करने, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों, जन प्रतिनिधियों को शाला के विकास में प्रेरित करने, बेगलेस डे, समर कैंप के माध्यम से स्मार्ट टीवी के माध्यम से पढ़ाई करने, बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास कर विभिन्न गलतफहमियों से बचने, बच्चों में पाठ्य सहगामी गतिविधियां यथा चित्रकला, मिट्टी से खिलौना, कबाड़ से जुगाड़, गुब्बारा कार, लोक नृत्य, गीत, कविता, सोशल मीडिया का उपयोग पढ़ाई में करने हेतु प्रेरित करने के साथ ही उनके दुरूपयोग से होने वाली हानियों से वाकिफ कराने, बच्चों को योगा के साथ ही खेलकूद में सक्रिय भागीदारी निभाने हेतु प्रयास करने हेतु यह सम्मान प्रदान किया गया है। सम्मान के तहत प्रशस्ति पत्र, डायरी, पुस्तक और पांच हजार रुपए प्रदान किए गए हैं।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, पूर्व सांसद व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता- नीलू शर्मा, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसपी मोहित गर्ग, जनपद अध्यक्ष श्रीमती, प्रतीक्षा भंडारी, विक्रांत सिंह, रमेश पटेल, राजेन्द्र गोलछा, अशोक देवांगन, अकरम कुरैशी, किसुन यदु के साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, सहायक संचालक आदित्य खरे, रश्मि सिंह, सतीश ब्यौहरे, राव मेडम, बीईओ आर्या मेडम, एबीईओ रावटे मेडम, जयंत साहू एबीईओ, बीआरसी भगत सिंह, रूसिया सर, महेश ठाकुर, अश्वनी साहू सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में शिक्षकों की उपस्थिति रही।

# शास. उच्च.माध्य.शाला खुज्जी में उत्साह पूर्वक मनाया गया शिक्षक सम्मान समारोह

**खुज्जी (दावा)। शा. उच्चतर माध्यमिक शाला खुज्जी में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर छात्र संघ के द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन बड़े ही उत्साह पूर्वक किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति तथा शाला के छात्र-छात्राओं के द्वारा समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शाला विकास समिति के अध्यक्ष उत्तमचंद नाहटा एवं समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।**



समिति के द्वारा प्रभारी प्राचार्य गुमान साहू, सेवानिवृत्त शिक्षक ज्योतिष राम यादव तथा गजेन्द्र हरिहारनो सर को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में भारतीय जीवन बीमा अभिकर्ता कमल नारायण साहू के द्वारा भी सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को पेन गिफ्ट कर सम्मानित किया गया तथा शाला के छात्र-छात्राओं ने अपने समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को पेन भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में समारोह के मुख्य अतिथि उत्तमचंद नाहटा, प्रभारी प्राचार्य गुमान साहू, शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं तथा समिति के सदस्यों एवं छात्र छात्राओं के द्वारा भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर एवं विधिवत पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। समिति के अध्यक्ष उत्तमचंद नाहटा ने कार्यक्रम को संबोधित किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला तथा उनके आदर्शों से शिक्षा जगत को सीख लेने का आग्रह किया। उन्होंने समाज और राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर चर्चा किया तथा उन्होंने छात्र-छात्राओं से आग्रह किया कि वे सदैव अपने शिक्षकों का सम्मान करें एवं उनके बातों का अनुसरण करें। आज के छात्र कल इस देश के जिम्मेदार नागरिक बनेंगे तथा देश और समाज का भार आपके कंधों पर होगा। इसके लिए समाज को जिम्मेदार नागरिकों की आवश्यकता होगी यह कार्य आप शिक्षकों के द्वारा बताए गए मार्ग का अनुसरण करके ही कर सकते हैं। सभा को प्रभारी प्राचार्य गुमान साहू, ज्योतिष राम यादव, गजेन्द्र हरिहारनों, राधेश्याम कमरिया, नूरुद्दीन मौलवी, सुषमा ऊके, महेश ठाकुर एवं अर्जुन सोनी शाला नायक आदित्य रंगारी, कु. लक्ष्मी, लुमेंद्र साहू, कु. देविका तथा छात्रजीत ने भी संबोधित किया।

# शिक्षण संस्थाओं को ओछी राजनीति से दूर रखें- तिवारी

राजनांदगांव (दावा)। स्वदेशी जागरण मंच के जिला प्रचार प्रसार प्रमुख एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कमलेश तिवारी ने अपने ब्यान में कहा है कि सरकार शैक्षणिक कार्यों में सुधार के लिए अनेक कदम उठा रही है। वहीं स्कूलों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को भी अनेक प्रकार की सुविधा उनके शिक्षा सुधार को लेकर लगातार प्रयासरत है लेकिन आश्चर्य है कि स्कूलों में शाला समितियां पंचायतें, जनपद एवं जिला पंचायत के निर्वाचित सदस्यों की ग्रामीण इलाकों में भरमार है। उसके बावजूद नवनिहाल नन्हे मुन्हें छात्र छात्राओं को लेकर कुछ नेता किस्म के पालक जिला मुख्यालय में पहुंचकर हो हल्ला मचाते हैं। जबकि इन इलाकों में निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं।

आखिर किसी स्कूलों में किसी प्रकार की कमी को लेकर इनके द्वारा ध्यान क्यों नहीं दिया जाता कि उनके क्षेत्र के स्कूलों में क्या कमियां हैं। ये उनकी नैतिक जिम्मेदारी भी है, लेकिन आज कल देखने में आ रहा है कि ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण छोटे छोटे स्कूल के बच्चे शहर पहुंचकर कार्यालयों में हो हल्ला मचा रहे हैं। जो कि तनिक भी उचित नहीं है। श्री तिवारी ने अपने बयान में कहा है कि यदि ग्रामीण इलाके के किसी भी स्कूलों में कोई परेशानी, समस्या है तो उस क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को ध्यान देकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों को अवगत कराना चाहिए। ना की उनके इलाकें के स्कूल के छात्र छात्राएं शहर कार्यालय पहुंचकर धरना प्रदर्शन करें और ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधि केवल निर्माण कार्य तक ही सीमित रहें और उनके क्षेत्र के स्कूल शिक्षा, स्वास्थ्य, साफ सफाई चौपट रहे। श्री तिवारी ने स्कूली बच्चों को लाकर इस प्रकार से कार्यालय में हो हल्ला मचाने की निंदा की है वहीं ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रनिधियों से आग्रह भी किया है कि गांव की किसी भी समस्या के हल के लिए उन्हें तत्परता से आगे आकर संबंधित अधिकारियों को समय समय पर अवगत कराते रहना चाहिए। ताकि स्कूली बच्चों को धरना, आंदोलन से दूर रखा जा सकें।

# नेहरू कालेज में इतिहास परिषद का गठन, लोकेन्द्र बने अध्यक्ष



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़, के इतिहास विभाग में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई व्ही रेवती के निर्देषन एवं विभाग अध्यक्ष डॉ. श्रीमती आशा चौधरी के मार्गदर्शन में सत्र 2024-25 के लिए इतिहास परिषद का गठन किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्राचार्य एवं विभाग अध्यक्ष के द्वारा मां सरस्वती के तेल चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य का इतिहास विभाग छात्र-छात्राओं के द्वारा बुके दे कर स्वागत किया गया।

इतिहास विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ श्रीमती आशा चौधरी ने इतिहास परिषद के मनोनीत छात्र-छात्राओं की जानकारी दी जिसमें लोकेंद्र कुमार (तृतीय सेमेस्टर) को अध्यक्ष, कु कामिनी पटेल (प्रथम सेमेस्टर) को उपाध्यक्ष, महेंद्र सूर्यवंशी (तृतीय सेमेस्टर) को सचिव, कु. श्रुति धामगाये (प्रथम सेमेस्टर ) को सह-सचिव व देवराज ठाकुर (प्रथम सेमेस्टर) को कोषाध्यक्ष के पद के लिए मनोनीत किया गया। परिषद के कार्यकारिणी सदस्य के रूप में महेंद्र कुमार, शिवानी सिन्हा, हसिना कंवर, मनीषा धुर्वे, राकेश पटेल, कमलेश साहू को नामित किया गया।

इस अवसर पर इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीमती आशा चौधरी ने मनोनीत पदाधिकारी को उनके कार्यो-कर्तव्य व जिम्मेदारियां से अवगत कराया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ श्रीमती ई.व्ही. रेवती ने छात्र-छात्राओं को शिक्षा व अपने विभाग के प्रति समर्पित होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## किया गया वृक्षारोपण

इतिहास परिषद के मनोनयन के पश्चात महाविद्यालय के पुराने भवन के अमृत गार्डन में एक पेड़ मां के नाम का वृक्षारोपण किया गया। जिसमें प्राचार्य श्रीमती डॉ ई व्ही रेवती, डॉ. श्रीमती आशा चौधरी, अ.व्या. एवलाल मेश्राम तथा इतिहास परिषद के सभी पदाधिकारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित होकर पौधारोपण में सहभागिता दी। साथ ही साथ छात्र-छात्राओं ने रोपित किए गए पौधों का संरक्षण करने का शपथ ली। इतिहास परिषद् मनोनयन कार्यक्रम का संचालन महेन्द्र सूर्यवंशी (तृतीय सेमेस्टर) ने किया।

# आज धूमधाम से बिराजेंगे विघ्नहर्ता गणपति बप्पा मोरया की रहेगी गूंज

## गणेशोत्सव समितियों ने गणेश चतुर्थी का श्री गणेश करने की भव्य तैयारी, पूजा-सामानों की जमकर हो रही बिक्री

राजनांदगांव (दावा)। भाद्र पद के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को आज विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश आकर्षण ढंग से सजाएं गए गणेश पंडालों में धूमधाम के साथ विराजेंगे। लोगों में गणेशोत्सव पर्व को लेकर खासा उल्लास बना हुआ है। आज शहर से लेकर गांव-देहात की गणेशोत्सव समितियां भी मूर्तिकारों के यहां से भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमाओं को लाने के लिए भव्य तैयारी कर ली है। डीजे, धुमाल बाजा, झांझ-मंजीरे की झनकार के बीच गणपति बप्पा मोरिया का गुंजार करते हुए नाचते- झूमते हुए भक्त जन भगवान गणेश को लिवा लाएंगे। इसी के साथ ही 11 दिनों तक चलने वाले गणेशोत्सव पर्व का श्री गणेश हो जाएगा और शहर सहित पूरे अंचल भर में श्री गणेश भक्ति की बयार चल पड़ेंगी। बस, बारिश-पानी की स्थिति भर बन न पाए, नहीं तो गणेशोत्सव के रंग में पानी पड़ जाएगा।



### शहर से लेकर गांव-देहातों में तीजा का चढ़ा रंग

तीजा मय हुआ माहौल छत्तीसगढ़ अंचल में तीजा पर्व का खासा महत्व है। लगभग सभी घरों में तीजा मनाने बहन-बेटिया आई हुई है। इस घर-परिवार का माहौल गुलजार बना हुआ है वहीं शहर/कस्बों के बाजार में भी चारोंओर रौनक देखने को मिल रही है। बता दे कि 5 सितम्बर को तीजहारिन महिलाएं कड़ू भात खाकर अपने पति की दीर्घायु तथा सौभाग्य की कामना लेकर 24 घंटे का निर्जला व्रत रखी हुई है।

आज गणेश चतुर्थी के दिन तीजहारिन महिलाए नए परिधानों से श्रृंगारित हो कर शिव पंचायत की पूजा करेगी इसी के साथ ही बुद्धि विनायक भगवान गणेश पूरी श्रद्धा-भक्ति के साथ पूजे जाएंगे। बता दे कि तीज पर्व होने के कारण बाजार में खासी रौनक बनी हुई है। इसके चलते कपड़ा बाजार से लेकर सौंदर्य प्रसाधन की दुकाने पूजा-सामग्रियों की दुकाने गिफ्ट आइटम सहित सोने-चांदी की दुकानों में जमकर खरीदारी हो रही है। व्यापारियों ने तीजा पर्व होने के चलते अधिक से अधिक व्हेराइटियों की साड़िया मंगवाई है जिसका खासा उठाव भी बना हुआ है। इधर बस आटो टेम्पो, ट्रेन आदि में तीजहारिनो की आवाजाही के चलते खासा रश दिखाई दे रहा है।

तीजा पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह बना हुआ है। इस बार छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार ने एन तीजा के समय महिलाओं के खाते में एक हजार रूपए महतारी वंदन की राशि जमा कर देने में महिलाएं जी भरकर अपने मनपंसद सामानों की खरीदारी कर रही है। इसी तरह ट्रेन व बसों में तीजहारिनों के आवाजाही बढ़ी होने से बस-स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशनों में रंग-बिरंगी साड़ियों में लिपटी तीजहारिनों की भीड़ देखी जा रही है। बता दें कि तीजहारिन महिलाए गणेश चतुर्थी पर्व के एक दिन पहले अपने घरों से करू भात खाकर मायके गई और वहां निर्जला व्रत रहकर फूलेरा सजाकर रात्रि जागरण किया। इस दौरान भजन-पूजन का भी माहौल बना रहा। आज भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को तीजहारिन महिलाएं नए वस्त्र परिधान से सजकर मां पार्वती व भगवान शिव सहित विघ्नहर्ता भगवान गणेश की पूजा करेंगी और भगवान से अपने पति की दीर्घायु व अखंड सौभाग्यवती होने की दुआएं मांगेगी।

### गणेश पूजन तथा श्रेष्ठ समय

ऋषिकुमार सादीपनी विद्यानिकेतन पोरबंदर के शास्त्री जनक भाई जोशी ने बताया कि भाद्रपद मासे शुक्ल पक्षे चतुर्थी तिथि चतुर्थी तिथि शनिवार दिनांक 7 सितंबर 2024 ई. को मध्यकाल में चतुर्थी होने से गणेश चौथ महागणपति चतुर्थी इस दिन मनाए जाएंगे जिससे प्रथम पूजनीय गणेश जी का जन्मोत्सव घर-घर पूजा करके मनाया जाता है। शास्त्र में गणेश जी का पूजन का श्रेष्ठ समय मध्यकाल वृश्चिक लग्न सहित श्रेष्ठ बताया है जो की 7 सितंबर 2024 शनिवार सुबह शुभ बेला : 7.45 से 09.18 तक, अभिजीत मध्यकाल वृश्चिक लग्न 11.28 से 01.40 तक, चंचल बेला: दोप.12.25 से 01.58 तक, लाभ बेला : दोप. 01.58 से 03.31 तक, अमृत बेला : दोप. 03.31 से 05.04 तक, लाभ बेला : शाम 06.36 से 08.04 तक है। जिसमें गणेश जी का पूजन किया जाता है। गणेश जी का जन्म मध्यान्ह में हुआ है अभी जातक मध्यान्ह में गणेश जी महाराज की स्थापना प्राण प्रतिष्ठा करे। गणेश जी महाराज का जन्म उत्सव में किसी भी प्रकार का भद्रा आदि का दोष नहीं होता है। सभी लोग गणेश जी महाराज के जन्म उत्सव को धूमधाम से मनाइये किस प्रकार करें गणेश जी का पूजन एक चौकी पर पीले तथा लाल वस्त्र बिछाइये उस पर चावल का स्वास्तिक बनाकर उस पर भगवान श्रीगणेश जी की प्रतिमा को स्थापित करें। कलश की स्थापन करे फिर पंचोपचार व षोड्षाचार गणेश का पूजन करें। विशेष रूप से गणेश जी को 21 मोदक नेवैद्य, 21 तार की दुर्वा, शमीपत्र, लाल फूल, फल, मिष्ठान आदि चढ़ावे। गणेश जी स्थापना हेतु वृश्चिक लग्न सहित मध्यान्ह काल 11.28 से 01.40 बजे करना करना श्रेष्ठ रहेगा।

# टीएस सिंहदेव का बढ़ रहा कद, भूपेश बघेल विवादों में



रायपुर (दावा)। कांग्रेस संगठन में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री का कद लगातार बढ़ रहा है, वहीं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विवादों में हैं। इन दोनों के बीच छत्तीसगढ़ में राजनीतिक खींचतान किसी से छिपा नहीं है। इस बीच प्रदेश में भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार जाने के बाद पूर्व उपमुख्यमंत्री का दिल्ली में कद बढ़ता जा रहा है। दो दिन पूर्व उन्हें कांग्रेस ने हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड, जम्मू कश्मीर के विधानसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र बनाने की बड़ी जिम्मेदारी दे दी है। उनके साथ अमिताभ दुबे को भी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने जिम्मेदारी दी है। वर्ष 2018 के छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए भी टीएस सिंहदेव को चुनाव घोषणा पत्र समिति का संयोजक बनाया गया था। पिछले लोकसभा चुनाव में भी उन्हें घोषणा पत्र समिति में प्रमुख जिम्मेदारी दी गई थी। वर्ष 2018 में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सत्ता की वापसी में सिंहदेव के घोषणा पत्र को महत्त्वपूर्ण माना गया था।

घोषणा पत्र के लिए उन्होंने समूचे प्रदेश का दौरा कर समाज व संगठन के लोगों से भी मुलाकात की थी। 2023 के विधानसभा चुनाव में सिंहदेव ने चुनाव घोषणा पत्र समिति में रहने की अनिच्छा जता दी थी। चुनाव में कांग्रेस को हार मिली लेकिन कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने एक बार फिर सिंहदेव पर भरोसा जताया है।

# प्रदेश कांग्रेस असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारी घोषित



### राजनांदगांव जिले को मिला महत्व, गिरीश सोनवानी प्रदेश महामंत्री, कपिल जिलाध्यक्ष, रविन्द्र शहर अध्यक्ष

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ की नई प्रदेश कांग्रेस कार्यकारणी की घोषणा की है उल्लेखनीय है की प्रदेश अध्यक्ष ने पूर्व में कहा था की शीघ्र ही कांग्रेस को मजबूत करने के लिए नयी नियुक्तियां की जायेगी, इस दिशा में ये उनके द्वारा घोषित प्रथम नवनियुक्त कार्यकारणी है। घोषित प्रदेश कार्यकारणी में राजनांदगांव जिले को पर्याप्त प्रतिनिधित्व व महत्व दिया गया है। राजनांदगांव जिले से निशु शाह उपाध्यक्ष, गिरीश सोनवानी, के.एम.श्रीवास्तव, कमलेश यादव को महासचिव, सूरज शर्मा, दिवाकर शेंडे, नरेश साहू, दिनेश सिन्हा को सचिव बनाया गया है।

राजनांदगांव जिला अध्यक्ष के पद पर कपिल देव पडौती की नियुक्ति की गयी है वही रविन्द्र यादव को शहर जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस.सिंहदेव, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, प्रकोष्ठ अध्यक्ष मो.सिद्दीक, विधायकगण दलेश्वर साहू, भोलाराम साहू, हर्षिता बघेल एवं पूर्व विधायक छन्नी साहू, जिलाध्यक्ष भागवत साहू, शहर अध्यक्ष कुलबीर छाबडा, वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक फणनवीस व सभी कांग्रेसजनों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

नवनियुक्त पदाधिकारी आज सुबह अम्बेडकर चौक में पहुंचकर वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक फणनवीस व उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारीयो के प्रति आभार व्यक्त करने पहुंचे जहाँ पदाधिकारियो का फटाकों व फूल मालाओं से स्वागत कर बधाई दी गयी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे, निगम अध्यक्ष हरिनारायण धकेता, प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक विभाग अनीस खान, शहर जिला कांग्रेस महामन्त्री हनी ग्रेवाल व नासिर जिंदरान, पूर्व गौसेवा आयोग उपाध्यक्ष मन्ना यादव, पार्षद ऋषि शास्त्री, कुलदीप कुरेंजकर, आशीष रामटेके, वीरेंद्र ऊके, अशोक परिहार, मुकेश सोनवानी, रविराज श्रीवास्तव, तिलक वर्मा, प्रवीण झलके, ऋतुराज, संतोष कुंजाम, किशन ठाकुर, महबूब आलम, परसु यादव, राहुल यादव आदि अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# मायके जाने निकली तीजहारिन का बस से लाखों के जेवर पार

राजनांदगांव (दावा)। तीज पर्व पर मायके जाने निकली एक महिला का बस में लाखों रुपए का जेवर पार हो गया। बस में भीड़ का फायदा उठाते हुए किसी ने उक्त महिला का सोने का नेकलेस समेत चांदी के आभूषण पार दिया। घटना 5 सितंबर की दोपहर की बताई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगांव क्षेत्र के मुंगेरी की रहने वाली सरोज राजपूत तीजा मनाने के लिए डोंगरगांव से राजनांदगांव जाने के लिए एक बस में सवार हुई। महिला अपने चाची सास के साथ टेडेसरा जाने के लिए बस में सवार हुई। बस में अत्याधिक भीड़ होने की वजह से डोंगरगांव से राजनांदगांव तक खड़ी रही। राजनांदगांव से टेडेसरा जाने के लिए बस बदलने से पहले उसने अपने कंधे में रखे हैंडबैग को देखा, बैग का चैन खुला होने पर उसने जब जांच की तो एक तोला वजनी सोने का झुमका, डेढ़ तोला सोने का नेकलेस और 10 तोला चांदी की पायल बैग से गायब था। महिला के पौने 3 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात पर अज्ञात चोर ने हाथ साफ कर दिया।

कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि इस संबंध में महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। माना जा रहा है कि डोंगरगांव और राजनांदगांव के बीच बस में अज्ञात चोर ने ताक लगाकर घटना को अंजाम दिया है।



राजनांदगांव ( दावा )। हरतालिका तीज के अवसर पर महिलाएं इंदिरा सरोवर लोहार पारा में पूजा-पाठ कर घर पर तीज की स्थापना कर आज रात भर भजन कीर्तन व जगराता कर सुबह विसर्जन करेगी।

# आरपीएफ ने रेलवे टिकट दलाल को दबोचा, पर्सनल यूजर आईडी से देता था कंफर्म टिकट

रायपुर(दावा)। रेलवे सुरक्षा बल ने मंदिर हसौद इलाके के चंद्रखुरी में पर्सनल यूजर आईडी से ट्रेनों का आरक्षित टिकट बनाकर बेचते हुए अश्वनी वर्मा (28) को गिरफ्तार किया है। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 36 हजार रुपये कीमत का 39 ई टिकट बरामद किया गया। रेलवे सुरक्षा बल के सहायक उपनिरीक्षक एसके राठौर ने बताया कि नरदहा रोड चंद्रखुरी स्थित डिजिटल सेवा सर्विस पाइंट की आड़ में अश्वनी वर्मा कई दिनों से रेलवे का आरक्षित ई-टिकट बनाकर बेचता आ रहा था। शिकायत मिलने पर डिटेक्टिव विंग की टीम ने वहां दबिश दी। आरक्षित ई-टिकट बनाने के संबंध में अश्वनी ने बताया कि वह मोबाइल रिपेयरिंग के साथ सभी प्रकार के ऑनलाइन काम के साथ पर्सनल यूजर आईडी का उपयोग कर रेलवे के वेबसाइट पर जाकर आरक्षित ई-टिकट बनाता है। उसने पर्सनल यूजर आईडी के साथ इससे बने 39 टिकट भी पेश किया।

# खिलाड़ियों के लिये बेहतर सुविधाओं हेतु विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रयास से हुई स्थाई व्यवस्था

- विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के अथक प्रयासों से दिग्विजय स्टेडियम परिसर में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा की होगी स्थापना
- राजनांदगांव में खेल और आर्थिक विकास को एक साथ जोड़ता नया कदम

राजनांदगांव (दावा)। विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के समर्पण और नेतृत्व में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिसमें स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया की शाखा को कामठी लाइन से स्थानांतरित कर दिग्विजय स्टेडियम परिसर में स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इस निर्णय के परिणामस्वरूप, स्थानीय निवासियों और खिलाड़ियों को बैंकिंग सेवाओं का लाभ सहजता से प्राप्त होगा और स्टेडियम के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान होगा।

इस शाखा के लिए 5000 वर्ग फुट जमीन और पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इसके लिए हर माह 3,10,000 का किराया दिग्विजय स्टेडियम समिति को प्रदान किया जाएगा। इस राशि का उपयोग स्टेडियम में बुनियादी ढांचे के विस्तार, नई सुविधाओं के निर्माण और खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण व आवश्यक संसाधनों की सुविधा प्राप्त कराने में किया जाएगा। इस पर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि, यह कदम राजनांदगांव में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने और स्थानीय युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए एक बड़ा अवसर है।

# केंद्रीय मंत्री ने रेल अधिकारियों संग बैठक की, रेलवे के अफसरों की कार्यप्रणाली को लेकर जताई नाराजगी

रायपुर। बिलासपुर में केंद्रीय राज्यमंत्री की अध्यक्षता में रेल अधिकारियों के साथ सांसदों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें बिलासपुर रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले सात सांसद, राज्यसभा सदस्य, प्रतिनिधि, रेलवे जीएम व अन्य रेल अधिकारी शामिल हुए।



बैठक में बिलासपुर सांसद और केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया, सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, जांजगीर सांसद कमलेश जांगड़े, शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह, बरगढ़ ओडिसा सांसद प्रदीप पुरोहित और कोरबा व सुंदरगढ़ सांसद के प्रतिनिधि बैठक में मौजूद रहे। सांसदों ने अपने-अपने क्षेत्र की मांगों, समस्याओं और प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए रेल अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर जमकर नाराजगी जताई। सांसदों का कहना था कि रेल अधिकारी सांसदों के प्रस्तावों पर न कोई जवाब देते हैं और न ही कोई कार्रवाई करते हैं। यही नहीं क्षेत्र व यात्री सुविधाओं के लिए जरूरी प्रस्तावों की भी अनदेखी की जाती है।

सांसदों ने इसके साथ ही लगातार ट्रेनों के रद्द होने, लेटलतीफी और स्टॉपेज खत्म करने के कारण रेल यात्रियों को हो रही परेशानी से भी अधिकारियों को अवगत कराया। सांसदों ने इस दौरान ट्रेनों के स्टॉपेज, तय समय में ट्रेनों के परिचालन, जनरल यात्री कोच बढ़ाने जैसी जरूरी मांगें भी रेलवे के सामने रखीं। बैठक की अध्यक्षता कर रहे केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने रेलवे के अधिकारियों को गंभीरता से सांसदों के प्रस्तावों और मांगों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने बिलासपुर मंडल में चल रहे रेल विकास के कार्यों को भी तय समय में पूर्ण करते हुए रेल सुविधाओं का विस्तार करने के लिए निर्देशित किया।

### देखो खुल गए भाग हमारे, गणपति राजा घर पधारे



## आवश्यकता है

सीजी बोर्ड के हिन्दी एवं इंग्लिस मीडियम स्कूल में पढ़ाने के लिये सभी विषयों के लिये क्वालिफाईड शिक्षकों की आवश्यकता है। प्रशिक्षित एवं अनुभवी शिक्षकों को प्राथमिकता दी जायेगी। बायोडाटा के साथ संपर्क करें-

**तारिक ललानी, प्राचार्य**
गुजराती राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक शाला, राजनांदगाँव (छ.ग.)
मोबाईल नं. : 9888966689

# धोखाधड़ी करने वाले अमित पांडे गिरफ्तार, समर्थ अभियान साइबर जागरूकता का दिखा ग्रामीणों में असर



### ट्रेक्टर का लोन सेटलमेंट कराने के नाम से कम ब्याज का लालच देकर किया धोखाधड़ी

खैरागढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डे, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़ लालचंद मोहले के मार्गदर्शन में थाना छुईखदान प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर गेन्दले के नेतृत्व में धोखाधड़ी करने वाले आरोपी के विरूध्द की गई त्वरित कार्यवाही पुलिस अधीक्षक के द्वारा चलाये जाने वाले समर्थ अभियान साइबर जागरूकता का कार्यक्रम 4 सितंबर को खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में वृहद रूप से जन जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसका प्रभाव ग्रामों में दिखा ग्रामीणों के द्वारा तुरंत धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पकड़कर पुलिस को दिये सूचना जिस पर से प्रार्थी संकलेश कुमार पिता हिसादार कंवर उम्र 33 साल निवासी गाडाडीह थाना छुईखदान ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि अमित पिता रवि पांडे ग्राम बरगाही राजनांदगांव द्वारा ट्रेक्टर लोन में छुट दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर 3200 रूपये ले लिया है कि रिपोर्ट पर आरोपी अमित पांडे पिता रवि पांडे उम्र 32 साल निवासी बरगाही थाना लालबाग के विरूद्ध थाना छुईखदान में अपराध क्रमांक 261/2024 धारा 318 बीएनएस पंजीबद्ध कर आरोपी अमित पांडे को दिनांक 05 सितंबर को गिरफ्तार कर, अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। आरोपी के द्वारा अन्य थाना क्षेत्रों में कई जगहों पर ग्रामीण जनों से इसी तरह से धोखाधडी किया गया है।

उपरोक्त कार्यवाही में उपनिरीक्षक बी.आर. सिन्हा, आरक्षक शिशुपाल साहू, आर रामेश्वर जंघेल, आर सुशील साय पैंकरा, आर प्रकाश सिदार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com